अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रूबियो का चार दिवसीय भारत दौरा किसी आम राजनयिक दौरे के सामान्य पड़ाव से कहीं बढ़कर है। यह वाशिंगटन द्वारा एक ऐसे रिश्ते को स्थिर कर उसे पटरी पर लाने के लिए नए सिरे से किए जाने वाले प्रयासों को भी रेखांकित करता है, जिन संबंधों में बीते कुछ समय से खासी उथल-पुथल रही है। यह शक्ति संतुलन की राजनीति के प्रति भारत के निरंतर परिपक्व होते परिष्कृत दृष्टिकोण को भी दर्शाता है। एक ऐसे दौर में जहां अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था विखंडन के दौर से गुजर रही है, वहां नई दिल्ली पश्चिमी देशों के नेतृत्व वाले क्वाड और गैर-पश्चिमी देशों के ब्रिक्स जैसे दोनों गठबंधनों के साथ जुड़ाव को और गहरा करके अपने रणनीतिक लचीलेपन को धार देने में लगी है।

रूबियो 23 से 26 मई के बीच भारत में रहेंगे। विदेश मंत्री के रूप में उनका यह पहला भारत दौरा है, जिसका प्रतीकात्मक एवं रणनीतिक दोनों स्तरों पर महत्व है। कोलकाता, जयपुर, आगरा और नई दिल्ली जैसे पड़ावों से गुजरने वाले उनके इस दौरे के बहुत गहरे निहितार्थ हैं, जिसके तार सभ्यतागत संपर्क को भू-राजनीतिक वास्तविकताओं के साथ जोड़ते हैं। स्वाभाविक है कि इसमें एक गंभीर कूटनीतिक एजेंडा भी है, जिसकी कड़ियां ऊर्जा सुरक्षा, व्यापारिक मुद्दों, रक्षा सहयोग और महत्वपूर्ण आपूर्ति श्रृंखलाओं के पुनर्गठन से जुड़ी हैं। इस यात्रा का समय भी विशेष रूप से महत्वपूर्ण है। ट्रंप प्रशासन के दूसरे कार्यकाल में भारत-अमेरिका संबंधों में टैरिफ, भारत की रूस के साथ निरंतर सक्रियता और क्वाड को लेकर शिथिलता के चलते तनाव दिखा है। इस परिदृश्य में रूबियो की भारत यात्रा वाशिंगटन की उसी मान्यता का प्रतीक है कि कतिपय असहमतियों के बावजूद भारत अमेरिका की हिंद-प्रशांत रणनीति के लिए अपरिहार्य बना हुआ है।

इस यात्रा के केंद्र में क्वाड विदेश मंत्रियों की बैठक है। भारत के अलावा अमेरिका, जापान और आस्ट्रेलिया क्वाड का हिस्सा हैं। समय के साथ क्वाड एक परामर्शीय मंच से बढ़कर हिंद-प्रशांत रणनीतिक ढांचे का एक केंद्रीय स्तंभ बनकर उभरा है। वाशिंगटन के लिए यह चीन के बढ़ते क्षेत्रीय प्रभाव को संतुलित करने के साथ ही तकनीकी समन्वय, समुद्री सुरक्षा और आपूर्ति श्रृंखला के लचीलेपन में बढ़ोतरी का एक माध्यम भी है। इसलिए क्वाड के आयोजन में रूबियो की उपस्थिति साझेदारों को यही आश्वस्त करने वाली है कि वैश्विक स्तर पर विभिन्न गतिरोधों के बावजूद अमेरिका हिंद-प्रशांत को लेकर उतना ही प्रतिबद्ध है। चूंकि क्वाड एक औपचारिक गठबंधन नहीं, इसलिए यह भारत के लिए किसी खांचे में बंधे बिना ही बहुत उपयोगी प्रतीत होता है। नई दिल्ली भी इसे सामरिक छत्र प्रदान करने वाले किसी समूह के बजाय लचीली रणनीतिक साझेदारी के रूप में ही देखती है। यह अंतर इसलिए महत्वपूर्ण है, क्योंकि क्वाड भारत को अपनी विदेश नीति स्वायत्तता से समझौता किए बिना ही रक्षा प्रौद्योगिकी, समुद्री सहयोग और भू-राजनीतिक समन्वय के अवसर प्रदान करता है।

क्वाड बैठक की मेजबानी से कुछ दिन पहले ही भारत ने ब्रिक्स विदेश मंत्रियों से जुड़ा आयोजन भी किया था। ब्रिक्स में अब पारंपरिक सदस्यों के साथ ईरान जैसे देश भी शामिल हैं। कुछ जानकारों के लिए दोनों स्तरों पर भारत की यह भागीदारी विरोधाभासी लग सकती है, लेकिन वास्तव में यह भारत की समकालीन विदेश नीति की तार्किकता को ही प्रदर्शित करती है, जो किसी एक रेखा में चलने के बजाय बहुस्तरीय सक्रियता को वरीयता देती है। वैसे भी ब्रिक्स के माध्यम से भारत के कई उद्देश्य पूरे होते हैं। वैश्विक दक्षिण की एक मुखर आवाज के रूप में भारत के कद को मजबूत बनाते हुए यह सहभागिता रूस के प्रति रणनीतिक सहयोग को दृढ़ता प्रदान करती है और बहुध्रुवीय अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को मजबूती देती है। ब्रिक्स भारत को वैश्विक शासन सुधार और आर्थिक पुनर्गठन पर बहस को आकार देने के लिए भी एक महत्वपूर्ण मंच प्रदान करता है। पश्चिम पर भारत की निर्भरता घटाता है। वस्तुतः ये दोनों साझेदारियां असंगति नहीं, अपितु रणनीतिक समायोजन अधिक है।

स्पष्ट है कि प्रतिस्पर्धी शक्ति केंद्रों के बीच भारत अपने प्रभाव को अधिकतम करने का प्रयास कर रहा है। देखा जाए तो ब्रिक्स और क्वाड की बैठकों की निकटता कोई संयोग नहीं, बल्कि प्रतिकूल भू-राजनीतिक मंचों के बीच भारत की सहजता से कार्य करने की क्षमताओं को दर्शाती है। संतुलन साधने की यह कवायद भी जटिलताओं से मुक्त नहीं है। जहां वाशिंगटन रूस और चीन से संबंधित मुद्दों पर भारत से अधिक समन्वय की अपेक्षा करता है। वहीं, भारत आर्थिक वास्तविकता, रक्षा निर्भरता और सुरक्षा चिंताओं के स्तर पर अपने हित सुरक्षित करने की कवायद में इसे लेकर भी सतर्क रहता है कि कहीं मास्को या बीजिंग इसे गलत अर्थों में न लें। वापस रूबियो की यात्रा की बात करें तो इसे वैश्विक राजनीति में एक व्यापक पुनर्संयोजन के तौर पर देखा जाना चाहिए। इसमें कोई संदेह नहीं कि तकनीकी आधुनिकीकरण, रक्षा परिवर्तन और आर्थिक विकास के लिए भारत को अमेरिका की आवश्यकता है, लेकिन भारत किसी खेमे से एकतरफा जुड़ाव न रखने को लेकर भी उतना ही दृढ़ है। इस संदर्भ में रूबियो की यात्रा भारत की समकालीन रणनीतिक पहचान को ही प्रदर्शित करती है।

नई दिल्ली अब केवल शक्ति समीकरणों को ही नहीं साध रही, अपितु ध्रुवीकृत दुनिया में वैश्विक परिणामों को आकार देने के लिए संबंधों, संस्थानों और अपेक्षाओं के स्तर पर भी संतुलन बना रही है। ऐसे में रूबियो के दौरे की सफलता बड़ी-बड़ी घोषणाओं से अधिक इस पर निर्भर करेगी कि दोनों पक्ष एक दूसरे की रणनीतिक आवश्यकताओं को किस प्रकार संबोधित करेंगे। विशेष रूप से भारत के इस रुख को देखते हुए कि वह नए दौर के शीत युद्ध में किसी खेमे का हिस्सा बनने के बजाय भावी बहुध्रुवीय ढांचे में स्वयं को एक स्वायत्त ध्रुव के रूप में देखता है।

(लेखक आब्जर्वर रिसर्च फाउंडेशन में उपाध्यक्ष हैं)

response@jagran.com

# फिर से न उभरने पाएं माओवादी



श्रवण गुप्त

**कांग्रेस के अलावा कई समूह ऐसे थे, जो माओवादियों से हमदर्दी रखते और उनके कृत्यों को भी अनदेखा करते थे**

माओवाद का जहर निकालने के बाद मोदी सरकार अब प्रभावित इलाकों की सुरक्षा और वहां विकास सुनिश्चित करने में जुट गई है। बीते दिनों बस्तर में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने यहां विकास न पहुंचने का कारण माओवाद को बताते हुए कहा कि गैर-भाजपा सरकारों ने तो माओवाद मुक्त अभियान में हमारा सहयोग किया, लेकिन कांग्रेस की सरकार ने नहीं किया। इस पर विचार करना आवश्यक है कि 1960 के दशक में बंगाल के नक्सलबाड़ी से उठा ये बवंडर कैसे 14 राज्यों के लगभग 150 जिलों तक फैल गया? कैसे माओवादी तिरुपति से लेकर पशुपतिनाथ तक लाल गलियारा बनाने में जुटे? आखिर वे कौन सरकारें थीं, जिन्होंने हजारों निर्दोष लोगों की हत्याएं करने वाले माओवादियों को फलने-फूलने दिया और उन्हें बिगड़ैल बच्चा कहकर आगे बढ़ाया?

यह अकारण नहीं है कि पीएम मोदी कांग्रेस को माओवाद समर्थक बताते हैं। कांग्रेस का इतिहास माओवाद के समर्थन का भी रहा है। वह माओवाद को एक सामाजिक-आर्थिक समस्या बताती रही। इसी के चलते 1970-80 के दशक में माओवादी फैलते चले गए। 1990 के दशक की शुरुआत में माओवादियों ने जब छत्तीसगढ़ में बस्तर के साथ ओडिशा, आंध्र और महाराष्ट्र के कुछ हिस्सों को मिलाकर दण्डकारण्य आदिवासी राज्य बनाने के लिए हिंसक गतिविधियां तेज कीं, तब भी कांग्रेस की सरकारें निष्क्रिय बनी रहीं। इस दौरान सैकड़ों जवान बलिदान हुए और निर्दोष नागरिक मारे गए। आंध्र की वाइएसआर रेड्डी की कांग्रेस सरकार ने तो 2004 में पीपुल्स वार ग्रुप से समझौता वार्ता तक कर ली थी। हालांकि टीडीपी का रुख खिलाफ रहा। 2003 में माओवादियों ने तत्कालीन मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू पर हमला भी किया था।

एक समय माओवादियों ने दक्षिण में अपना जंक्शन बना लिया था, जिसे वे केकेटी जोनल कमेटी कहते थे। केकेटी यानी केरल, कर्नाटक और तमिलनाडु। दक्षिण में माओवादियों का कितना असर था, इसका अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि उन्होंने यहीं आइईडी ब्लास्ट की तकनीक लिट्टे से सीखी थी। माओवादियों ने कांग्रेस को भी घाव दिए। 2013 में छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले की झीरम घाटी में उन्होंने घात लगाकर हमला किया, जिसमें राज्य कांग्रेस का लगभग पूरा नेतृत्व खत्म हो गया। इसके बाद कांग्रेस का रुख थोड़ा बदला, पर 2018 से 2023 तक छत्तीसगढ़ की बघेल सरकार ने माओवादियों के खिलाफ वैसा अभियान नहीं छेड़ा, जैसा आवश्यक था। जब 31 मार्च माओवाद के खात्मे की डेडलाइन थी, तब तेलगांना की कांग्रेस सरकार ने कहा कि राज्य में किसी माओवादी का एनकाउंटर नहीं होगा। यही वजह रही कि अन्य हिस्सों में जब माओवादियों का एनकाउंटर हो रहा था, तब तेलंगाना से किसी बड़े एनकाउंटर की खबर नहीं आई।





माओवाद प्रभावित क्षेत्रों में विकास की पहल। प्रेट्र

माओवादियों के खिलाफ देश के अलग-अलग हिस्सों में अभियान चल रहे थे, लेकिन संघर्ष क्षेत्र बस्तर यानी दण्डकारण्य और अबूझमाड़ का जंगल था। इसी दण्डकारण्य से तेलंगाना, आंध्र, ओडिशा की सीमा लगती हैं। यहां माओवादियों का जोर था। अबूझमाड़ से गढ़चिरौली-महाराष्ट्र की सीमा लगती है, जिसे पिछले सप्ताह आपरेशन अंतिम प्रहार के बाद आधिकारिक रूप से माओवाद से मुक्त घोषित किया गया।

अकेली कांग्रेस ही माओवादियों के प्रति नरम नहीं थी। अनेक ऐसे समूह भी थे, जो उनसे सहानुभूति रखते थे। 2003 में छत्तीसगढ़ में जब रमन सिंह की भाजपा सरकार आई तो पुलिस और अर्धसैनिक बलों को गुरिल्ला युद्ध का प्रशिक्षण देने के लिए नगालैंड आर्म्ड फोर्स की बटालियन बस्तर बुलाई गई। उसने बीजापुर के सलवा जुडूम के साथ मिलकर माओवादियों पर जबरदस्त दबाव बनाया। सलवा जुडूम ग्रामीणों का समूह था, जो माओवादियों के खिलाफ उठ खड़ा हुआ था। 2005 से 2007 के बीच नगा बटालियन ने माओवादियों की जड़ें हिला दी थीं। माओवाद समर्थकों से यह देखा नहीं गया। वामपंथियों ने छत्तीसगढ़ में नगा बटालियन भेजे जाने पर खूब हाय-तौबा मचाई। आखिर 2007 में उसे वापस बुला लिया गया। इससे माओवादियों का हौसला बढ़ा। उन्होंने 2007 में बीजापुर के रानी बोदली गांव में पुलिस कैंप पर हमला कर उसमें आग लगा दी, जिसमें 55 जवान जिंदा जल गए। 2010 में सुकमा में माओवादियों ने हमला किया, जिसमें सीआरपीएफ के 76 जवान बलिदान हो गए।

2010 ऐसा साल रहा, जिसमें सबसे ज्यादा हिंसा हुई। सलवा जुडूम को भी माओवादी समर्थकों ने चलने नहीं दिया। सुप्रीम कोर्ट में इसके खिलाफ याचिका दायर की गई। 2011 में सुप्रीम कोर्ट के जज बी. सुदर्शन रेडडी ने सलवा जुडूम को अवैध ठहरा दिया। गत वर्ष कांग्रेस ने इन्हीं सुदर्शन रेडडी को उपराष्ट्रपति पद का प्रत्याशी बनाया। शायद इसी कारण गृहमंत्री ने यह कहा कि आदिवासियों को दशकों तक गुमराह करने और खूनी खेल खेलने वाले लोग अब हार मान चुके हैं, पर वे शांत नहीं बैठेंगे। वे भेष बदलकर फिर से आ सकते हैं। साफ है कि इसके प्रति सतर्क रहना होगा कि माओवादी फिर सिर न उठाने पाएं।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं राजनीतिक विश्लेषक हैं)

response@jagran.com

### ऊर्जा

## परम शांति का मार्ग

यह मानव जीवन यांत्रिक और एकरस होने के लिए नहीं बना है। मनुष्य का अंतर्मन अनंत मुक्ति की चाह रखता है, जहां उसका आत्मा स्वच्छंद होकर विचरण कर सके, क्योंकि ठहराव जहां उलझन पैदा करता है, वहीं गतिशीलता जीवन का लक्षण है। प्रकृति ने सभी मनुष्यों की शारीरिक संरचना समान बनाई है। यद्यपि बाह्य समानता के भीतर प्राथमिकताओं और रुचियों का एक अनूठा वैचित्र्य छिपा है। हर व्यक्ति का स्वाद और दृष्टिकोण भिन्न है। जब इस वैचित्र्य में अनुकूलता नहीं बैठती और प्रतिकूल परिस्थितियां सामने आती हैं, तो मनुष्य का हृदय रुदन और क्रंदन से भर उठता है। वैचारिक विषमता ही समाज के क्लेश का मूल कारण बन जाती है। संप्रति, मानव का स्वभाव अत्यंत जटिल, अनेक रूपों वाला और विचित्र हो गया है। कदाचित, यही इस संसार का क्रम बन चुका है और इसी परिपाटी पर जगत गतिमान है।

यह जीवन यात्रा गर्भाधान के साथ प्रारंभ तो हो चुकी है, परंतु संसार के कोलाहल में भटके इस प्राणी को यह ज्ञात नहीं कि इसका अंतिम गंतव्य कहां है, इसका अंत कहां होगा? जैसे-जैसे मनुष्य भौतिकता की अंधी दौड़ में आगे बढ़ रहा है, वैसे-वैसे उसके जीवन से मानसिक शांति कोसों दूर होती जा रही है। आज मानवीय हृदय असीम ईर्ष्या, द्वेष और संकीर्णता के अंतहीन अंधकार से भरा हुआ है। परिणामस्वरूप, मनुष्य भीतर ही भीतर निरंतर व्यथित है और उसके अंतर्मन में विचारों का एक भयानक झंझावात, एक तीव्र चक्रवात उठ रहा है। इस अशांति के मरुस्थल में केवल हमारी प्राणवायु ही वह संजीवनी शक्ति है, जो हमें अस्तित्व में बनाए रखती है। यदि इस अशांत मन को स्थिरता, संतोष और समत्व के बिंदु पर रोक लिया जाए, तो वहीं से उस परम शांति के मार्ग का उदय होता है, जहां पहुंचकर जीवन धन्य हो जाता है।

आचार्य नारायण दास

# हीटवेव के प्रति सतर्कता बरतने का समय

ज्ञानेंद्र रावत

**पिछले एक सप्ताह से देश के अनेक इलाकों में भीषण लू चल रही है जिसके प्रति सतर्क रहना चाहिए**

देश के अधिकांश हिस्सों में भीषण गर्मी का कहर जारी है। दिल्ली-एनसीआर समेत उत्तर भारत के एक बड़े इलाके में लू का कहर भी देखा जा रहा है। इस कारण तापमान अब जानलेवा भी बन रहा है। कहा जा सकता है कि देश हीटवेव की भीषण चपेट में है। असलियत में हीटवेव कहें, उष्ण लहर कहें या फिर लू कहें, इसकी तीव्रता और घातकता में दिनोंदिन बढ़ोतरी हो रही है।

बढ़ते तापमान और गर्म हवा के भीषण थपेड़ों ने रातों में भी जीना मुश्किल कर दिया है। रातों में भी लू जैसे हालात से लोग चैन की नींद तक नहीं ले पा रहे हैं। जहां तक देश की राजधानी दिल्ली और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र का सवाल है, तो यहां तापमान 45 डिग्री के ऊपर पहुंच गया है। उत्तर-पश्चिम, मध्य भारत और देश के कई हिस्सों यथा- पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में अभी कुछ दिन तक भीषण लू का सामना करना पड़ेगा।

असल में तापमान में बढ़ोतरी से घातक लू चलने की घटनाओं में बीते दशकों में तेजी से वृद्धि हुई है। हर साल दुनिया में 1.53 लाख से ज्यादा लोगों की मौत लू के कारण होती है। इसमें पांचवें हिस्से से अधिक मौतें भारत में होती हैं। भारत के बाद चीन और रूस में लू से जुड़ी मौतें सर्वाधिक हैं। यहां लगभग 14 प्रतिशत मौतें हुई हैं। हर साल गर्मियों में होने वाली कुल मौतों में से लगभग आधी एशिया से और 30 प्रतिशत से अधिक यूरोप में हुई हैं। फिर जलवायु परिवर्तन ने एशिया में हीटवेव की तीव्रता को काफी बढ़ाने में अहम भूमिका निभाई है। इससे अरबों लोग प्रभावित हुए हैं। इस सच्चाई को झुठलाया नहीं जा सकता।

ज्यूरिख यूनिवर्सिटी के नए अध्ययन में यह जानकारी सामने आई है कि दुनिया में यदि इसी प्रकार प्रतिकूल मौसमी परिस्थितियों की घटनाओं में और बढ़ोतरी हुई तो उससे लू संबंधी मामलों में मृत्यु दर बढ़ने की आशंका को नकारा नहीं जा सकता। गौरतलब है वर्ष 2003 में यूरोप में 47.5 डिग्री सेल्सियस तापमान पहुंच गया था, जिससे लू लगने के दौरान 45 हजार लोगों की मौत हो गई थी। बीते 20 वर्षों में यह आंकड़ा एक लाख तक पहुंच गया है।

इसके अलावा, वर्ष 2013 से यूरोप, दक्षिण एशिया, दक्षिण अमेरिका, अमेरिका, कनाडा सहित दुनिया के 47 देशों के साढ़े सात सौ शहरों में गर्मी से संबंधी मृत्यु दर संबंधी आंकड़े के अध्ययन में यह तथ्य सामने आया कि लू से मरने वालों की संख्या में बढ़ोतरी हुई है। साथ ही विज्ञानियों ने कार्बन डाईआक्साइड में हुई रिकार्ड बढ़त और तापमान में निरंतर होती बढ़ोतरी के चलते हीटवेव की भयावहता की आशंका व्यक्त की है। ऐसे में प्रभावित इलाकों में रहने वाले लोगों को फिलहाल बहुत ही सतर्क रहने की आवश्यकता है।

(लेखक पर्यावरण विशेषज्ञ हैं)

### कारगर है किफायत का मंत्र

'केवल किफायत से नहीं चलेगा काम' शीर्षक से प्रकाशित आलेख में तरुण गुप्त ने मितव्ययिता के विभिन्न पहलुओं और विकास की संभावनाओं को रेखांकित किया है। आज की स्थिति यह है कि किफायत केवल आदत नहीं, बल्कि आवश्यकता भी है। भारत ने दुनिया को दिखाया है कि कम लागत में भी बड़े परिणाम हासिल किए जा सकते हैं। इसरो का मंगल मिशन, यूपीआइ डिजिटल भुगतान प्रणाली, सस्ती एवं प्रभावी दवाइयां और कम लागत वाले स्वास्थ्य माडल इसके उत्कृष्ट उदाहरण हैं। पश्चिमी देशों की तरह अत्यधिक खर्च करना हर समय प्रगति का संकेत नहीं होता। हमारे समक्ष वास्तविक चुनौती सस्ती वस्तुएं नहीं, बल्कि उत्पादों की लचर गुणवत्ता है। यदि भारत कम लागत में उच्च गुणवत्ता विकसित कर सके, तो वही उसकी सबसे बड़ी वैश्विक ताकत बन सकती है। दुनिया आज महंगे माडलों से थक रही है और टिकाऊ, सुलभ तथा किफायती समाधानों की तलाश कर रही है। हमें आधुनिक तकनीक, अनुसंधान और गुणवत्ता के स्तर पर प्रयासों को गति देने की आवश्यकता है। भविष्य केवल खर्च करने वालों का नहीं, बल्कि समझदारी से संसाधनों का उपयोग करने वालों का ही होगा। किफायत का मंत्र पूरी तरह कारगर होता है। इस मंत्र को अपनाकर ही हम भविष्य की संभावनाओं को साकार कर सकते हैं।

अनिकेत जायसवाल, दिल्ली विश्वविद्यालय

### समाप्त हो रहा शिक्षा का नैतिक पक्ष

शुक्रवार को प्रकाशित बद्री नारायण का लेख "कोचिंग संस्कृति की चपेट में शिक्षा" आज की शिक्षा व्यवस्था की भयावह सच्चाई को उजागर करता है। वास्तव में कोचिंग संस्कृति अब शिक्षा का पूरक नहीं, बल्कि उसकी विफलता का प्रतीक बन चुकी है। यह अत्यंत चिंताजनक है कि विद्यालय और विश्वविद्यालय केवल डिग्री बांटने के केंद्र बनते जा रहे हैं, जबकि वास्तविक शिक्षा का ठेका कोचिंग संस्थानों ने ले लिया है। यदि स्कूल-कालेज अपनी जिम्मेदारी ईमानदारी से निभा रहे होते, तो क्या बच्चों को सुबह विद्यालय और शाम को कोचिंग की "दोहरी कैद" झेलनी पड़ती? क्या पाठ्यक्रम से बाहर कुछ पूछा जाता है? नहीं। फिर भी विद्यार्थियों को यह भय दिखाया जाता है कि बिना कोचिंग सफलता असंभव है। कोचिंग संस्थानों ने शिक्षा को प्रतिस्पर्धा की अंधी दौड़ और मानसिक दबाव का बाजार बना दिया है। मध्यवर्गीय परिवार अपनी आय का बड़ा हिस्सा फीस में झोंकने को मजबूर हैं। कई अभिभावक कर्ज लेते हैं, अपनी जरूरतें त्यागते हैं, केवल इसलिए कि उनका बच्चा पीछे न रह जाए। यह स्थिति सामाजिक असमानता को और गहरा कर रही है, जहां आर्थिक रूप से कमजोर प्रतिभाएं संसाधनों के अभाव में दम तोड़ देती हैं। सबसे दुर्भाग्यपूर्ण पक्ष यह है कि बच्चे अब ज्ञान के लिए नहीं, बल्कि रैंक और पैकेज के लिए पढ़ने को विवश हैं। शिक्षा का मानवीय, नैतिक और रचनात्मक पक्ष समाप्त होता जा रहा है। यदि यही स्थिति रही, तो हमारे विद्यालय केवल औपचारिक भवन और शिक्षक मात्र उपस्थिति रजिस्टर तक सीमित रह जाएंगे।

बिमलेश कुमार सिंह चौहान, लखनऊ

## मेलबाक्स

### संरचनागत परिवर्तन की जरूरत

तरुण गुप्त का आलेख 'केवल किफायत से नहीं चलेगा काम' भारतीय अर्थव्यवस्था के समक्ष खड़े वास्तविक नीतिगत गतिरोधों को रेखांकित करता है। छोटी-मोटी बचतों या प्रतीकात्मक सुधारों के बजाय अब देश को भूमि, श्रम और पूंजी से जुड़े व्यापक संरचनात्मक बदलावों की आवश्यकता है। बुनियादी ढांचे को चार गुना बढ़ाने के साथ-साथ भूमि, श्रम और पूंजी के अगली पीढ़ी के सुधारों को तुरंत लागू किया जाना चाहिए। वैश्विक पर्यटन में भारत की मात्र एक प्रतिशत की हिस्सेदारी को बढ़ाने की आवश्यकता है, क्योंकि यह क्षेत्र विनिर्माण की तुलना में तीन गुना और बुनियादी ढांचे की तुलना में छह गुना अधिक रोजगार पैदा करने की क्षमता रखता है। राजनीतिक स्थिरता का लाभ उठाकर सरकार को ये साहसिक नीतिगत निर्णय प्राथमिकता से लेने चाहिए।

प्रमोद कुमार गोयल, मेरठ

**इस स्तंभ** में किसी भी विषय पर राय व्यक्त करने अथवा दैनिक जागरण के राष्ट्रीय संस्करण पर प्रतिक्रिया व्यक्त करने के लिए पाठकगण सादर आमंत्रित हैं। आप हमें पत्र भेजने के साथ ई-मेल भी कर सकते हैं।

**अपने पत्र इस पते पर भेजें :**

दैनिक जागरण, राष्ट्रीय संस्करण,
डी-210-211, सेक्टर-63, नोएडा
ई-मेल : response@jagran.com

संस्थापक- स्व. पूर्णचन्द्र गुप्त. पूर्व प्रधान संपादक- स्व. नरेन्द्र मोहन. नॉन एग्जीक्यूटिव चेयरमैन- महेन्द्र मोहन गुप्त. प्रधान संपादक- संजय गुप्त, जागरण प्रकाशन लि. के लिए: नीतेन्द्र श्रीवास्तव द्वारा 501, आई.एन.एस. बिल्डिंग, रफी मार्ग, नई दिल्ली-110001 से प्रकाशित और उन्हीं के द्वारा डी-210, 211, सेक्टर-63 नोएडा-201309 से मुद्रित, संपादक (राष्ट्रीय संस्करण) -विष्णु प्रकाश त्रिपाठी*
दूरभाष : नई दिल्ली कार्यालय : 011-43166300, नोएडा कार्यालय : 0120-4615800, E-mail: delhi@nda.jagran.com, R.N.I. No. DELHIN/2017/74721 *इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद दिल्ली न्यायालय के अधीन ही होंगे। हवाई/रेल शुल्क ₹-2 अतिरिक्त।

**37.17** लाख लोगों को कुत्ते काटने के मामले सामने आए देशभर में वर्ष 2024 में, स्वास्थ्य मंत्रालय के अंतर्गत कार्यरत नेशनल सेंटर फार डिजीज कंट्रोल के आंकड़ों के अनुसार, जिसका अर्थ है कि प्रतिदिन ऐसे मामलों की संख्या 10 हजार से भी अधिक है।



आजकल

# नागरिक सुरक्षा के साथ पशु कल्याण

सुप्रीम कोर्ट ने आवारा कुत्तों के हमलों की घटनाओं को गंभीरता से लेते हुए रेबीज से पीड़ित, लाइलाज बीमारी से ग्रस्त, खतरनाक व हिंसक कुत्तों को मारने की अनुमति दे दी है। हालांकि इसमें नियम-कानूनों का कड़ाई से पालन करना होगा। कोर्ट ने कहा कि गरिमापूर्ण जीवन के अधिकार में यह अधिकार शामिल है कि कोई व्यक्ति कुत्तों के काटने व उनके हमलों के खतरों के बिना स्वतंत्र रूप से घूम सके और सार्वजनिक जगहों पर जा सके। लिहाजा पशु कल्याण के साथ ही नागरिक सुरक्षा सर्वोपरि है



**कौशल किशोर**
सामाजिक मामलों के जानकार

खतरनाक कुत्तों के आक्रामक रवैये की वजह से पूरा देश परेशान है। काटने के औसतन दस हजार से भी ज्यादा मामले प्रतिदिन दर्ज किए जा रहे हैं। सुप्रीम कोर्ट इसका संज्ञान लेकर नागरिक सुरक्षा और पशु कल्याण के बीच संतुलन साधने का प्रयास करती है। बीते मंगलवार को सर्वोच्च न्यायालय ने हिंसक कुत्तों के प्रकोप से जुड़े मुकदमे में फैसला दिया है। इस केस की सुनवाई 29 जनवरी को ही पूरी हो चुकी थी। तभी से यह फैसला सुरक्षित था।

दरअसल यह समस्या इसलिए अधिक भयावह होती जा रही है, क्योंकि भारत में हजारों की संख्या में लोग इनका शिकार होने लगे हैं। सुप्रीम कोर्ट इस स्थिति का स्वतः संज्ञान लेकर जनता की सुरक्षा और पशु कल्याण के बीच संतुलन साधती प्रतीत होती है। इससे रेबीज से पीड़ित आक्रामक कुत्तों के लिए मृत्यु के प्रविधान को स्वीकृति मिलती है। पिछले साल सात नवंबर को ही उच्चतम न्यायालय ने सभी राज्यों और राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण को निर्देश दिया था। इसमें स्कूल और कालेज जैसे शिक्षण संस्थान, अस्पताल और राजमार्गों से आवारा-बेसहारा पशुओं को हटाने के संशोधित दिशानिर्देश शामिल हैं। फलस्वरूप पशु कल्याण बोर्ड ने मानक संचालन प्रक्रिया 27 नवंबर को जारी की और इसके विरुद्ध पशु अधिकार के पैरोकारों ने सुप्रीम कोर्ट का रुख किया था। इन मामलों पर विचार करके जस्टिस विक्रम नाथ, संदीप मेहता और एनवी अंजारिया की पीठ ने इन्हें खारिज कर दिया है। साथ ही पशु कल्याण के इस युग में नागरिकों की सुरक्षा को प्राथमिकता मिलती है। कोर्ट के आदेश पर अमल करने से निरंतर विकराल होती इस समस्या से राहत मिलेगी।

भारतीय संविधान के अनुच्छेद 21 में नागरिकों के लिए गरिमा के साथ जीने का अधिकार है। संविधान में ऐसे समाज की परिकल्पना नहीं है, जिसमें बच्चों और बुजुर्गों को शारीरिक बल या किस्मत के भरोसे जीने की मजबूरी हो। इस मामले में वास्तविकताओं की ओर देख कर आंखें नहीं फेरा जा सकता है। डाग बाइटिंग के डर से आजादी को भी जीने के अधिकार में शामिल किया गया है। पीठ ने साफ कहा कि ऐसी दशा में राज्य मूक दर्शक बन कर नहीं रह सकता है। साथ ही, राज्यों का दायित्व भी परिभाषित किया है।

पिछले साल जस्टिस जेबी पारदीवाला और आर महादेवन की डिवीजन बेंच के निर्णय के बाद से ही यह मामला निरंतर सुर्खियों में बना है। सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले में दिल्ली नगर निगम के अधिकारियों को आवारा कुत्तों को आश्रय स्थल भेजने का निर्देश दिया गया था।

एक अरसे से यह विरोध प्रदर्शन सड़क से न्यायालय तक दिख रहा है। बच्चे और बूढ़े अक्सर हिंसक कुत्तों का शिकार होने लगे हैं। छोटे बच्चों को काट खाने और गंभीर हमलों से जुड़े हृदयविदारक दृश्य इंटरनेट मीडिया पर भरे हुए हैं। स्थानीय निकायों की ओर से निष्क्रियता इस मामले में स्पष्ट दिखती है। लिहाजा उच्चतम न्यायालय ने इन सभी तथ्यों का संज्ञान लिया है। स्वास्थ्य मंत्रालय के अंतर्गत कार्यरत नेशनल सेंटर फार डिजीज कंट्रोल के आंकड़े बताते हैं कि वर्ष 2024 में कुत्तों के काटने के 37.17 लाख मामले देश भर में दर्ज किए गए थे। इसका मतलब यह है कि औसतन 10,183 मामले प्रतिदिन सामने आ रहे हैं।

**रेबीज का संक्रमण :** बंदर और कुत्ते जैसे जानवरों की वजह से रेबीज का संक्रमण फैलता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के आंकड़े बताते हैं कि दुनिया भर में होने वाले इस संक्रमण का 36 प्रतिशत भारत में दर्ज किया जा रहा है। क्या पशु अधिकार के पैरोकार इस विकट स्थिति को बढ़ावा देने में नहीं लगे हैं? आवारा कुत्तों के लिए खाने का प्रबंध करने वाले लोगों को पीड़ित पक्ष के बचाव के लिए भी सक्रियता का परिचय देना चाहिए।

मानव जीवन को नुकसान पहुंचाने वाले जंतुओं से सुरक्षा का मामला नया नहीं है। नगर पालिका और पंचायत स्थानीय स्तर पर खतरनाक कुत्तों के प्रकोप से बचने के लिए समुचित उपाय किए जाने चाहिए। आदमखोर जानवरों की तरह खतरनाक कुत्तों को भी मौत के घाट उतारने की परंपरा है। स्थापित पारंपरिक न्याय को पशु अधिकार समूह बदलने के प्रयास में लगा है। इन हिंसक कुत्तों की आबादी को नियंत्रित करने के लिए उठाए जा रहे कदमों की समीक्षा करते हुए न्यायालय ने पशु कल्याण सुनिश्चित करने का भी प्रयास किया है। साथ ही इस विषय में खतरनाक और संक्रामक कुत्तों से लोगों की सुरक्षा को सर्वोपरि माना गया है।

आज सुप्रीम कोर्ट भी मानती है कि इससे होने वाला नुकसान केवल आंकड़ों तक ही सीमित नहीं है। इसकी गंभीरता का अनुमान लगाना मुश्किल है। राज्यों में बधियाकरण अभियान बिना किसी सक्षम योजना के चलाए गए हैं। इस कारण इस फ्रेमवर्क का मूल उद्देश्य ही गुम हो गया है। पीठ यह मानती है कि यदि राज्यों ने दूरदर्शिता के साथ काम किया होता, तो आज स्थिति इतनी गंभीर और चिंताजनक नहीं हुई होती। बीते साल अगस्त और नवंबर में दिशानिर्देश जारी किया गया था। इसके बावजूद भी स्थिति दयनीय है। साथ ही, तथ्यों का अवलोकन कर महसूस किया कि कोर्ट के निर्देश जमीन तक नहीं पहुंच सके हैं। इस मुकदमे की सुनवाई के दौरान स्पष्ट कहा गया है कि भविष्य में निर्देश का पालन नहीं करने पर प्रशासन के विरुद्ध अवमानना की कार्रवाई की जाएगी। ऐसे में यह उम्मीद की जानी चाहिए कि आने वाले समय में खतरनाक कुत्तों से आम लोगों की सुरक्षा संभव हो सकती है।



अधिकांश शहरों, कस्बों और यहां तक कि गांवों में भी आवारा कुत्ते लोगों को काट रहे हैं, जिसका समाधान किया जाना चाहिए। फाइल

## जिम्मेदारी तय किए बिना कैसे बनेगी बात



**संतोष कुमार पाठक**
वरिष्ठ पत्रकार

उच्चतम न्यायालय ने आवारा कुत्तों की नसबंदी और दूसरी जगह भेजने के अपने पहले के आदेश को वापस लेने के लिए दायर की गई सभी याचिकाओं को खारिज कर दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने डाग लवर्स की याचिकाओं को खारिज करते हुए कहा कि यह अदालत देश भर में कुत्ता काटने की घटनाओं की अनदेखी नहीं कर सकती है। इसका सबसे ज्यादा शिकार बच्चे, महिलाएं और बुजुर्ग हुए हैं। सुप्रीम कोर्ट ने सख्त शब्दों में कहा कि सड़क के कुत्तों पर सात नवंबर, 2025 को दिया गया उनका आदेश ही लागू होगा। इन आदेशों को लागू करने वाले अधिकारियों को कानूनी सुरक्षा दी जाए और जो अधिकारी इनका पालन न करें, उन पर अवमानना की कार्रवाई की जा सकती है।

लेकिन क्या इससे देश के आम नागरिकों को खुश होना चाहिए? क्या इससे देश में आवारा कुत्तों से परेशान लोगों- खासकर बच्चों, महिलाओं और बुजुर्गों को राहत मिल पाएगी? यह इतना भी आसान नहीं है। जब तक किसी खास अधिकारी की जिम्मेदारी तय नहीं की जाएगी, तब तक इस समस्या का निदान नहीं हो सकता है। दरअसल, सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के बावजूद व्यावहारिक स्थिति तो यही है कि ज्यादातर राज्य सरकारें और जिला प्रशासन इसे गंभीरता से लेती नजर नहीं आ रही है। समय आ गया है कि हर जिले, हर राज्य में एक टोल फ्री नंबर जारी किया जाना चाहिए, जिसके माध्यम से इस समस्या की शिकायत की जा सके। साथ ही यह भी सुनिश्चित करना बहुत जरूरी है कि शिकायतों पर किस तरह की कार्रवाई की गई। इस काम को युद्धस्तर पर करने की जरूरत है, क्योंकि आवारा कुत्तों के काटने की समस्या दिन-प्रतिदिन भयावह होती जा रही है। सरकारी रिपोर्ट की मानें तो, भारत में हर साल रेबीज के कारण तीन सौ लोगों की मौत होती है। लेकिन विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, भारत में हर साल रेबीज के कारण 18 से 20 हजार लोगों की मौत हो जाती है। यहां इस बात का ध्यान रखना भी जरूरी है कि इस तरह के अधिकांश मामले आंकड़ों में दर्ज ही नहीं किए जाते हैं। वर्ष 2019 में हुई पशु जनगणना में देश में आवारा कुत्तों की संख्या 1.53 करोड़ बताई गई थी। लेकिन एक मोटे अनुमान के तौर पर यह माना जाता है कि देश में वर्तमान में इनकी संख्या लगभग पांच करोड़ है।

यह समस्या हर गुजरते दिन के साथ भयावह होती जा रही है। मोहल्लों, कालोनियों, सोसायटियों, यहां तक कि पार्कों में भी आवारा कुत्तों ने कब्जा जमा रखा है। लगभग हर स्थान पर आपको ऐसे लोग भी मिल जाएंगे जो इन्हें अपने घर ले जाकर खाना नहीं खिलाते हैं, बल्कि उनकी जिद होती है कि वो इन्हें बाहर ही खाना खिलाएंगे। रही-सही कसर देश के टीवी चैनलों पर आने वाले उन कार्यक्रमों ने पूरी कर दी है, जिनमें खास रंग के कुत्तों को खाना खिलाने पर किस्मत बदल जाने का सपना दिखाकर इस समस्या को और ज्यादा भयावह बना दिया है। ऐसे में सुप्रीम कोर्ट ने सार्वजनिक स्थानों को आवारा कुत्तों से मुक्त करने की बात को दोहराते हुए पहली बार रेबीज से संक्रमित, लाइलाज बीमारी से ग्रस्त या खतरनाक आवारा कुत्तों को मारे जाने की अनुमति दे दी है।

जब देश के करोड़ों लोगों- खासकर बच्चों, बुजुर्गों और महिलाओं का दिन कुत्तों के डर से शुरू होता है, तब देश की सर्वोच्च अदालत का सामने आकर सख्त फैसला देना थोड़ा सुकून तो देता है। लेकिन धरातल पर इस निर्णय को लागू करने के लिए जब तक किसी को जिम्मेदार नहीं ठहराया जाएगा, तब तक इस समस्या का अंत होने की उम्मीद दिखाई नहीं देती है। ऐसे माहौल में पशु प्रेमियों को भी अपनी जिम्मेदारी समझनी चाहिए।

खरी-खरी

## जवाब छुट्टी पर है

**विनय कुमार पाठक**

जैसे ही 'सवाल' शब्द दिमाग में आता है, सवालों की पूरी बारात उतर आती है। पहला सवाल यही खड़ा होता है कि क्या हर सवाल का जवाब संभव है। तभी भीतर कहीं से पुराना फिल्मी गीत बज उठता है- हर सवाल का जवाब नहीं मिल सकता...

हमारे यहां फिल्मों और गीतों ने जनता को जितने जवाब दिए हैं, उतने शायद विश्वविद्यालयों ने भी नहीं दिए। प्रेम हो, राजनीति हो या महंगाई, हर विषय पर कोई न कोई गीत पहले से तैयार मिलता है।

पुराने समय में सवाल-जवाब का अलग ही रुतबा था। शादी-ब्याह में वर और वधू पक्ष के पंडित घंटों सवाल-जवाब करते थे। उपस्थित लोग गंभीर मुद्रा में बैठे रहते, जबकि न सवाल समझ आता था, न जवाब। फिल्मों में भी लड़के-लड़कियों की टोलियां सवालों के गीत गाती थीं- 'एक सवाल मैं करूं, एक सवाल तुम करो।' कई नायक-नायिकाएं सवालों की भूलभुलैया में दिल तक हार बैठे।

सवाल को प्रश्न भी कहा जाता है। परीक्षा में यही प्रश्न 'क्वेश्चन' कहलाता है और प्रश्नों के समूह को- पेपर। हमारे देश में पेपर का एक विशेष गुण है- वह परीक्षा केंद्र पहुंचने से पहले ही जनता के बीच दर्शन दे देता है। मेडिकल प्रवेश परीक्षा हो, या कोई अन्य प्रतियोगिता परीक्षा, प्रश्नपत्र समय से पहले अवतरित हो जाता है। इसके बाद वही- जांच होगी, दोषी बख्शे नहीं जाएंगे।

कुछ सवाल ऐसे होते हैं जिनका जवाब सत्ता के पास भी नहीं होता। विपक्ष में रहते समय जो नेता महंगाई और बेरोजगारी पर धरना देते थे, सत्ता में आते ही वही सवाल असुविधाजनक लगने लगते हैं। पत्रकार पूछना चाहता है, पर उसके सामने नया सवाल खड़ा हो जाता है- इतनी हिम्मत लाऊं कहां से?

विज्ञापन जगत भी सवालों का बड़ा खिलाड़ी है। बच्चा पूछता है, 'मेलोडी इतनी चाकलेटी कैसे है?' तो उसका जवाब मिलता है, 'मेलोडी खाओ, खुद जान जाओ।' यानी जवाब भी दिया और नहीं भी दिया।

फिलहाल देश में सवालों की कमी नहीं है। कमी केवल जवाबों की है। लोग प्रश्न से कम, प्रश्नकर्ता से अधिक परेशान हो जाते हैं।

X पोस्ट

रणजी प्रदर्शन से छाप छोड़ने वाले आकिब नबी का टेस्ट टीम में चयन न होना हैरान करने वाला रहा। इससे भी अधिक हैरानी की बात यह है कि तेज गेंदबाजी की अच्छी समझ रखने वाले अजीत अगरकर के नेतृत्व वाली चयन समिति ने उन्हें अनदेखा किया।
अयाज मेमन@cricketwallah

काकरोच जनता पार्टी में कुछ भी स्वाभाविक नहीं है। यह एक भरोसेमंद विपक्ष बनाने का एक और प्रयास है, जिसे मीडिया द्वारा उसी तरह बढ़ावा दिया जा रहा है, जैसे आईएसी को बढ़ावा दिया गया था।
स्वाति चतुर्वेदी@bainjal



भाजपा के खिलाफ जो आया जल्दी पापुलर हुआ, चाहे कन्हैया हो, मेवाणी हो या पटेल। पार्टियों में भी आप बड़ी हो गई और अब काकरोच जनता पार्टी को भी फालोअर मिल गए। बस कांग्रेस और राहुल गांधी ही बड़े नहीं हो पा रहे भाजपा के विरुद्ध। आखिर क्यों?
नवीन चौधरी@naveen1003

जब तक कोचिंग माफिया हैं, पेपर लीक होते रहेंगे। सरकारें जब तक जड़ पर प्रहार नहीं करेंगी, तब तक समय-समय पर विद्यार्थी खून के आंसू रोते रहेंगे।
नवनीत मिश्र@navneetmishra99

जागरण जनमत — कल का परिणाम

**क्या ईरान को दी जा रही ट्रंप की धमकियां बेअसर साबित हो रही हैं?**




सभी आंकड़े प्रतिशत में

**आज का सवाल**

**क्या भारतीय टीम में चयन के लिए रणजी के प्रदर्शन को अनदेखा किया जा रहा है?**

परिणाम जागरण इंटरनेट संस्करण के पाठकों का मत है

जनपथ

जियो धुरंधर तुम रहो करते अपना काम,
एक-एक जल्लाद का करिए काम तमाम।
करिए काम तमाम रहें दहशत में पाकी,
आतंकी घुन एक धरा पर रहे न बाकी!
हाफिज और मसूद आजकल कांपें थर-थर,
कहता भारतवर्ष हर्ष से 'जियो धुरंधर'!!
-ओम प्रकाश तिवारी

बिहार डायरी

## सत्तारूढ़ दल से ही पूरी हो रही विपक्ष की कमी



**अरुण अशेष**
उप राजनीतिक संपादक, बिहार

स्वस्थ लोकतंत्र के लिए मजबूत विपक्ष जरूरी है। बिहार विधानसभा में कम संख्या बल के कारण विपक्ष कमजोर है। विपक्ष की मजबूती की लोकतांत्रिक मांग की पूर्ति सत्ता पक्ष के लोग ही कर रहे हैं। शुरुआत फरवरी में विधानसभा के बजट सत्र में हो गई थी। सत्ता पक्ष के प्रश्नों से ही सरकार परेशान हो गई थी। प्रश्न पूछने वाले अधिसंख्य वही सदस्य थे, जो पिछली कैबिनेट में मंत्री बने थे और नीतीश कुमार के नेतृत्व में 20 नवंबर को बनी सरकार में उन्हें उपकृत नहीं किया गया था। कुछ ऐसे भी लोग थे, जो स्वयं को मंत्री पद के उपयुक्त समझते थे। लेकिन, नेतृत्व ने उन्हें इसके पात्र नहीं समझा।

बजट सत्र में सरकार से कटु प्रश्न पूछने वाले मिथिलेश तिवारी और नीतीश मिश्रा को सम्राट चौधरी की कैबिनेट में जगह मिल गई है। भाजपा विधायक और पूर्व मंत्री जीवेश मिश्रा को जगह नहीं मिल पाई है। उनके प्रश्न कुछ अधिक तीक्ष्ण थे।

फरवरी के बजट सत्र के बाद बहुत कुछ बदला। 15 अप्रैल को पहली बार भाजपा के सम्राट चौधरी के नेतृत्व में एनडीए की सरकार बनी। उनके कैबिनेट का विस्तार भी हो गया। 243 सदस्यीय विधानसभा में मुख्यमंत्री सहित अधिकतम 36 लोग मंत्री बन सकते हैं। अभी कैबिनेट में कुल 35 लोग हैं। मंत्री का केवल एक पद खाली है। अब अगले सत्र में पता चलेगा कि मंत्री न बन सके सत्तारूढ़ दल के विधायक सरकार के लिए कितनी परेशानी पैदा करते हैं। अगला सत्र जुलाई में संभव है। बीच की अवधि में भी विपक्ष की कमी की भरपाई सत्तारूढ़ दल के लोग कर रहे हैं। वे विपक्ष की शंकाओं का समाधान भी कर रहे हैं, लेकिन इस प्रयास में गठबंधन के आम कार्यकर्ताओं के बीच कुछ अधिक भ्रम उत्पन्न हो जा रहा है।

विपक्ष का आरोप है कि भाजपा ने सरकार का और खासकर नीतीश कुमार की पार्टी जदयू का अपहरण कर लिया है। केंद्रीय मंत्री और जदयू के वरिष्ठ नेता राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह ने इसका उत्तर दिया- सम्राट चौधरी को नीतीश कुमार ने ही मुख्यमंत्री बनाया है। नीतीश ने उन्हें अपना उत्तराधिकारी चुना है। ललन सिंह ने कुछ नया नहीं कहा। यह चर्चा पहले ही दिन से चल रही है कि नीतीश कुमार ने सम्राट चौधरी के नाम पर अपना वीटो लगा दिया था। अब नया प्रश्न यह पूछा जा रहा है- नीतीश कुमार के पुत्र निशांत की क्या भूमिका होगी? क्योंकि जदयू के कार्यकर्ता उन्हें नीतीश कुमार के उत्तराधिकारी के रूप में प्रस्तुत कर रहे हैं। उन्हें भ्रमण के लिए जिलों में भी भेजा गया था। भ्रमण से लौटते ही उन्हें स्वास्थ्य मंत्री बना दिया गया। यह संभव नहीं है कि मंत्री पद पर रहते हुए निशांत मुक्त होकर क्षेत्र भ्रमण करें। उनका सचिवालय में रहना भी जरूरी है।



बिहार विधानसभा में कभी कभार दिख जाता है सत्ता पक्ष के सदस्यों का विपक्ष की तरह रुख। फाइल

हालांकि ललन सिंह की टिप्पणी के बाद जदयू के उन कार्यकर्ताओं के मन में संतोष का भाव उत्पन्न हुआ है, जो विपक्ष के इस आरोप से विचलित थे कि नीतीश कुमार को षड्यंत्र के माध्यम से हटा दिया गया। बिहार की राजनीति में चुनाव के समय टिकट की खरीद-बिक्री की चर्चाएं इतनी आम हो जाती हैं कि इस विषय पर कोई प्रतिवाद नहीं करता है। ऐसे सभी दल, जिनकी उम्मीदवारी पर जीत की गारंटी या अधिक संभावना रहती है, टिकट खरीद-बिक्री की चर्चा में आ ही जाते हैं। आश्चर्यजनक यह कि इस मोर्चे पर कोई दल अपवाद नहीं है। चर्चाओं की पुष्टि इस तथ्य से भी होती है कि रातोंरात कोई खिलाड़ी किसी अपरिचित दल की ओर से मैदान में उतर जाता है। यह लेन-देन रिकार्ड में नहीं रहता है। यदि कोई हितधारक प्रभावित हो, तभी यह प्रकट होता है।

पूर्व सांसद आनंद मोहन जदयू के सदस्य नहीं हैं। उनकी पत्नी लवली आनंद जदयू की सांसद और पुत्र चेतन आनंद विधायक हैं। वर्ष 2020 में चेतन आनंद राजद टिकट पर विधायक बने थे। फरवरी 2024 में राजद में रहते उन्होंने नीतीश कुमार की सरकार की ओर से प्रस्तुत विश्वास मत के प्रस्ताव के पक्ष में मतदान किया था। विश्वास मत में सहयोग के बदले चेतन आनंद को मंत्री पद की अपेक्षा थी। वह पूरी नहीं हुई। आनंद मोहन बिना किसी का नाम लिए इन दिनों जदयू के कुछ नेताओं पर नीतीश कुमार को अंधेरे में रखकर थैली के आधार पर विधायकों को टिकट और बाद में मंत्री पद देने का आरोप लगा रहे हैं। वह इस आरोप को चुनौती देते हैं कि उनकी अप्रसन्नता पुत्र को मंत्री पद न मिलने को लेकर है। कह रहे हैं कि नीतीश कुमार ने ही चेतन को बड़ी जवाबदेही देने का भरोसा दिया था। खैर, इस बहस का मूल तत्व यही है कि विधानसभा सत्र की तरह यहां भी विपक्ष के कर्तव्य का निर्वहन सत्तारूढ़ दल से जुड़े नेता ही कर रहे हैं। विपक्ष, जिसके अपने पास सरकार पर हमला करने के लिए कोई कारगर हथियार नहीं है, इस स्थिति का आनंद ले रहा है।

मंथन

## साइबर ठगों का नया हथियार

डिजिटल भुगतान के बढ़ते प्रसार के साथ ही नए तरीकों से लोग ठगी का शिकार भी हो रहे हैं। गिफ्ट कार्ड स्कैम- ठगों के लिए एक नया हथियार आया है जिसके प्रति सावधान रहना चाहिए



**आलोक वर्मा**
वरिष्ठ पत्रकार




भारत में जितनी तेजी से डिजिटल भुगतान व्यवस्था बढ़ी है, साइबर अपराध करने के तरीके भी उतनी ही तेजी से बदलते गए हैं। पहले आनलाइन ठगी का मतलब फर्जी काल, ओटीपी चोरी या बैंक खाते से अवैध निकासी माना जाता था, जिसके प्रति लोग सतर्क रहते हैं। साइबर ठगों ने अब नया रास्ता खोज लिया है। यह रास्ता है गिफ्ट कार्ड स्कैम का। तमाम डिजिटल वाउचर अब ठगों के लिए 'डिजिटल नकदी' का रूप ले चुके हैं। विभिन्न रिपोर्टों के अनुसार, पिछले दो वर्षों में 'गिफ्ट कार्ड स्पैम' के मामलों में 25 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। भारत सरकार गृह मंत्रालय के अधीन भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र और राष्ट्रीय अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल पर हर माह हजारों शिकायतें दर्ज हो रही हैं। साइबर हेल्पलाइन पर बढ़ती काल यह संकेत देती है कि डिजिटल फ्राड अब दैनिक जीवन तक पहुंच चुका है।

गिफ्ट कार्ड मूलतः ग्राहकों की सुविधा के लिए बनाए गए थे। लोग इन्हें उपहार के तौर पर इस्तेमाल करते हैं या आनलाइन सेवाओं और खरीदारी में उपयोग करते हैं। लेकिन साइबर अपराधियों ने इसकी सबसे बड़ी कमजोरी पहचान ली। गिफ्ट कार्ड में पारंपरिक बैंकिंग ट्रांजेक्शन की तरह पहचान सत्यापन का सिस्टम नहीं है। जैसे ही कार्ड नंबर और पिन किसी दूसरे व्यक्ति के पास पहुंचता है, पैसा तुरंत इस्तेमाल किया जा सकता है। यही वजह है कि साइबर ठग लोगों से अब सीधे बैंक खाते में पैसा मंगवाने के बजाय गिफ्ट कार्ड खरीदने और उसका कोड साझा करने पर जोर देते हैं।

ग्रामीण इलाकों में भले ही इस श्रेणी के ठगी के आंकड़े कम हों, लेकिन महानगरों और डिजिटल भुगतान पर निर्भर शहरी आबादी के बीच ऐसे मामलों में वृद्धि हो रही है। वस्तुतः गिफ्ट कार्ड स्कैम की सबसे बड़ी ताकत मनोवैज्ञानिक दबाव है। ठग पीड़ित को सोचने का मौका नहीं देते हैं। वे स्वयं को पुलिस अधिकारी, बैंक कर्मचारी, अधिकारी या रिश्तेदार बताकर तुरंत भुगतान का दबाव बनाते हैं। कई मामलों में कर्मचारियों को कंपनी के सीईओ या मैनेजर के नाम से ईमेल भेजे जाते हैं। इन मेल में कहा जाता है कि 'मीटिंग में हूं, गिफ्ट कार्ड खरीदकर कोड भेजो।' कर्मचारी दबाव में बिना पुष्टि किए ऐसा कर देते हैं।

साइबर अपराध की दुनिया में गिफ्ट कार्ड पसंद करने की बड़ी वजह भी है। यदि किसी व्यक्ति ने बैंक ट्रांसफर किया है तो कुछ परिस्थितियों में शिकायत और ट्रैकिंग संभव होती है, लेकिन गिफ्ट कार्ड कोड साझा होने के बाद महज कुछ सेकेंड में ही इस्तेमाल हो जाता है। कई बार ये कोड अंतरराष्ट्रीय आनलाइन मार्केट में बेच दिए जाते हैं। इस वजह से जांच एजेंसियों के लिए अपराधियों तक पहुंचना और भी कठिन हो जाता है। राष्ट्रीय अपराध रिकार्ड ब्यूरो के आंकड़े बताते हैं कि भारत में साइबर अपराध के मामलों में निरंतर वृद्धि हो रही है। आनलाइन वित्तीय धोखाधड़ी सबसे तेजी से बढ़ते श्रेणियों में शामिल है। भारतीय रिजर्व बैंक भी लोगों को डिजिटल भुगतान से जुड़ी सावधानी के बारे में चेतावनी जारी करता है। इसके बावजूद जागरूकता की कमी बड़ी चुनौती बनी हुई है।

गिफ्ट कार्ड स्कैम का असर केवल आर्थिक नुकसान तक सीमित नहीं रहता। कई मामलों में अपराधी इसके माध्यम से निजी जानकारी भी हासिल कर लेते हैं। इसके बाद पहचान चोरी और बैंकिंग धोखाधड़ी जैसे दूसरे अपराध भी किए जाते हैं। एक बार ठगी का शिकार हुए लोगों को बाद में दोबारा निशाना बनाए जाने की आशंका भी बढ़ जाती है, क्योंकि अपराधियों के नेटवर्क में उनका डाटा साझा हो जाता है।

इस समस्या का सबसे प्रभावी समाधान जागरूकता है। सबसे पहला नियम यही है कि कोई भी सरकारी एजेंसी, पुलिस विभाग, बैंक या प्रतिष्ठित कंपनी गिफ्ट कार्ड के माध्यम से भुगतान नहीं मांगती है। यदि कोई ऐसा दावा करता है तो उसे तुरंत संदेह की नजर से देखा जाना चाहिए। किसी भी आपातकालीन या दबाव वाले संदेश की स्वतंत्र पुष्टि जरूरी है। यदि काल बास या रिश्तेदार के नाम पर आया है तो सीधे उनके आधिकारिक नंबर पर संपर्क करना चाहिए। ईमेल, मैसेज में प्रयुक्त डोमेन नाम, भाषा और लिंक की जांच भी आवश्यक है। कई बार मामूली स्पेलिंग बदलाव के जरिये नकली वेबसाइट तैयार कर ली जाती है। डिजिटल भुगतान करने वाले लोगों, खासकर बुजुर्गों और किशोरों को साइबर सुरक्षा संबंधी बुनियादी प्रशिक्षण देना समय की आवश्यकता है।

गिफ्ट कार्ड स्कैम इस बात का उदाहरण है कि अपराधी तकनीक से ज्यादा इंसानी मनोविज्ञान का इस्तेमाल कर रहे हैं। ऐसे में साइबर सुरक्षा अब केवल तकनीकी विषय नहीं है, बल्कि सामाजिक और आर्थिक सुरक्षा का अहम हिस्सा बन चुकी है। डर, भरोसा और जल्दबाजी साइबर अपराधियों के सबसे बड़े हथियार हैं। डिजिटल युग का सबसे महत्वपूर्ण सुरक्षा मंत्र यही है कि यदि कोई आपसे गिफ्ट कार्ड से भुगतान मांग रहा है, तो रुकिए, जांच कीजिए और सतर्क हो जाइए। प्रक्रिया को आगे बढ़ाने से पहले अपनी ओर से सौ प्रतिशत संतुष्ट हो जाएं, ताकि किसी प्रकार की ठगी की आशंका ही न रहे।

## 12 जून को बंद होगा आरबीएल बैंक का ओपन आफर

**नई दिल्ली:** आरबीएल बैंक में 26 प्रतिशत अतिरिक्त हिस्सेदारी खरीदने के लिए दुबई के एमिरेट्स एनबीडी बैंक ने ओपन आफर लेकर आएगा। यह ओपन आफर 1-12 जून तक खुलेगा। एक रेग्युलेटरी फाइलिंग के अनुसार, एनबीडी बैंक इस ओपन आफर में आरबीएल बैंक के 415,586,443 तक पूरी तरह से पेड-अप इक्विटी शेयर खरीदेगा। ओपन आफर के लिए शेयर की कीमत 280 रुपये प्रति इकाई तय की गई है। साथ ही 2.38 रुपये प्रति यूनिट का लागू ब्याज भी शामिल है। (प्रेट्र)



हम वर्ष 2030 तक भारत में 10 नए माडल लांच करने की योजना बना रहे हैं। इसमें इलेक्ट्रिक व्हीकल और काम्पैक्ट एसयूवी भी शामिल होंगी।

**– ताकाशी नाकाजिमा, सीईओ, होंडा कार्स इंडिया लिमिटेड**

| | | |
|---|---|---|
| संसेक्स | 75,415.35 | ▲ 231.99 |
| निफ्टी | 23,719.30 | ▲ 64.60 |
| सोना प्रति दस ग्राम | ₹ 1,64,900 | ▼ ₹ 600 |
| चांदी प्रति किलो ग्राम | ₹ 2,71,000 | (बदलाव नहीं) |
| डालर | ₹ 95.60 | ▼ ₹ 0.76 |
| क्रूड प्रति बैरल | $ 104.7 | |

## एक नजर में

### 600 रुपये सस्ता हुआ सोना, चांदी में बदलाव नहीं

**नई दिल्ली:** अमेरिका और ईरान के बीच बातचीत में शुरुआती प्रगति के कारण कीमती धातुओं की खरीद में कमी आई है। इससे शुक्रवार को राजधानी दिल्ली में सोने की कीमत में 600 रुपये की गिरावट दर्ज की गई। अब इसका मूल्य 1,64,900 रुपये प्रति दस ग्रा पर आ गया है। हालांकि, चांदी की कीमत 2.71 लाख रुपये प्रति ग्राम पर अपरिवर्तित रही। लेमन मार्केट्स डेस्क के शोध विश्लेषक गौरव गर्ग ने कहा कि सराफा बाजार भू-राजनीतिक तनाव और रुपये की अस्थिरता से प्रभावित है। (प्रेट्र)

### मजबूत बिक्री से सनफार्मा का शुद्ध लाभ 26% बढ़ा

**नई दिल्ली:** भारत में बिक्री में मजबूत वृद्धि के चलते जनवरी-मार्च 2026 तिमाही के दौरान सन फार्मास्यूटिकल्स इंडस्ट्रीज का शुद्ध लाभ 26.2 प्रतिशत बढ़कर 2,714.03 करोड़ रुपये रहा है। कंपनी ने शुक्रवार को बताया कि पिछले वर्ष समान अवधि में उसको 2,149.88 करोड़ रुपये का लाभ हुआ था। बीती तिमाही में कंपनी का संचालन राजस्व बढ़कर 14,611.79 करोड़ रुपये रहा है, जो जनवरी-मार्च 2025 में 12,958.84 करोड़ रुपये था। कंपनी बोर्ड ने पांच रुपये प्रति शेयर के अंतिम लाभांश की सिफारिश की है। (प्रेट्र)

### दो कंपनियों को मिली आइपीओ लाने की मंजूरी

**नई दिल्ली:** कैपिटल मार्केट रेग्युलेटर सेबी ने दो कंपनियों को आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आइपीओ) लाने की मंजूरी दी है। इन कंपनियों में कोटेक हेल्थकेयर और दीपा ज्वेलर्स शामिल हैं। मसौदा दस्तावेजों के अनुसार, कोकेट हेल्थकेयर के आइपीओ में 295 करोड़ रुपये के नए शेयर और 60 लाख प्रमोटर शेयर बिक्री के लिए पेश किए जाएंगे। दीपा ज्वेलर्स के आइपीओ में 250 करोड़ रुपये के नए शेयर और 1,18,48,340 करोड़ रुपये के प्रमोटर शेयर बिक्री के लिए पेश किए जाएंगे। (प्रेट्र)

# ईवी लोन पर घट सकती है ब्याज दर

## इलेक्ट्रिक कार व दोपहिया की खरीदारी प्रोत्साहित करने के लिए दरों में कमी संभव

**जागरण ब्यूरो, नई दिल्ली :** इलेक्ट्रिक वाहनों की खरीदारी को प्रोत्साहित करने के लिए लोन पर लिए जाने वाले इलेक्ट्रिक कार और दोपहिया वाहनों की ब्याज दरों में कमी की जा सकती है। इलेक्ट्रिक बस और ट्रक की खरीदारी के लिए भी सभी बैंकों को लोन मुहैया कराने का निर्देश दिया गया है। अभी दो दिन पहले भारी उद्योग मंत्रालय की तरफ से सरकारी और निजी दोनों प्रकार के बैंकों से इलेक्ट्रिक बस व ट्रक की खरीदारी से जुड़े लोन को लेकर बैठक की गई है। इलेक्ट्रिक बस और ट्रक की खरीदारी के लिए सरकार ब्याज दरों में तीन से पांच प्रतिशत की छूट दे सकती है, जिसका भुगतान सरकार करेगी। वहीं इस लोन के कुछ हिस्से की गारंटी भी सरकार लेगी।

सूत्रों का कहना है कि इलेक्ट्रिक कार व दोपहिया लोन की ब्याज दरों को भी कम करने के लिए वित्त मंत्रालय की तरफ से बैंकों को कहा गया है। अभी इलेक्ट्रिक कार की खरीदारी पर 7.60 प्रतिशत से लेकर 11.50 प्रतिशत का ब्याज लगता है। देश के सबसे बड़े बैंक एसबीआइ में इस लोन की दर 8.9-11.50 प्रतिशत तक है। इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहनों पर लोन की दर 10 से लेकर 20 प्रतिशत तक है। हालांकि इलेक्ट्रिक कार व दोपहिया वाहन के लोन की ब्याज दरों को कम करने का फैसला पूरी तरह बैंकों पर निर्भर है। पश्चिम एशिया संकट को देखते हुए अभी पेट्रोल और डीजल की किल्लत कायम रहने की आशंका जताई जा रही है। ऐसे में सरकार पेट्रोल व डीजल के वैकल्पिक साधन को अधिक से अधिक प्रोत्साहित करना चाहती है। इसलिए बैंकों को इनके लोन की दर कम करने के लिए कहा जा रहा है। फेडरेशन आफ आटोमोबाइल डीलर्स एसोसिएशन (फाडा) के आंकड़ों के मुताबिक इस साल अप्रैल में कार की कुल बिक्री में इलेक्ट्रिक कार की हिस्सेदारी छह प्रतिशत हो गई, जो पिछले साल 3.7 प्रतिशत थी। इस साल मार्च में यह हिस्सेदारी 5.1 प्रतिशत थी। वैसे ही बाजार में दोपहिया वाहनों की बिक्री में इलेक्ट्रिक की हिस्सेदारी इस साल मार्च में 9.8 प्रतिशत तक पहुंच गई जो पिछले साल अप्रैल में 5.5 प्रतिशत थी।

- इलेक्ट्रिक बस और ट्रक की खरीदारी पर सरकार ब्याज में दे सकती है तीन से पांच प्रतिशत तक छूट
- अभी इलेक्ट्रिक कार की खरीदारी पर 7.60 प्रतिशत से लेकर 11.50% तक का लगता है ब्याज



**6** प्रतिशत है अभी कुल बिक्री में इलेक्ट्रिक कारों की हिस्सेदारी

### सोलर पैनल के लिए भी कम दर पर लोन दें बैंक

बैंकों को घरों पर सोलर पैनल लगवाने के लिए भी कम दर पर अधिक से अधिक लोन वितरित करने के लिए कहा जा रहा है। अभी आम लोगों को यह नहीं पता है कि वे घरों में सोलर पैनल लगवाने के लिए बैंकों से लोन ले सकते हैं। पंजाब नेशनल बैंक रूफटाप सोलर पैनल लगवाने के लिए 6.5 प्रतिशत की दर से लोन दे रहा है।

## आठ अरब डालर घटा विदेशी मुद्रा भंडार

**मुंबई, प्रेट्र:** बीते सप्ताह देश के विदेशी मुद्रा भंडार में 8.094 अरब डालर की गिरावट रही है। आरबीआइ की ओर से शुक्रवार को जारी डाटा के अनुसार, 15 मई को समाप्त सप्ताह में कुल विदेशी मुद्रा भंडार घटकर 688.894 अरब डालर रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 11 मई को विदेशी मुद्रा की बचत के लिए देशवासियों से विदेश यात्रा में कटौती करने, ईंधन का सीमित इस्तेमाल करने और एक साल तक सोना खरीदने से परहेज करने की अपील की है।

आरबीआइ के डाटा के अनुसार, बीते सप्ताह विदेशी मुद्रा आस्तियों (एफसीए) में 6.483 अरब डालर की कमी आई है और अब यह घटकर 545.904 अरब डालर रह गई हैं। इसी तरह, स्वर्ण भंडार का मूल्य 1.536 अरब डालर घटकर 119.317 अरब डालर रहा गया है। इससे पिछले सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार 6.295 अरब डालर बढ़कर 696.988 अरब डालर हो गया था।

# पश्चिम एशिया में संकट से प्रभावित हुई वैश्विक आर्थिकी

**मुंबई, प्रेट्र:** आरबीआइ ने शुक्रवार को कहा कि पश्चिम एशिया संघर्ष के बीच वित्तीय हालात, कच्चे तेल की कीमतें और पूंजी प्रवाह बाह्य क्षेत्र के परिदृश्य के लिए चुनौतियां बने हुए हैं। मई बुलेटिन में एक आर्टिकल में कहा गया है कि पश्चिम एशिया में अनिश्चितताओं से वैश्विक अर्थव्यवस्था पर असर पड़ा है। हालांकि, इसमें यह भी कहा गया है कि अप्रैल में घरेलू आर्थिक गतिविधियों में मजबूती दिखी। इस दौरान औद्योगिक और सेवा क्षेत्र के कई सेगमेंट मजबूत बने रहे। बता दें कि बाह्य क्षेत्र परिदृश्य का अर्थ उस अर्थव्यवस्था के बाकी दुनिया के साथ होने वाले आर्थिक लेनदेन (आयात-निर्यात, विदेशी निवेश और विनिमय दर) से है

आर्टिकल में कहा गया है कि गर्मियों में बोआई अच्छी हुई और प्री-मानसून बारिश और जलाशयों में पर्याप्त पानी से समर्थन मिला। आर्टिकल में कहा गया है कि अप्रैल में उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआइ) आधारित महंगाई दर बढ़कर 3.5 प्रतिशत हो गई, जो मुख्य रूप से खाद्य पदार्थों के दामों में आई तेजी की वजह से आई। आर्टिकल में कहा गया है कि पश्चिम एशिया में चल रहा संघर्ष कमोडिटी मार्केट, ग्लोबल ट्रेड फ्लो और सप्लाई चेन पर दबाव डालता रहा, जिससे वित्तीय बाजार में उतार-चढ़ाव आया। हालांकि, इस दौरान भारत की मैक्रोइकोनमिक स्थिति मजबूत रही और घरेलू मांग में वृद्धि इसका मुख्य चालक बनी।



- आरबीआइ ने कहा- कच्चे तेल की कीमतों में तेजी और पूंजी प्रवाह बने हुए हैं चुनौती
- गर्मियों में बोआई अच्छी हुई और जलाशयों में पर्याप्त पानी से समर्थन मिला

### अभी ब्याज दर बढ़ाने के पक्ष में नहीं आरबीआइ

**जाब्यू, नई दिल्ली:** आरबीआइ अभी ब्याज दरों को बढ़ाने के पक्ष में नहीं है। सूत्रों के मुताबिक, केंद्रीय बैंक रुपये की गिरावट को रोकने के लिए आपातकालीन बैठक करने या रेपो रेट में बढ़ोतरी करने पर फिलहाल विचार नहीं कर रहा है। अगले महीने की शुरुआत में मौद्रिक नीति समिति की बैठक होने वाली है, जिसमें ब्याज दरों पर फैसला होगा। कुछ एजेंसियों ने अनुमान लगाया था कि पश्चिम एशिया के विवाद के कारण केंद्रीय बैंक इस बार ब्याज में बढ़ोतरी कर सकता है, लेकिन विश्वस्त सूत्र इससे इन्कार कर रहे हैं। आरबीआइ मानता है कि मौजूदा हालात चिंताजनक हैं लेकिन अभी इंतजार करने की नीति ज्यादा सही रहेगी।

# 50-60 टन घट सकती है सोने की मांग

**मुंबई, प्रेट्र:** वर्ल्ड गोल्ड काउंसिल (डब्ल्यूजीसी) का कहना है कि आयात शुल्क में वृद्धि से कैलेंडर वर्ष 2026 में भारत में सोने की मांग में 50-60 टन की कमी आ सकती है। यह पिछले वर्ष की तुलना में लगभग 10 प्रतिशत कम होगी। केंद्र सरकार ने हाल ही में सोने पर आयात शुल्क को छह से बढ़ाकर 15 प्रतिशत किया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की एक वर्ष तक सोने की खरीद से बचने की अपील के बाद आयात शुल्क बढ़ा गया है।

डब्ल्यूजीसी ने भारत में सोने के बाजार को लेकर जारी ताजा अपडेट में कहा कि सोने की कीमत, आय स्तर में परिवर्तन, महंगाई और मानसून जैसे अन्य कारक भी सोने की वार्षिक मांग को प्रभावित करेंगे। डब्ल्यूजीसी के अनुसार, हमारे हमारे अर्थशास्त्रीय माडल बताते हैं कि आयात शुल्क में परिवर्तन का सोने की मांग पर अल्पकालिक और दीर्घकालिक दोनों प्रभाव पड़ता है। आभूषण की खपत अधिकतर कीमतों और महंगाई से प्रभावित होती है, जबकि निवेश मांग आय स्तरों और आयात शुल्क से जुड़ी होती है। उच्च शुल्क और प्रतिबंध मांग पर दबाव डालते हैं।

डब्ल्यूजीसी ने कहा कि 2013 से 2026 के बीच आयात शुल्क में वृद्धि के बाद अनौपचारिक सोने के प्रवाह में वृद्धि देखी गई है। जुलाई 2024 में शुल्क छह प्रतिशत करने के बाद अनौपचारिक आयात लगभग तुरंत ही शून्य के करीब गिर गया था।



- वर्ल्ड गोल्ड काउंसिल ने मांग में 10 प्रतिशत कमी आने का अनुमान जताया
- आयात शुल्क में हालिया बढ़ोतरी को मांग में कमी का प्रमुख कारण बताया

### 13-15 प्रतिशत तक घट सकती है स्वर्ण आभूषणों की खुदरा बिक्री

रेटिंग एजेंसी क्रिसिल रेटिंग्स ने एक रिपोर्ट में अनुमान जताया है कि चालू वित्त वर्ष 2026-27 के दौरान भारत के संगठित स्वर्ण आभूषण की खुदरा बिक्री में 13-15 प्रतिशत की और गिरावट आने की संभावना है। पिछले साल इसमें आठ प्रतिशत की गिरावट आई थी। इसकी मुख्य वजह सोने की ऊंची कीमतें और हाल ही में बढ़ाई गई आयात शुल्क दरें हैं। हालांकि, ऊंची कीमतों से होने वाली अधिक कमाई के कारण यह क्षेत्र वार्षिक आधार पर 20-25 प्रतिशत की मजबूत राजस्व वृद्धि हासिल करने की स्थिति में है।

बिजनेस से जुड़ी खबरों और अपडेट के लिए स्कैन करें या विजिट करें jagran.com

# दो दिनों में डालर के मुकाबले 126 पैसे मजबूत हुआ रुपया

**मुंबई, प्रेट्र:** कच्चे तेल की कीमतों में नरमी और आरबीआइ के संभावित हस्तक्षेप से रुपया शुक्रवार को लगातार दूसरे दिन डालर के मुकाबले 76 पैसे चढ़कर 95.60 पर बंद हुआ। गुरुवार को रुपया अपने सर्वकालिक निचले बंद स्तर से उबरते हुए 50 पैसे की तेजी के साथ 96.36 प्रति डालर पर बंद हुआ था। इस तरह रुपया दो दिनों में डालर के मुकाबले 126 पैसे मजबूत हुआ है।

विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो की टिप्पणी से बाजार को कुछ राहत मिली। उन्होंने संकेत दिया था कि ईरान से जुड़े मुद्दे पर कूटनीतिक वार्ता रचनात्मक दिशा में आगे बढ़ रही है। इसके अलावा घरेलू शेयर बाजारों में तेजी और अमेरिकी बांड पर रिटर्न में गिरावट से भी रुपये को बल मिला।

### बैंकों में खरीदारी से 231 अंक बढ़ा सेंसेक्स

**मुंबई, प्रेट्र:** बैंकिंग शेयरों में खरीदारी और सकारात्मक वैश्विक संकेतों के बदौलत घरेलू शेयर बाजार कारोबारी सप्ताह के अंतिम दिन शुक्रवार को बढ़त के साथ बंद होने में कामयाब रहे। बीएसई सेंसेक्स 231.99 अंक की तेजी के साथ 75,415.35 अंक पर जाकर बंद हुआ। इंट्रा-डे में यह 627.61 अंक बढ़कर 75,810.97 अंक तक पहुंचा था। एनएसई का निफ्टी 64.60 अंक बढ़कर 23,719.30 पर जाकर बंद हुआ। सेंसेक्स में ट्रेंट, आइसीआइसीआइ बैंक, एक्सिस बैंक, एशियन पेंट्स, हिंदुस्तान यूनिलीवर, एचडीएफसी बैंक, कोटक महिंद्रा बैंक और बजाज फाइनेंस में तेजी रही।

### 100 रुपये प्रति डालर से घबराए नहीं आरबीआइ: पनगढ़िया

**नई दिल्ली, एएनआइ:** 16वें वित्त आयोग के चेयरमैन अरविंद पनगढ़िया ने आरबीआइ को एक अहम सलाह दी है। उन्होंने कहा है कि आरबीआइ को 100 रुपये प्रति डालर के मनोवैज्ञानिक स्तर से घबराना नहीं चाहिए और मौजूदा हालात में सही तरीका यही है कि घरेलू करेंसी को कमजोर होने दिया जाए। एक्स पर आरबीआइ को टैग करते हुए पनगढ़िया ने कहा कि 100 रुपये प्रति डालर का आंकड़ा 99 और 101 की तरह ही एक संख्या है। उन्होंने कहा कि अगर तेल की कमी थोड़ी समय के लिए (3 महीने से एक साल तक) होती है तो शुरुआत में रुपया कमजोर होगा, लेकिन तेल आयात बिल कमजोर होने के बाद यह काफी हद तक संभल जाएगा। इसके अलावा, विदेशी पूंजी भी सस्ते रुपये का फायदा उठाने के लिए भारत का रुख करेगी।

## राष्ट्रीय फलक

# जोधपुर से दिल्ली कैंट तक चलेगी बीस कोच वाली वंदे भारत ट्रेन: अश्विनी वैष्णव

**जासं, जोधपुर**

- जैसलमेर को गुजरात से जोड़ने के लिए साबरमती-जोधपुर सुपरफास्ट एक्सप्रेस का विस्तार
- नवनिर्मित कोच केयर काम्प्लेक्स का भी वर्चुअल माध्यम से किया उद्घाटन

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव व केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने शुक्रवार को हरी झंडी दिखाकर जोधपुर से दिल्ली कैंट तक चलने वाली बीस कोच वाली वंदे भारत ट्रेन का उद्घाटन किया। बीस कोच वाली इस नई वंदे भारत के शुरू होने से दिल्ली जाने वाले यात्रियों को वेटिंग लिस्ट से बड़ी राहत मिलेगी। साथ ही जैसलमेर के नवनिर्मित कोच केयर काम्प्लेक्स का भी वर्चुअल माध्यम से उद्घाटन किया गया। पर्यटन नगरी जैसलमेर को गुजरात से सीधे जोड़ने के लिए साबरमती-जोधपुर सुपरफास्ट एक्सप्रेस का जैसलमेर तक विस्तार किया गया है। दोनों मंत्रियों ने इस विस्तारित ट्रेन को भी वर्चुअल हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

समारोह को संबोधित करते हुए रेल मंत्री ने कहा कि पश्चिमी राजस्थान से देश के विभिन्न हिस्सों में हमारे प्रवासी रहते हैं, जहां भी जाते हैं, सबकी एक ही मांग होती है कि ट्रेनें चलाई जाएं। इसी को ध्यान में रखते हुए चेन्नई, हैदराबाद, पुणे समेत कई नई ट्रेनें शुरू की गई हैं। जोधपुर में कोचिंग टर्मिनल बनाने का फैसला लिया गया है, जिससे भविष्य में और ज्यादा नई गाड़ियां शुरू हो सकेंगी। वंदे भारत स्लीपर ट्रेन भी शुरू हो चुकी है। यात्रियों की भारी मांग को देखते हुए इस ट्रेन को आठ कोच से बढ़ाकर बीस कोच का कर दिया गया है। इससे ट्रेन की यात्री क्षमता 530 से बढ़कर सीधे 1440 हो गई है। भगत की कोठी में वंदे भारत स्लीपर कोचिंग टर्मिनल का काम शुरू हो गया है, जिससे राजस्थान में स्लीपर वंदे भारत ट्रेनें चल सकेंगी। जोधपुर से हरिद्वार के लिए ट्रेन शुरू करने की लंबे समय से मांग की जा रही थी। आने वाले दस महीनों के अंदर यह ट्रेन शुरू हो जाएगी। समारोह को केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने भी संबोधित किया।



जोधपुर में वंदे भारत ट्रेन के उद्घाटन पर यात्रियों से बातचीत करते रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव।

## वंदे भारत समेत 155 ट्रेनों के ड्राइवर-गार्ड को मिलेगा 'हाई-स्पीड' भत्ता

**जागरण संवाददाता, प्रयागराज :** रेलवे ने पटरियों पर बढ़ती तेज गति को लक्ष्य तक पहुंचाने वाले 'रनिंग स्टाफ' को बड़ा प्रोत्साहन दिया है। रेलवे बोर्ड ने वंदे भारत समेत देश की 155 प्रमुख ट्रेनों को आधिकारिक तौर पर 'हाई-स्पीड' श्रेणी में शामिल कर लिया है। इस निर्णय से इन ट्रेनों का संचालन करने वाले हजारों लोको पायलट, सहायक लोको पायलट और ट्रेन मैनेजर (गार्ड) के भत्तों में पांच से 10 हजार रुपये तक की वृद्धि का रास्ता साफ हो गया है।

अभी तक वंदे भारत और कई अन्य महत्वपूर्ण ट्रेनें पटरियों पर दौड़ तो रही थीं, लेकिन तकनीकी रूप से 'हाई-स्पीड' सूची में शामिल न होने के कारण उनके स्टाफ को विशेष भत्ते का लाभ नहीं मिल पा रहा था। रेलवे बोर्ड ने 21 मई को 155 हाई स्पीड ट्रेनों की सूची जारी की है। इसमें वंदे भारत, राजधानी, शताब्दी, दुरंतो के साथ-साथ प्रयागराज एक्सप्रेस, शिवगंगा और श्रमशक्ति जैसी ट्रेनों को भी जगह दी गई है।

# यूक्रेन युद्ध में 49 भारतीयों की मौत, 217 के रूसी सेना में शामिल होने की जानकारी: केंद्र

- सुप्रीम कोर्ट में केंद्र सरकार की स्टेटस रिपोर्ट, 139 भारतीयों को रूस से वापस लाया गया
- आकर्षक वेतन और बोनस के लालच में रूस पहुंचे थे कई भारतीय नागरिक

**नई दिल्ली, प्रेट्र:** केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट को बताया है कि रूस-यूक्रेन युद्ध के दौरान अब तक 217 भारतीय नागरिक रूसी सेना में शामिल हुए हैं, जिनमें से 49 लोगों की मौत हो चुकी है। सरकार ने यह भी कहा कि लगातार कूटनीतिक प्रयासों के जरिए 139 भारतीयों को रूसी सेना के अनुबंध से मुक्त कराकर सुरक्षित भारत वापस लाया गया है। सुप्रीम कोर्ट में दाखिल स्टेटस रिपोर्ट में केंद्र ने बताया कि छह भारतीय अब भी लापता हैं, जबकि 23 अन्य लोगों की स्थिति स्पष्ट नहीं हो सकी है। मास्को स्थित भारतीय दूतावास रूसी अधिकारियों के साथ लगातार संपर्क में है और इन लोगों का पता लगाने की कोशिश कर रहा है।

यह मामला उस याचिका से जुड़ा है जिसमें आरोप लगाया गया था कि नौकरी के नाम पर रूस गए 26 भारतीयों को कथित तौर पर जबरन रूसी सेना में भर्ती कर यूक्रेन के खिलाफ युद्ध के मोर्चे पर भेज दिया गया। याचिकाकर्ताओं ने सरकार से इन भारतीयों की सुरक्षित वापसी सुनिश्चित करने की मांग की थी। प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जोयमाल्या बागची और न्यायमूर्ति विपुल एम पंचोली की पीठ इस मामले की सुनवाई कर रही है। सुनवाई के दौरान केंद्र की ओर से अतिरिक्त सालिसिटर जनरल ऐश्वर्या भाटी ने सरकार की स्थिति अदालत के सामने रखी।

रिपोर्ट के मुताबिक, जिन 26 लोगों का याचिका में उल्लेख किया गया है, उनमें से 14 की मौत होने की जानकारी मिली है। वहीं 11 अन्य को रूसी अधिकारियों ने मिसिंग इन एक्शन बताया है या उनका परिवारों से संपर्क नहीं हो पा रहा है। एक अन्य भारतीय को छेड़छाड़ के मामले में आठ साल की सजा सुनाई गई है। केंद्र ने अदालत को यह भी बताया कि लापता लोगों की पहचान और शवों के मिलान के लिए 21 परिवारों के डीएनए नमूने रूस भेजे गए हैं। सरकार का कहना है कि सभी मामलों को प्राथमिकता के आधार पर देखा जा रहा है और प्रभावित परिवारों को लगातार जानकारी दी जा रही है। सरकार के अनुसार, शुरुआती जांच में सामने आया है कि कई भारतीय आकर्षक वेतन, बोनस और रूसी नागरिकता के वादों से प्रभावित होकर रूसी सेना में शामिल हुए। रिपोर्ट में कहा गया है कि भर्ती के समय करीब 5,000 डालर का साइनिंग बोनस, लगभग 2,500 डालर मासिक वेतन और युद्ध में मौत होने पर परिवार को करीब 1.68 लाख डालर मुआवजा देने का प्रस्ताव दिया गया था।

# सिस्टम हैक कर सामने वाले घर से प्रश्नपत्र हल कर रहा था साल्वर गैंग

**जागरण संवाददाता, रांची**

- रांची पुलिस ने एसएससी जीडी कांस्टेबल नियुक्ति परीक्षा में आनलाइन केंद्र पर पकड़ा फर्जीवाड़ा
- गिरफ्तार किए गए चारों आरोपित बिहार निवासी, परीक्षा पास कराने के नाम पर लाखों की हुई वसूली

रांची पुलिस ने एसएससी (कर्मचारी चयन आयोग) की ओर से आयोजित जीडी कांस्टेबल नियुक्ति परीक्षा में आनलाइन परीक्षा केंद्र का कंप्यूटर सिस्टम हैक कर अभ्यर्थियों को पास कराने वाले संगठित गिरोह का पर्दाफाश किया है। मामले में केंद्र अधीक्षक समेत बिहार के चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इनके पास से कंप्यूटर सिस्टम, मोबाइल, बैंक चेक और अभ्यर्थियों के मूल शैक्षणिक प्रमाण पत्र सहित कई सामान बरामद किए गए हैं।

पुलिस के अनुसार, टाटीसिलवे थाना क्षेत्र के डोल बगीचा स्थित आनलाइन परीक्षा केंद्र के कंप्यूटर सिस्टम को रिमोट एक्सेस के माध्यम से दूसरी जगह से संचालित किया जा रहा था। परीक्षार्थी के बजाय सिस्टम को रिमोट एक्सेस से नियंत्रित कर रहे लोग परीक्षा के सवाल हल कर रहे थे। जांच में यह भी सामने आया कि परीक्षा पास कराने के लिए अभ्यर्थियों से छह से 10 लाख रुपये तक की वसूली हुई थी।

रांची के वरीय पुलिस अधीक्षक को सूचना मिली थी कि आनलाइन परीक्षा केंद्र जीनियस इंस्टीट्यूट आफ टेक्नोलाजी में कर्मचारी चयन आयोग की ओर से आयोजित एसएससी जीडी कांस्टेबल परीक्षा के दौरान कंप्यूटर सिस्टम हैक करने की कोशिश हुई है। जांच में पता चला कि परीक्षा शुरू होने से पहले एक कंप्यूटर को री-स्टार्ट किया गया था और उसे दूरस्थ माध्यम से नियंत्रित किया जा रहा था। इससे सिस्टम हैकिंग की पुष्टि हुई।

# साफ्टवेयर से बुना भ्रम जाल, तेजी से बढ़ता दिखता निवेश का पैसा

**एसके सिंह • जागरण**

- वेबसाइट और एप बनाकर ठगे 22 करोड़, टेलीग्राम चैनल पर लुभाते थे ठग

**संतकबीर नगर :** शेयर मार्केट में मोटा मुनाफा दिलाने का झांसा देकर 22 करोड़ ठगने वाले गिरोह का तरीका ऐसा था कि जो भी झांसे में आता खुशी-खुशी लुटता जाता। मास्टरमाइंड दंपती ने ट्रेडिंग व निवेश के लिए वेबसाइट और एप बनवाए थे। इसके साफ्टवेयर के डेटा बेस में निवेशकों को हर दिन उनका धन तेजी से बढ़ता दिखाया जाता था। यही वर्चुअल मुनाफा देखकर लोग भरोसा करते गए और ठगी के जाल में फंसते चले गए। तीन वर्षों में 250 से अधिक लोगों को शिकार बनाने वाले इस गिरोह ने लोगों को फांसने के लिए लखनऊ, गोरखपुर और संतकबीर नगर में कार्यालय भी खोल रखे थे।

ठगी का कारोबार चलाने वाले कुशीनगर के धनंजय शुक्ल और उसकी पत्नी रजनी प्रजापति ने सबसे पहले टीवीएस साल्यूशन के नाम से फर्म बनाई। जीएसटी पंजीकरण कराया और उसी नाम से वेबसाइट बनवाई। इसके साथ ही एआइआइपीएल एप बनाया और उसे वेबसाइट से लिंक किया था। लिंक से एप खोलने पर यह शेयर मार्केट की तरह दिखता था। फर्क सिर्फ इतना था कि यहां डीमैट अकाउंट की कोई जरूरत नहीं थी। निवेशकों से यूपीआइ या बैंक ट्रांसफर के जरिये अलग-अलग खातों में रकम जमा कराई जाती थी। एप में न्यूनतम 180 दिन के लिए निवेश कराया जाता था और जमा रकम एपीआइ (एप्लीकेशन प्रोग्रामिंग इंटरफेस) के जरिये निवेशकों के वालेट में बैलेंस के रूप में दिखाई जाती थी। एप में दिखाई देने वाला बैलेंस असली नहीं, बल्कि सिर्फ एप के डेटाबेस में दर्ज एक आंकड़ा था। ठग समय-समय पर रिटर्न आफ इंटरेस्ट बढ़ाकर लोगों को अधिक निवेश के लिए उकसाते रहते थे। बड़ी रकम निवेश कराने के लिए शुरुआती एक-दो महीने तक लाभ भी दिया जाता था। छोटी रकम की निकासी आसानी से कर दी जाती थी, ताकि भरोसा बना रहे। लेकिन, जैसे ही बड़ी रकम जमा हो जाती थी, निकासी पर एरर, केवाईसी या तकनीकी दिक्कतों का बहाना बना भुगतान रोक दिया जाता था।



रजनी प्रजापति



धनंजय शुक्ला।

# एक्सप्रेसवे पर डंपर से टकराई बस बनी आग का गोला, दो की जलने से मौत

**जागरण संवाददाता, फिरोजाबाद**

- आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे पर मटसेना क्षेत्र में गुरुवार रात दो बजे हुई दुर्घटना

आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे पर डंपर चालक को नींद आने से बड़ी दुर्घटना हो गई। गुरुवार रात दो बजे औरैया से आगरा की ओर जा रहा डंपर डिवाइडर से टकराकर पलट गया। पीछे चल रही स्लीपर कोच बस उससे टकरा गई। टक्कर से डंपर में आग लग गई, जिसकी लपटों ने बस को भी आग के गोले में बदल दिया। बस चालक और एक महिला यात्री की जलकर मौत हो गई। हादसे के समय बस में 32 सवारियां थीं। इनमें 18 घायल हुए। 12 ने खिड़कियों से कूदकर जान बचाई। दुर्घटना के चलते एक्सप्रेसवे की एक लेन तीन घंटे तक बंद रही।

कानपुर से शताब्दी ट्रेवल्स की बस गुरुवार रात नौ बजे गुरुग्राम के लिए निकली थी। दो बजे मटसेना क्षेत्र के माइलस्टोन 46 पर बस के आगे चल रहे डंपर चालक को झपकी आ गई। इससे डंपर लहराते हुए डिवाइडर से टकरा गया। पीछे से आ रही बस डंपर से टकराई। डंपर के पिछले और बस के अगले हिस्से में आग लग गई। चीख-पुकार के बीच किसी तरह दरवाजा खोलकर यात्रियों पे निकलना शुरू किया। फंसे रह गए यात्रियों को आपातकालीन द्वार का शीशा तोड़कर बाहर निकाला गया। दमकल की छह गाड़ियों ने आधे घंटे में आग पर काबू पाया।



फिरोजाबाद में लखनऊ एक्सप्रेस-वे पर गुरुवार रात मटसेना में डंपर से टकराने के बाद आग का गोला बनी स्लीपर बस। सौजन्य : पुलिस

6 | संपादकीय
जनसत्ता | 23 मई, 2026

कल्पमेधा

*अगर तुम उड़ नहीं सकते, तो दौड़ लगाओ। अगर दौड़ नहीं सकते, तो चलो। अगर चल नहीं सकते, तो रेंगो। मगर जो भी करो, तुम्हें आगे बढ़ते रहना है।*

*– मार्टिन लूथर किंग जूनियर*

# विकल्प की ऊर्जा

ईरान पर अमेरिका और इजराइल के साझा हमले के बाद समूचे मध्यपूर्व के इलाके में जैसे जटिल हालात पैदा हुए हैं, उसका स्वाभाविक असर वैश्विक पैमाने पर ऊर्जा की आपूर्ति पर पड़ा। हालांकि जब दोनों पक्षों के बीच चौदह दिनों के युद्धविराम की घोषणा हुई थी, तब उम्मीद जगी थी कि अब शायद ईरान होर्मुज जलमार्ग को भी खोल दे और कच्चे तेल तथा प्राकृतिक गैस की आपूर्ति बहाल हो। मगर उसके बाद ईरान और अमेरिका के बीच हुई शांति वार्ता नाकाम रही और इसी के साथ होर्मुज जलमार्ग की बहाली की उम्मीद एक बार फिर मंद पड़ गई। आज हालत यह है कि पश्चिम एशिया में जारी तनाव और आपूर्ति श्रृंखला बाधित होने का जिन देशों पर ज्यादा असर पड़ा है, वे अब ऊर्जा के वैकल्पिक स्रोतों पर विचार कर रहे हैं। गौरतलब है कि होर्मुज जलमार्ग बाधित होने के बाद तेल और गैस की व्यापक कमी के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को मंत्रिपरिषद की बैठक में कहा कि रसोई गैस के विकल्प के रूप में बायोगैस सहित अन्य वैकल्पिक ऊर्जा स्रोतों को हर हाल में बढ़ावा दिया जाए।

दरअसल, होर्मुज जलमार्ग से वैश्विक जरूरत के बीस से पच्चीस फीसद तेल और गैस की आपूर्ति होती है। भारत भी उन देशों में शामिल है, जिनकी खासी निर्भरता वहां से आने वाले ऊर्जा स्रोतों पर है। यही वजह है कि ईरान ने जब से होर्मुज जलमार्ग से जहाजों की आवाजाही पर रोक लगाई है और उसके बाद अमेरिका ने नाकाबंदी की, तब से देश घरेलू गैस और पेट्रोल-डीजल की व्यापक कमी का सामना कर रहा है। यों इस बीच सरकार ने रूस से तेल खरीद के रास्ते तैयार करने की कोशिश की, लेकिन अमेरिका के रुख की वजह से उसमें भी कई अड़चनें पेश आ रही हैं। ऐसे में फिलहाल सबसे बेहतर उपाय यही है कि दूसरे देशों पर निर्भरता को कम करने के लिए देश में ही वैकल्पिक ऊर्जा स्रोतों का ढांचा तैयार किया जाए। इस लिहाज से देखें तो देश में बायोगैस सहित अन्य ऊर्जा स्रोतों की जमीन मजबूत होती है, तो यह न केवल तात्कालिक स्तर पर समस्या का सामना करने के लिहाज से महत्त्वपूर्ण होगा, बल्कि यह दूरगामी स्तर पर देश के व्यापक हित में होगा।

पश्चिम एशिया में एक ओर अमेरिका के रुख तो दूसरी ओर ईरान के जवाबी रवैये की वजह से न केवल भारत, बल्कि दुनिया के बहुत सारे देशों के सामने संकट धीरे-धीरे गहरा रहा है। शायद इसीलिए अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा एजंसी के कार्यकारी निदेशक ने दुनिया को यह चेतावनी दी है कि अगर होर्मुज जलमार्ग पूरी तरह और बिना किसी शर्त के जल्द नहीं खुला तो दुनिया जल्दी ही 'रेड जोन' में प्रवेश कर सकती है, जहां तेल आपूर्ति सामान्य मांग को भी संभालने में पूरी तरह असमर्थ हो जाएगी। समस्या यह है कि एक ओर अमेरिका और इजराइल का सामना करने के क्रम में ईरान होर्मुज जलमार्ग को बाधित करने को एक कारगर रणनीति के तौर पर इस्तेमाल कर रहा है और इसे खोलने के लिए अमेरिका के कदम पीछे हटाने की शर्त रख रहा है, वहीं अमेरिका ने इस इलाके में नाकाबंदी करके अपना दबाव बनाया हुआ है। इस टकराव के बीच न तो शांति वार्ता की कोई सूरत बन रही है, न ही होर्मुज जलमार्ग के तुरंत खुलने की संभावना बन रही है। ऐसे में बेहतर यही है कि तेल और गैस के लिए अन्य देशों के साथ सहयोग के रास्ते बनाने के साथ ही देश के भीतर ऊर्जा के अन्य वैकल्पिक स्रोतों को बढ़ावा दिया जाए।

# गर्मी की मार

उत्तर और मध्य भारत के दस से अधिक राज्य इन दिनों भीषण गर्मी से तप रहे हैं। अधिकांश स्थानों पर पारा 45 डिग्री सेल्सियस से ऊपर जा पहुंचा है। लोग गर्मी से निजात पाने के लिए मैदानों से पहाड़ की ओर जाते हैं, लेकिन अब कुछ पहाड़ी क्षेत्रों में भी लू चलने जैसी स्थिति पैदा हो गई है। उत्तर प्रदेश के बांदा में जहां अधिकतम तापमान 47 डिग्री को पार कर गया है, वहीं राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में गुरुवार की रात पिछले चौदह वर्षों में सबसे गर्म रही। बढ़ते तापमान की तपिश ने न केवल आम लोगों की परेशानी बढ़ा दी है, बल्कि इससे कृषि का कार्य भी प्रभावित हो रहा है और कई जगह फसलों को नुकसान हो रहा है। ऐसे में यह समझना जरूरी है कि हर साल मौसम में इतना ज्यादा उतार-चढ़ाव आखिर क्यों हो रहा है। जाहिर है कि यह जलवायु परिवर्तन और बढते वैश्विक ताप का ही नतीजा है, जिससे मौसम का प्राकृतिक चक्र प्रभावित हो रहा है।

तापमान का बढ़ना सिर्फ मनुष्य और अन्य जीव-जंतुओं को शारीरिक रूप से ही प्रभावित नहीं करता है, बल्कि इसका असर व्यापक होता है। अत्यधिक गर्मी से प्राकृतिक जलस्रोत सूखने लगते हैं, जिससे पेयजल संकट पैदा हो जाता है। सिंचाई के बिना फसलें बर्बाद हो जाती हैं और कई दफा बुआई का कार्य भी प्रभावित होता है। यही नहीं, झुलसा देने वाली गर्मी के कारण लोग घरों से कम निकलते हैं और बाजारों की रौनक गायब हो जाती है, नतीजतन व्यापारिक गतिविधियां सुस्त पड़ जाती है और इसका सीधा असर अर्थव्यवस्था पर पड़ता है। गर्मी की सबसे ज्यादा मार गरीब तबकों को ही झेलनी पड़ती है, जिनके पास संसाधनों की कमी होती है। सरकार की ओर से ऐसे लोगों के लिए वैकल्पिक व्यवस्था करने पर ध्यान दिए जाने की जरूरत है। इस बात पर भी गंभीरता से विचार किया जाना चाहिए कि आखिर मैदानों के साथ अब पहाड़ भी क्यों तपने लगे हैं। मौसम विज्ञानियों का मानना है कि पहाड़ी क्षेत्रों में वनों की अंधाधुंध कटाई, अवैज्ञानिक तरीके से खनन और पर्यटक वाहनों के बढ़ते दबाव से स्थानीय मौसम चक्र में बदलाव हो रहा है। ऐसे में अगर अब भी हम नहीं सभले, तो निकट भविष्य में इसका परिणाम भयावह हो सकता है।

# चंदन की खेती और पर्यावरण संरक्षण



**जलवायु परिवर्तन के दौर में चंदन की खेती पारंपरिक दक्षिणी क्षेत्रों से निकल कर अब राजस्थान और अन्य शुष्क क्षेत्रों में एक आकर्षक तथा टिकाऊ कृषि विकल्प के रूप में उभर रही है।**

**अरुणा व्यास**

राजस्थान के बांसवाड़ा में झांतलिया और उदयपुर के बांकी एवं सिरोही के जनापुर में चंदन वन विकसित करने तथा ऐसे ही दूसरे जिलों में भी संभावनाएं तलाशने की पहल महत्त्वपूर्ण है। राजस्थान के इन क्षेत्रों में चंदन वन विकसित करने का निर्णय लेते हुए यहां पर तीस हजार से अधिक पौधे लगाने और उनकी कड़ी सुरक्षा के लिए बाड़बंदी के भी निर्देश दिए गए हैं। वैज्ञानिक तरीके से चंदन के पेड़ों का रोपण, अच्छी गुणवत्ता वाले पौधों का चयन, स्थानीय सुरक्षा तंत्र बनाने और बाड़बंदी के साथ सिंचाई के कारगर तरीके यदि अपनाए जाते हैं, तो यह किसानों की आर्थिक समृद्धि के साथ ही राजस्थान में पर्यावरण संरक्षण की दिशा में भी बड़ी पहल साबित होगी।

गौरतलब है कि चंदन के 90 फीसद पेड़ इस समय कर्नाटक और तमिलनाडु में हैं। कर्नाटक के मैसूर और शिमोगा में चंदन के सर्वाधिक वृक्ष हैं। मगर पिछले कुछ समय के दौरान चंदन के पेड़ लगाने की संभावनाएं महाराष्ट्र, गुजरात, मध्यप्रदेश और केरल में भी तलाशी गई हैं और यहां चंदन के वन सफलतापूर्वक विकसित भी हुए हैं। वहीं पश्चिमी राजस्थान के कुछ क्षेत्रों में भी चंदन के पेड़ उगाने में सफलता मिली है।

चंदन के पेड़ न केवल आर्थिक रूप से, बल्कि पर्यावरणीय दृष्टि से भी एक टिकाऊ विकल्प है। ग्रामीण रोजगार के अवसर इससे तेजी से बढ़ सकते हैं, बशर्ते कि सुनियोजित रूप से चंदन के पेड़ लगाने की दिशा में कार्य हो। असल में चंदन के पेड़ वहीं लगते हैं जहां जलवायु उष्णकटिबंधीय हो और जहां लाल-रेतीली मिट्टी हो तथा उन्हें विकास के लिए नीम एवं अमलतास का सहारा मिले। चंदन के पेड़ अच्छी धूप, कम से मध्यम वर्षा और 15 से 30 डिग्री बीच के तापमान वाले स्थानों में सबसे अच्छी तरह बढ़ते हैं। इस दृष्टि से राजस्थान के बांसवाड़ा, बाड़मेर, उदयपुर और सिरोही जिलों में चंदन के पेड़ लगाने की अपार संभावनाएं हैं। यहां इन पेड़ों के लिए तापमान और जलवायु अनुकूल है। चूंकि सफेद चंदन गर्म और शुष्क जलवायु वाले क्षेत्रों में पनपता है, इस दृष्टि से पश्चिमी राजस्थान के कुछ इलाके चंदन की खेती के लिए सर्वथा उपयुक्त है। चंदन के पेड़ों के साथ दूसरे पेड़ों का सहारा जरूरी है। इस लिहाज से राजस्थान में नीम और करोंदा जैसे पेड़ काफी हैं।

उदयपुर में भी कई स्थानों पर चंदन के पेड़ हैं। उनके पनपने का वैज्ञानिक अध्ययन कर यदि दूसरे स्थानों पर भी इसकी संभावनाएं तलाशी जाती हैं और सही तकनीक से पेड़ उगाने की पहल होती है, तो भविष्य में बहुत अच्छे परिणाम आ सकते हैं। इसी के साथ राजस्थान में कृषि, अर्थव्यवस्था और पर्यावरण में सकारात्मक बदलाव आ सकते हैं। चंदन का एक पेड़ 12 से 15 वर्ष में बड़ा होता है। इससे आसानी से लाखों रुपए की वार्षिक आय प्राप्त की जा सकती है।

राजस्थान में चंदन के पेड़ लगाने की संभावनाएं तलाशना इस दृष्टि से भी महत्त्वपूर्ण है कि इससे यहां के शुष्क क्षेत्रों में मिट्टी की उर्वरता बढ़ाने के साथ रेगिस्तान के फैलाव को रोका जा सकता है। चंदन के पेड़ पर्यावरण



के अनुकूल होते हैं। ये हवा को शुद्ध करते हैं। हालांकि यह कम पानी में उग सकता है, लेकिन प्रारंभिक वर्षों में गर्मी के मौसम में इसे 'ड्रिप सिंचाई' की आवश्यकता होती है। अलवर, भरतपुर, उदयपुर, बांसवाड़ा और सिरोही जैसे जिलों में चंदन की खेती की काफी अच्छी संभावनाएं हैं। सही वैज्ञानिक

**चंदन के पेड़ राजस्थान में लगाने की संभावनाएं तलाशना इस दृष्टि से भी महत्त्वपूर्ण है कि इससे यहां के शुष्क क्षेत्रों में मिट्टी की उर्वरता बढ़ाने के साथ रेगिस्तान के फैलाव को रोका जा सकता है। चंदन का पेड़ 'कार्बन सिंक' का काम करता है। यह हवा को शुद्ध करता है। हालांकि यह कम पानी में उग सकता है, लेकिन प्रारंभिक वर्षों में गर्मी के मौसम में इसे 'ड्रिप सिंचाई' की आवश्यकता होती है। अलवर, भरतपुर, उदयपुर, बांसवाड़ा और सिरोही जैसे जिलों में चंदन की खेती की काफी अच्छी संभावनाएं हैं। सही वैज्ञानिक प्रबंधन और सुनियोजित रूप में इसे उगाने की दिशा में कार्य हो, तो राजस्थान के लिए चंदन की खेती भविष्य में वरदान साबित हो सकती है।**

प्रबंधन और सुनियोजित रूप में इसे उगाने की दिशा में कार्य हो, तो राजस्थान के लिए चंदन की खेती भविष्य में वरदान साबित हो सकती है। बाड़मेर जिले में अमरूद, अनार, आंवला और नीम के पेड़ों की छाया में चंदन की खेती का कुछ स्तरों पर सफल प्रयास हुआ भी है।

चंदन की खेती से जुड़े विशेषज्ञों के अनुसार चंदन के पेड़ों को लगभग सात सौ से आठ सौ मिलीमीटर वर्षा की आवश्यकता होती है, जबकि राजस्थान के शुष्क क्षेत्रों में प्रायः 400 से 500 मिलीमीटर से कम वर्षा होती है। मगर इस वर्षा के साथ यदि सिंचाई की प्रभावी व्यवस्था की जाए, तो ग्रीष्म और शीत ऋतु में चंदन के पेड़ राजस्थान के कम वर्षा वाले क्षेत्रों में भी जीवित रह सकते हैं। चंदन अर्ध-जड़ परजीवी है। इसे पोषक तत्त्व प्राप्त करने के लिए मेजबान पौधों की आवश्यकता होती है। इनके बिना इसका विकास नहीं हो पाता। ये पौधे इसलिए भी जरूरी होते हैं कि इनसे चंदन का वृक्ष गर्म हवाओं और विपरीत जलवायु से बचा रहता है। इसके लिए नीम, अमलतास और दूसरे पौधे लगाए जा सकते हैं।

चंदन के पेड़ लगाने के दौरान इसकी पंक्तियों के बीच कम से कम पंद्रह फीट और पौधों के बीच कम से कम बारह फीट की दूरी बनाए रखने की सलाह दी जाती है। राजस्थान की तेज लू और शीत ऋतु में हाड़ कंपाने वली सर्दी से बचाने में सहायक वृक्ष मदद करते हैं। इसी के साथ कृषि वैज्ञानिक वहां 'ड्रिप सिंचाई' करने की सलाह देते हैं। दीमक से बचाव के उपाय भी किए जाने जरूरी है, अन्यथा चंदन के पेड़ों को दीमक चाट सकती है। इन पेड़ों के लिए प्राकृतिक खाद सबसे अधिक उपयुक्त मानी गई है। पौधों को स्वस्थ रखने के लिए नाइट्रोजन, पोटेशियम और अन्य पोषक तत्त्वों का संतुलन बनाए रखने के साथ गोबर की खाद मिल जाए, तो इसके बहुत अच्छे परिणाम आ सकते हैं। पेड़ों के सूखे पत्ते और पानी भी चंदन के वृक्ष के लिए बहुत उपयोगी है।

चंदन केवल महंगा ही नहीं, बल्कि भारतीय कानून के तहत संरक्षित वृक्ष भी है। यह सही है कि कोई भी बिना किसी पूर्व अनुमति के निजी भूमि पर इसकी खेती कर सकता है, लेकिन सरकार इसकी कटाई, परिवहन और विपणन को नियंत्रित करती है। वन क्षेत्र अधिनियम, 2005 के अनुसार, राज्य द्वारा चंदन की लकड़ियों की नीलामी की जाती है और उससे प्राप्त लाभ को किसानों से साझा किया जाता है। हालांकि स्वामित्व उत्पादक के पास ही रहता है। चंदन के पेड़ों की कटाई या विपणन से पहले किसानों को मंजूरी के लिए आवेदन करना होता है। इस प्रक्रिया को पूरी किए बिना इसे कोई बेच नहीं सकता। इसके पीछे मुख्य उद्देश्य यह है कि चंदन की तस्करी को रोका जाए और उसकी उचित निगरानी सुनिश्चित की जा सके।

जलवायु परिवर्तन के इस दौर में चंदन की खेती अब किसी विशेष क्षेत्र तक सीमित नहीं रही है। पारंपरिक दक्षिणी क्षेत्रों से निकल कर अब यह राजस्थान और अन्य शुष्क क्षेत्रों में तेजी से एक आकर्षक और टिकाऊ कृषि विकल्प के रूप में उभर रही है। इस दृष्टि से राजस्थान के बाड़मेर, उदयपुर, सिरोही और बांसवाड़ा में इसकी खेती को बढ़ावा देने के लिए साझा प्रयासों से चंदन के पेड़ लगाने के प्रयास महत्त्वपूर्ण है। जलवायु परिवर्तन के कारण शुष्क क्षेत्रों में पारंपरिक खेती इस समय घाटे का सौदा हो रही है। ऐसे में चंदन की खेती राजस्थान जैसे क्षेत्र में पानी की कमी और अधिक तापमान की चुनौतियों का सामना करते हुए भी किसानों को बेहतर लाभ देने वाली एक हरित संपदा बन सकती है।

# बात बेबात

**प्रभात कुमार**

एक व्यक्ति जब किसी दूसरे व्यक्ति को तीसरे व्यक्ति के बारे में दिल खोलकर दिमाग से बताता है, तो उसके दो इरादे हो सकते हैं। पहला, हल्के-फुल्के हास्य व्यंग्य में लिपटा वक्त बिताने वाला नजरिया। जैसे गरमी के मौसम में पानी में नमक-चीनी के साथ थोड़ी ज्यादा काली मिर्च डालकर पीना और पिलाना या दूसरे इरादे के तहत सुनिश्चित करना कि दूसरा व्यक्ति बातचीत की खट्टी और कड़वी प्रतिक्रियाएं तीसरे व्यक्ति तक जरूर पहुंचा दे। कई बार ऐसा होता है कि दूसरों की कुछ बातें या व्यवहार का स्वाद पसंद नहीं आता। हम सीधे-सीधे उनके सामने अपनी तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करने से बचते या डरते हैं। फिर कुछ समय बाद दूसरे उचित व्यक्ति को वह सब तीसरे व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए चुनते हैं। इस दौरान तीसरा व्यक्ति, जिसके बारे बात होती है, कहीं मिले तो सामान्य बने रहते हैं। छनी हुई, असली लगने वाली नकली, नाटकीय मुस्कुराहटें थमाते रहते हैं, जैसे कुछ हुआ ही नहीं और सब ठीक चल रहा है।

यह दूसरे व्यक्ति के कानों पर निर्भर करता है कि उनमें कितनी तरह की मैल है। उसने क्या-क्या और किस-किस लहजे में सुना। कई बार मुंह से कान तक आते-आते कोई बात अपना रूप, रंग और स्वाद बदल लेती है। कोई बात सीधे-सीधे स्वीकार कर ली जाती है और कई बार लंबे, उबड़-खाबड़ कंटीले रास्ते से जख्मी होकर आती है। यह सुनने वाले के पाचन तंत्र पर निर्भर करता है कि वह किस तरह के विचार, उद्गार और प्रतिक्रियाएं हजम कर सकता है। कुछ हिस्सा छोड़ सकता है या पूरा छोड़ सकता है। व्यवहार के अनुसार यह जरूरी है कि बात जिस तरह से कही गई है, उसे जिस रंग, ढंग और आकार में लिया जाना चाहिए, उसी तरह से लिया जा रहा है या नहीं।

## दुनिया मेरे आगे

**बात जब मुंह बदलती है, तो रूप, भाषा और अर्थ बदल लेती है। बात परदे में रहे, तो सब बेहतर रहता है। बात एक बार मुंह से निकल जाए, तो उसका सफर शुरू हो जाता है। बात रुकती नहीं, बात से बात निकलती है। उसके कई अर्थ निकाले जाने शुरू होते हैं। ऐसे-ऐसे भाव निकल आते हैं, जिनके बीज भी उस बात में नहीं होते।**

यहां यह ध्यान रखने की जरूरत है कि पहले व्यक्ति की किसी एक बात को अगर दूसरे और तीसरे व्यक्ति के जरिए चलते हुए चौथे या पांचवें या फिर दसवें व्यक्ति तक पहुंचना है, तो दसवें व्यक्ति तक वह बात पहुंचते-पहुंचते क्या अपने मूल स्वरूप और भाव में रह पाती है या फिर उसमें प्रभाव के स्तर पर तब तक बहुत कुछ बदल चुका होता है।

दरअसल, दूसरे व्यक्ति द्वारा सुना गया कुछ, सब कुछ या हर कुछ, यानी वे खास बातें इत्मीनान से तीसरे व्यक्ति तक पहुंचा दी गई, तो यह माना जाना चाहिए कि उसकी विचार पाचन शक्ति कमजोर है। यहां फिर वही सूत्र बीच में आता है कि बात जब मुंह बदलती है, तो रूप, भाषा और अर्थ बदल लेती है। बात परदे में रहे, तो सब बेहतर रहता है। बात एक बार मुंह से निकल जाए, तो उसका सफर शुरू हो जाता है। बात रुकती नहीं, बात से बात निकलती है। उसके कई अर्थ निकाले जाने शुरू होते हैं। ऐसे-ऐसे भाव निकल आते हैं, जिनके बीज भी उस बात में नहीं होते। बात बढ़ जाती है, तो मानवीय रिश्ते सकुचाने लगते हैं। कभी सीमाओं से बाहर जाने लगते हैं। शक के नए घेरे बनने लगते हैं, जिनमें विवाद, वाद और संवाद परेशान होने लगते हैं।

संबंधों की निकटता फिर से दिखाने के लिए कोई बात उस तीसरे व्यक्ति को परोस दी जाती है, जिस तक उन्हें पहुंचाना पहले व्यक्ति का इरादा रहा होगा। यहां नए सवाल, शक और अनुमान कांटों की मानिंद उगने लगते हैं। वह बात को भुला भी सकता है, लेकिन मानवीय स्वभाव के अनेक कोण उसे उकसाते हैं। बात को नई करवटों में उलझा देना चाहते हैं, उलझा देते हैं। संबंध, उम्मीद और काल्पनिक दलीलों में उलझने लगते हैं और विश्वास कर लिया जाता है कि ऐसा कहा गया होगा। बात को कई बार बात ही बिगाड़ देती है और वक्त मौका ढूंढ़ने लगता है कि आमना-सामना हो, कहे गए शब्दों, व्यवहार की तफ्तीश हो। सोने की चेन खरीदना आसान होता है, लेकिन मुफ्त मिल रहा मन का चैन संभाल कर रखना मुश्किल होता है।

इसलिए सलाह यह भी दी जाती है कि किसी के द्वारा किसी भी शैली में कही गई बात तभी सहजता के साथ मानी जानी चाहिए, जब वह सामने कही जाए। कहने वाला और सुनने वाला, दोनों तैयार हों। व्यवहार का नैसर्गिक पाठ तो यही है कि किसी के बारे में कुछ कहना जरूरी हो, तो उस व्यक्ति से ही सीधे बात की जाए। अगर उसकी बात का कोई अंश, क्रिया, संदर्भ या व्यवहार पसंद नहीं आता, तो उस व्यक्ति को बता भी देना चाहिए, ताकि वह व्यक्ति माफी मांग सके और संबंध सामान्य बने रहें। किसी भी तरह या रंग की गलतफहमी का घास उग ही न सके।

तीसरे व्यक्ति के माध्यम से गिला या शिकवा-शिकायत में लिपटी अपनी प्रतिक्रिया या विचार प्रकट करना तारीफ के काबिल नहीं माना जा सकता। अगर ऐसा हो भी गया है, तो जिसने वे बातें सुन ली हैं, उसे वह स्वादिष्ट फल या हलवा समझकर कभी पेश नहीं करना चाहिए। कोई बात जिसके बारे में हैं, उसके साथ संबंध सामान्य रखने के लिए बात को संभालना बहुत जरूरी है। अगर बात को बेबात बना कर या उसकी शक्ल बदल कर या उसमें नाहक कुछ बातें जोड़ कर यानी उसका स्वरूप बदल कर उस व्यक्ति तक पहुंचा दी गई है, तो उसे कतई विश्वास नहीं करना चाहिए कि ऐसा वैसा कहा गया होगा। मानने की नौबत आती है, तो उसी बात को मानना चाहिए जो हमारी आंखों के सामने हो, हमारे मैलरहित कान सुन रहे हों। वास्तव में हम तीन जिंदगियां जीते हैं- अन्य लोगों के लिए, अपने कुछ खास लोगों के लिए और तीसरी गोपनीय जिंदगी। शायद इसीलिए कितनी बार बात दरअसल बेबात हो जाती है।




## भरोसे पर चोट

'जिम्मेदारी का दायरा' (संपादकीय, 19 मई) पढ़ा। पूरे देश में कई अहम परीक्षाएं आयोजित करने की जिम्मेदारी राष्ट्रीय परीक्षा एजंसी पर है, लेकिन इसे पूरा करने में बार-बार विफल होने के कारण विद्यार्थियों का उससे भरोसा टूट रहा है। सबसे ज्यादा आघात परीक्षा की तैयारी में दिन-रात एक करने वाले बच्चों और उनके अभिभावकों को पहुंचता है। विद्यार्थियों के मानसिक कष्ट, कीमती समय और आर्थिक बोझ की भरपाई कौन करेगा? कोई नैतिक जिम्मेदारी लेने को तैयार नहीं है। ऐसा कोई कदम नहीं उठाया जाता जिससे भरोसा मिले कि भविष्य में दोबारा प्रश्नपत्र लीक नहीं होगा। इन परीक्षाओं का लक्ष्य सार्वजनिक सेवा के लिए योग्य अभ्यर्थियों का चयन करना होता है, लेकिन कितने ऐसे परीक्षार्थी होंगे जो सच में सेवा करना चाहते हैं? अगर सेवा सच में लक्ष्य हो, तो कुकुरमुत्तों की तरह कोचिंग संस्थाएं नजर नहीं आतीं, न परीक्षार्थियों और अभिभावकों में तनाव होता और न ही पेपर लीक होते। भ्रष्ट उपायों से देश सेवा के लिए कौन जाएगा? सच यह है कि अधिकांश का लक्ष्य रुतबे और आमदनी वाला पद हासिल करना होता है। भले ही इसे कुछ भी नाम दें। सेवा करने वाले कम ही होते हैं।

*– कमल जोशी, अल्मोड़ा*

## जिंदगी से खिलवाड़

'लापरवाही बदस्तूर' (संपादकीय, 19 मई) पढ़ा। इसमें व्यवस्था की पोल खोली गई है। जब भी कहीं तरणताल बनाया जाता है, तो लोग वहां सुरक्षा का भरोसा करते हैं, इसलिए वहां जाते हैं, लेकिन जब इसके जिम्मेदार तंत्र ही आंखें मूंद लेते हैं, तो किसी निर्दोष की जान चली जाती है। देश की राजधानी में बिना अनुमति के अवैध तरणताल का संचालित होना और प्रशासन का इससे बेखबर बने रहना बेहद हैरान करने वाला है। यह स्थिति संबंधित विभागों की घोर लापरवाही और अधिकारियों की कथित मिलीभगत को भी उजागर करती है। जब तक हादसों के बाद जागने की इस प्रशासनिक सुस्ती को नहीं बदला जाएगा, तब तक ऐसे हादसों पर रोक लगाना मुमकिन नहीं है। मासूमों और युवाओं की जिंदगी से खिलवाड़ करने वाले ऐसे अवैध उपक्रमों के संचालकों के साथ-साथ उन भ्रष्ट और लापरवाह अधिकारियों पर भी कार्रवाई होनी चाहिए, जिन्होंने अपनी जिम्मेदारी ठीक से नहीं निभाई।

*– अमृतलाल मारू 'रवि', इंदौर*

## दावे के बरक्स

हमारे देश में आर्थिक असमानता एक कड़वा सच है। एक तरफ अरबपतियों की संख्या 2023 में 169 से बढ़कर 2025 में 205 हो गई और इस साल यह 229 तक पहुंच गई है, वहीं लगभग 81.35 करोड़ नागरिक मुफ्त राशन पर गुजारा कर रहे हैं। इसी दौरान रुपया अमेरिकी डालर के मुकाबले लगातार कमजोर होता गया है। ईंधन की बढ़ती कीमतें आम आदमी की जेब पर भारी पड़ रही हैं। यही परेशानी रसोई गैस और दूध जैसी अन्य जरूरी चीजों के मामले में भी है। गहरे आर्थिक संकट के लिए अकेले मौजूदा युद्ध की स्थिति ही जिम्मेदार नहीं है. इसका एक बड़ा कारण सालों से चली आ रही हमारी घरेलू नीतियों की कमियां हैं। रोजगार पैदा करने के मामले में सरकार का रवैया उदासीन रहा है। इसके अलावा, 140 करोड़ की आबादी वाले इस देश के लिए जीडीपी विकास दर का छह से सात फीसद के बीच बने रहना, हमारी नीतियों की कमियों को साफतौर पर उजागर करता है।

*– रमेश कुमार कालरा, लखनऊ*

## सभ्यता का पैमाना

किसी भी समाज की सभ्यता का असली पैमाना वहां की स्त्रियों की स्थिति है। समाज महिलाओं को बराबरी का दर्जा देता है या नहीं, उनसे कैसा व्यवहार किया जाता है, इसी से तय होता है कि समाज कितना सभ्य है। हमारा देश सदियों पुरानी कुरीतियों को अभी तक मिटा नहीं सका है। दहेज का अस्तित्व वर्ष 2026 में भी ठीक वैसे ही बना हुआ है जैसे बरसों पहले हुआ करता था। फर्क बस इतना है कि इसे उपहार का नाम दे दिया जाता है। हाल में दो युवतियों की मौत ने सबको झकझोर दिया। दोनों मामले देश के नक्शे में अलग-अलग जगह के हैं, लेकिन इनका कारण एक ही है। दोनों मामलों में परिवार का आरोप है कि दहेज की मांग पूरी न होने पर उनकी बेटियों को मार दिया गया। हम 'विश्व गुरु' बनने का दम भरते हैं, लेकिन बेहतर होगा पहले हम अपने समाज को बदल लें।

*– अभय मिश्रा 'व्यथित', बहराइच*

हमें लिखें, हमारा पता : edit.jansatta@expressindia.com | chaupal.jansatta@expressindia.com

हिकीज बंगाल गजट भारत का पहला मुद्रित समाचारपत्र माना जाता है। जेम्स आगस्टस हिकी ने 1780 में इसे प्रकाशित किया था। अंग्रेजी भाषा का यह समाचारपत्र साप्ताहिक था। हिकी ने इस समाचारपत्र में ईस्ट इंडिया कंपनी के अधिकारियों, न्यायाधीशों की तो आलोचना की ही थी उन्होंने गवर्नर जनरल वारेन हेस्टिंग्स को भी नहीं बख्शा था। समाचारपत्र की भाषा अत्यंत तीखी और व्यंग्यपूर्ण होती थी। हिकी सरकार के नियंत्रण से मुक्त पत्रकारिता के पैरोकार थे।



## बेबाक बोल

विदेशी पत्रकार से भारतीय पत्रकार सवाल पूछ रहे हैं कि तुमने सवाल क्यों किया? सवाल के पीछे क्या साजिश है? भारत के स्वतंत्रता आंदोलन का इतिहास सवाल करने वालों का रहा है। गांधी, नेहरू, आंबेडकर सभी ने तत्कालीन सत्ता से सवाल पूछने की शुरुआत पत्रकारिता से की। पत्रकारिता एक ऐसी विधा है जिसकी वर्णमाला सवाल से शुरू होकर सवाल पर खत्म हो जाती है। जहां सत्ता से सवाल नहीं हो, वह मनोरंजन का कोई भी माध्यम हो सकता है, पत्रकारिता तो कतई नहीं हो सकती है। पत्रकारिता की पहली कक्षा में गुरु शिष्य के सवाल करने की क्षमता को जांचता है, फिर उसे निखारता है। इस कक्षा में न तो कोई रट्टा मारना है और न सिर्फ गुरु की भक्ति करनी है। यहां स से सवाल है तो स से साहस और साख। यहां गुरु पर भी सवाल उठाए जाते हैं। भारतीय लोकतंत्र का चौथा खंभा यानी पत्रकारिता की बुनियाद ही साख पर टिकी है। सवाल की साख पर। किस तरह से एक सवाल वैश्विक संदर्भ में साहस और साख का प्रतिबिंब बन जाता है, बताने की कोशिश करता बेबाक बोल।

# सवाल साख का है

**मुकेश भारद्वाज**

पंडित जुगल किशोर शुक्ल ने 30 मई 1826 को कोलकाता से उदंत मार्तंड नाम का साप्ताहिक अखबार निकाला था, जिसे पहले हिंदी अखबार की संज्ञा दी गई है। इन दिनों उदंत मार्तंड के दो सौ साल पूरे होने पर कई कार्यक्रम हो रहे हैं। 1826 के समय में फारसी, अंग्रेजी और बांग्ला पढ़ने वालों के बीच उदंत मार्तंड एक साहस का नाम था। पंडित जुगल किशोर का सवाल था कि जब बांग्ला और अंग्रेजी भाषियों के लिए समाचारपत्र हैं, तो हिंदीभाषियों के लिए क्यों नहीं? उन्होंने कलकत्ता में बसे उत्तर भारतीय व्यापारियों और आम लोगों की समस्याओं को जगह दी। दूसरी भाषाओं की तुलना में हिंदी की उपेक्षा पर प्रश्न उठाया।

उदंत मार्तंड अधिक समय नहीं चला। आर्थिक कठिनाइयों और ब्रितानी हुकूमत से मिली उपेक्षाओं के कारण 4 दिसंबर 1827 को इसका प्रकाशन बंद हो गया। इसके प्रथम अंक की पांच सौ प्रतियां छपी थीं। दो साल से भी कम समय में जो अखबार बंद हो गया, आज उसके नाम पर 30 मई को हिंदी पत्रकारिता दिवस मनाया जाता है। पांच सौ प्रतियां और छोटी सी उम्र के बाद भी उदंत मार्तंड आज नायक क्यों है? वह हिंदी पत्रकारिता के जनक का दर्जा क्यों रखता है? क्योंकि उदंत मार्तंड, साहस का पर्याय बना। उसने सवाल उठाया कि हिंदीभाषी उपेक्षित क्यों? छोटी समयावधि के अस्तित्व में भी आप अमर हो सकते हैं, अगर आप में साहस है। चाहे किसी भी भाषा की पत्रिका हो, सबकी बुनियाद में एक ही तत्त्व है–साहस।

पिछले दिनों नार्वे की पत्रकार हेले लेंग के सवाल पूछने के बाद कई सवाल उठ गए। महज एक साधारण से सवाल के कारण हमारी पत्रकारिता में भूकम्प क्यों आ गया? यह भूकम्प इसलिए आया, क्योंकि आज भी सवाल की साख है। एक पत्रकार के सवाल पूछते ही वह अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कुख्यात और विख्यात हो गई। सवाल की साख तब बढ़ जाती है, जब उसका जवाब नहीं दिया जाता है। सवाल के बाद सवालकर्ता तब और सशक्त हो उठता है, जब जवाब देने के बजाए उससे सवाल किया जाए कि तुमने सवाल क्यों पूछा? सवाल के दमन का एकमात्र तरीका है, उसका जवाब देना। अच्छा–बुरा, छोटा–बड़ा जैसा भी जवाब हो, दीजिए। जवाब नहीं देने का आपका अधिकार कहीं खंडित नहीं होता है, अगर आप सवाल पूछने के जज्बे की इज्जत भर कर दीजिए।

कहा जा रहा है कि मेहमान से ऐसे सवाल नहीं पूछना चाहिए था। सच तो यह है कि किसी भी प्रेस वार्ता में असली मेहमान पत्रकार होता है। आप मेहमान के तौर पर भी पत्रकारों की मेजबानी करते हैं। अगर आपने मेहमान बुलाए हैं तो उन्हें पूरी इज्जत दीजिए। मजे की बात है कि भारत में इतनी कुख्यात होने के बाद भी हेले लेंग हर उस भारतीय पत्रकार के सवालों का



जवाब दे रही हैं, जो उन तक पहुंच कर पूछ रहा है कि सवाल क्यों पूछा? नाटक, साजिशों के आरोपों के हर सवाल पर उनका कहना है कि मेरा काम ही सवाल पूछना है। शुक्र है कि उन्होंने भारतीय पत्रकारों से पलटवार में यह नहीं पूछा कि आप लोग सवाल नहीं पूछते हैं तो, करते क्या हैं?

आरोप है कि सोशल मीडिया पर जिसके महज कुछ सौ फालोवर थे, सवाल पूछते ही उसके फालोवर हजारों में हो गए। सत्ता से सवाल नहीं पूछने वाले पत्रकार इस संख्या पर सवाल उठा रहे हैं। मुख्यधारा के भारतीय पत्रकारों को अब तो समझ जाना चाहिए कि सवाल संख्या का नहीं, साख का है। भारत में प्रसिद्ध पत्रकारों की संख्या बहुत ज्यादा है, लेकिन वे सवाल नहीं पूछ रहे हैं। बहुमत की व्यवस्था ऐसी होती है कि घोड़ों और गधों की आबादी के अनुपात में एक गधा भी ज्यादा हो जाता है, तो गधों का राज हो जाता है। तब घोड़े न घर के होते हैं और न घाट के। सवाल साहस का है। सवाल पूछना, साहस भरा काम है। साहसी लोगों की साख संक्रामक तरीके से बढ़ जाती है। दुनिया भर की सत्ता समझती है कि साहस से ज्यादा संक्रामक और कुछ नहीं है। इसलिए कई देशों की सत्ता साहस नामक संक्रमण के खिलाफ विषहर औषधि तैयार करती है।

इस स्तंभकार ने साक्षात्कार के दौरान एक मुख्यमंत्री से बीस सवाल किए थे। मुख्यमंत्री ने उनमें से आठ सवालों के जवाब दिए। हमने बारह सवालों के जवाब नहीं देने के उनके अधिकार का सम्मान किया, और उन्होंने हमारे सवाल पूछने के अधिकार का सम्मान किया। सवाल अच्छे भी होते हैं और बुरे भी। पत्रकार भी अच्छे और बुरे होते हैं। लेकिन पत्रकार और सवाल के सहसंबंध को खारिज करना पत्रकारिता के अस्तित्व को ही खारिज करना है। जब सरकार किसी को प्रेस कांफ्रेंस में बुलाती है तो वह उसे अच्छे–बुरे पत्रकार के तौर पर नहीं बुलाती है। इसलिए बुलाती है कि उसकी पहचान पत्रकार के तौर पर है।

जब एक पत्रकार सवाल करे तो दूसरे पत्रकारों को उनका सम्मान करना चाहिए, भले ही वे कभी भी सवाल नहीं करते हों। लेकिन उदंत मार्तंड की दौ सौवीं जयंती मना रही पत्रकारिता ने क्या किया? पत्रकार की निजी तस्वीर सामने लाकर अपनी गर्त में जाती मानसिकता का परिचय दिया। हेले लेंग की वो तस्वीरें असली हैं, और उन्हें इस बात से जरा भी फर्क नहीं पड़ा, क्योंकि उन्होंने वे तस्वीरें खुद ही सोशल मीडिया पर डाली हैं। मुश्किल यह है कि अगर कोई भारतीय महिला पत्रकार ऐसा साहस करती है तो उसकी कृत्रिम मेधा से बनी ऐसी तस्वीरें जारी कर दी जाएंगी। हेले लेंग ने बता दिया है कि पत्रकार की पहचान उसके कपड़े नहीं सवाल होते हैं। उनके चरित्र हनन में जुटे लोगों ने शरीर पर कपड़े तो खूब पहन रखे हैं, लेकिन उनकी लबों पर सत्ता से सवाल नहीं है। उनके लबों पर सवाल नहीं होना ही उनकी साख का वस्त्रविहीन होना है।

हमारे संविधान–निर्माताओं ने पत्रकारिता को चौथे खंबे की संज्ञा दी। यानी वह बाकी तीन खंबों के बराबर है। वह सभी तीन खंबों से सवाल पूछ सकता है। उसे यह शक्ति भारत के संविधान ने दी है। अगर आप पत्रकारों के सवाल करने की शक्ति को खारिज कर रहे हैं तो आप संविधान की मूल भावना को खारिज कर रहे हैं। आपके जवाब नहीं देने के अधिकार का पूरा सम्मान है, लेकिन आप भी सवाल का सम्मान करिए।

अगर हेले लेंग का सवाल इतना ही बेकार था तो उनकी उपेक्षा की जा सकती थी। लेकिन जिस तरह उदंत मार्तंड की विरासत वालों ने उन पर चौतरफा हमला किया, वे सवाल की साख से ही भयाक्रांत दिखे। पत्रकारिता एक आधुनिक विधा है, जो अन्य पारंपरिक विधाओं से अलग है। इसकी पहली कक्षा में गुरु से सवाल करना सिखाया जाता है। गुरु, सबसे पहले विद्यार्थियों की सवाल करने की क्षमता को ही जांचते हैं। पत्रकारिता के पूरे शिक्षण–प्रशिक्षण की बुनियाद में ही सवाल करने की शिक्षा देना है। पत्रकारिता में आज भी सवाल सिर्फ सवाल का है कि वह किस स्तर पर चुनौती दे रहा है।

कमजोर खिलाड़ी युद्ध के नियमों को नहीं मानता है। वह कमर के नीचे वार करता है। हेले लेंग पर भारतीय पत्रकारों के अंधाधुंध वार ने साबित कर दिया कि सवाल संख्या का नहीं, सवाल साख और साहस का है। आपने सवाल करने का साहस खो दिया है, लेकिन सवाल करने वालों पर वार तो आपकी रही–सही साख भी ले डूबा है। कृपया अपनी गिरती साख देख कर सवालों की ओर लौटिए।

## राजपाट

### फीकी चमक

विधान परिषद की बक्सर–भोजपुर सीट पर जद (एकी) की हार के बाद बिहार में घमासान छिड़ा है। राजद उम्मीदवार की जीत ने तेजस्वी यादव को संजीवनी दी है। नीतीश कुमार के मुख्यमंत्री पद से हटते ही जद (एकी) की चमक फीकी पड़ गई है। सम्राट चौधरी ने उपचुनाव में जद (एकी) को अकेला छोड़ दिया। जद (एकी) में नेताओं की नाराजगी शुरू हो चुकी है। पूर्व सांसद आनंद मोहन सिंह ने भोजपुर–बक्सर की हार को शुरुआत बताया और तंज कसा कि अब पार्टी को लगातार हार का मुंह देखना पड़ेगा। भाजपा पर जद (एकी) के नेता खुलकर गठबंधन धर्म का निर्वाह न करने का आरोप लगा रहे हैं। ललन सिंह के बयान ने जद (एकी) नेताओं की नाराजगी बढ़ाने में आग में घी डालने वाला काम किया। उन्होंने सम्राट चौधरी को नीतीश का उत्तराधिकारी बता दिया। आनंद मोहन अपने बेटे चेतन आनंद को मंत्री नहीं बनाए जाने से नाराज हैं। पिछले लोकसभा चुनाव से पहले जब नीतीश पाला बदलकर भाजपा के साथ आए थे तब चेतन राजद के विधायक थे। उन्होंने राजद का साथ छोड़ जद (एकी)–भाजपा गठबंधन की सरकार का साथ दिया था। उनसे तब भी मंत्री पद का वादा किया गया था। न तब बनाया और न पिछले साल नई विधानसभा के गठन के बाद। बेटे के लिए मंत्री पद की प्रत्यक्ष मांग तो आनंद मोहन ने नहीं की है, पर इतना जरूर बोल दिया कि नीतिश और निशांत दोनों को डाक्टर की जरूरत है।



### सत्ता का स्वाद

तमिलनाडु में कांग्रेस 59 साल बाद सत्ता का स्वाद चखेगी। पिछली विधानसभा में उसके 18 सदस्य थे, पर मंत्री एक भी नहीं। इस बार वह महज पांच सीटें ही ले पाई, लेकिन वक्त का फेर देखिए कि पांच में से दो को मुख्यमंत्री विजय ने अपने साथ मंत्री बना दिया है। दरअसल द्रमुक इस सिद्धांत पर अड़ी रही कि सरकार सिर्फ उसकी बनेगी। असल में दोनों द्रविड़ पार्टियों ने 1967 के बाद से ही यह नीति अपनाई कि वे किसी भी सहयोगी दल को सरकार में शामिल नहीं करेंगे। 1967 से पहले सारे देश की तरह तमिलनाडु में भी कांग्रेस का ही राज था। द्रमुक ही नहीं अन्नाद्रमुक ने भी अपनी सरकार में कभी किसी राष्ट्रीय दल को शामिल नहीं किया। मौजूदा विधानसभा में हालात ऐसे बने कि सिर्फ पांच सीटें जीतने वाली कांग्रेस को लगभग छह दशक के बाद सरकार में शामिल होने का मौका मिल गया।

### महंगाई पर सक्रिय विपक्ष

पेट्रोलियम पदार्थों के बढ़ते दामों की आंच अब आम लोगों की रसोई तक पहुंच गई है। इस पर विपक्ष आम जनता को लगातार 'अच्छे दिनों' की याद दिला रहा है। खास कर सोशल मीडिया पर मुहिम तेज है। खाने–पीने की हर चीज पर महंगाई का असर हो रहा है, और सत्ता पक्ष की ओर से इस पर विशेष चर्चा भी नहीं हो रही है। विपक्ष ने सत्ता की जवाबदेही तय करने के लिए हमले तेज कर दिए हैं। विदेशी करार के बरक्स अर्थव्यवस्था के आंकड़ों को लेकर विपक्ष इस बात को लेकर जनमत निर्माण में जुटा है कि सत्ता पक्ष को महंगाई से जुड़ी समस्याओं की कोई परवाह नहीं है। विपक्ष का आरोप है कि गरीब परिवार अपनी बुनियादी जरूरत की चीजें खरीदने में भी असमर्थ है।

### चुनावी तैयारी

अगाथा ख्रिस्तीनं १९३७ सालात छोटा, कुठंही नेता येण्याजोगा टाइपरायटर घेतला, त्यावर 'देन देअर वेअर नन' आणि नंतरची अनेक पुस्तकं लिहिली. तो टाइपरायटर इथं आहे. अगाथाचे कौटुंबिक फोटो भरपूर आहेत, पण त्याहीपेक्षा अगाथा ख्रिस्ती यांनी अगदी तरुणपणी, वयाची विशीदेखील गाठण्याआधी लिहिलेल्या 'हाउस ऑफ ब्यूटी' या लघुकथेचं अख्खं हस्तलिखित या प्रदर्शनात मांडलं जाईल. आणखीही काही हस्तलिखितं आहेत... त्यात 'विटनेस फॉर द प्रॉसिक्यूशन' या रहस्यकथेचं नाटकात रूपांतर होत असताना, अगाथानं केलेल्या टिप्पण्या आणि नोंदी आहेत. कागदपत्रांची ही जपणूक इतकी पक्की की, १९१७ सालात- म्हणजे पहिलं महायुद्ध भरात असताना अगाथानं फार्मासिस्ट होण्यासाठी परीक्षा दिल्या; त्यासाठी तिनं काढलेल्या नोट्ससुद्धा या प्रदर्शनात आहेत! त्या अभ्यासनोंदी हे काही 'अगाथा ख्रिस्तीचं लिखाण' म्हणता येत नाही... मग, मुळात एवढ्या जपल्याच कशाला असतील तिनं या नोंदी? बरं तिनं जपल्या तर जपल्या; आता त्या मुद्दाम प्रदर्शित करण्याचं कारण काय?

- हे प्रश्न अगाथा ख्रिस्तीच्या खंद्या वाचकांना पडणार नाहीत. पण समजा तुम्ही अगाथा ख्रिस्तीचे खंदे वाचक नसलात, आणि तरीही तुम्हाला पुसटसं वाटलं असेल की, 'याच अगाथानं पुढल्या काळात लिहिलेल्या अनेक रहस्यकथांत हे ज्ञान उपयोगी पडलं असणार, विषांचे आणि औषधांचेही परिणाम तिनं अचूक नोंदवलेले असणार' - तर तुम्ही अगाथाचे वाचक व्हायला १०० टक्के लायक आहात! कारण अगाथा ख्रिस्तीच्या रहस्यकथांचं हेच तर वैशिष्ट्य होतं. आधी असंबद्ध वाटणारा तपशील द्यायचा. मग, तो तपशील वाभरेपणानं दिलेला नसून त्याचा संबंध रहस्यभेदाशी असणार, अशीही शंका वाचकांना येऊ द्यायची. अशानं, वाचकाला दोन दोन समाधानं मिळतात- चांगलं पुस्तक वाचल्याचं समाधान आणि आपली शंका बरोबर होती, याचंही!

हे जे असंबद्ध तपशील किंवा 'असं तर नसेल?' याची शंका वाचकाला येऊ देणारे भाग असतात, त्यांना समीक्षक लोकांनी 'ईस्टर एग्ज' असं म्हटलं आहे. ईस्टरसाठी रंगवलेल्या अंड्यांवरून 'कोणतं अंडं कुणासाठी असेल' हे जसं सांगता येतं, तसंच हेही- म्हणून हे नाव. तर, अशी 'ईस्टर एग' वजा अनेक वाक्यंसुद्धा या प्रदर्शनाच्या कानाकोपऱ्यांत वाचायला मिळणार आहेत. अगाथा ख्रिस्तीचं लिखाण आणि रेल्वे-प्रवास यांचा किती घनिष्ठ संबंध होता हेदेखील 'द ग्रेट वेस्टर्न रेल्वे' कंपनीच्या सहकार्यानं भरलेल्या या प्रदर्शनात अनुभवायला मिळेल.

अगाथा ख्रिस्तीनं ६६ पुस्तकं लिहिली, त्या पुस्तकांची भाषांतरं अनेक भाषांत झाली. मराठीत पद्मगंधा प्रकाशनानं रीतसर मूळ इंग्रजी प्रकाशकांशी करार करून अधिकृतपणे अनुवादाचे पाच संच काढले होते. त्यामुळे मराठीजनांना हर्क्यूल पॉयरॉ आणि मिस मार्पल कोण, हा प्रश्न पडणार नाही. कदाचित प्रदर्शन पाहावंसंही वाटेल. पण लंडनमध्ये असलात तरी, या प्रदर्शनाचं तिकीट म्हणे २३ ते २५ ब्रिटिश पाउंड (आजच्या दरानं किमान २९५५ रुपये) असणार आहे. अर्थात त्याच तिकिटात ब्रिटिश लायब्ररी हे संग्रहालयाच्या तोडीचं वाचनालयही पाहायला मिळेल!



## मांडरिन कादंबरीला इंटरनॅशनल बुकर...

**यंदाचे इंटरनॅशनल** बुकर मांडरिन भाषेतून अनुवादित झालेल्या कादंबरीला पहिल्यांदाच मिळाले. यांग शुआंग-झी यांच्या 'तैवान ट्रॅव्हलॉग' कादंबरीचे लिन किंग यांनी केलेले इंग्रजी भाषांतर विजेते म्हणून घोषित करण्यात आले. १९३०च्या दशकात तैवानवर जपानची हुकमत होती. या काळात घडणारी गोष्ट 'तैवान ट्रॅव्हलॉग'मध्ये आलेली आहे. या कादंबरीचा अंश तसेच पुरस्कारानंतरची सर्वांत ताजी मुलाखत खालील दुव्यांवर.

*https://shorturl.at/WEAzt*
*https://shorturl.at/EU9Lg*

## बुक-नेट

## कॉमनवेल्थ कथा आणि 'एआय'वाद



**गेली चौदा** वर्षे राष्ट्रकुल देशांमधील नव्या दमाच्या इंग्रजी कथाकारांचा शोध 'ग्रॅण्टा' मासिकाच्या संकेतस्थळावर प्रकाशित होणाऱ्या 'कॉमनवेल्थ शॉर्ट स्टोरी प्राइज'मधून लागतो. आशिया विभागात बहुतेकदा भारतीय लेखक-लेखिका असते. प्रत्येक विभागातील कथा वाचताना त्याच्या निवडीबद्दल शंका घेता येणार नाहीत इतकी त्यांच्यात वाचनीयता आणि भाषिक कलात्मकता सापडते. दीडएक आठवड्यापूर्वी ग्रॅण्टाने नव्या विभागीय विजेत्यांच्या कथा प्रकाशित केल्या आणि नव्या वादाला तोंड फुटले. कॅरेबियन विभागातील विजेती कथा 'द सर्पंट इन द ग्रुव्ह' ही 'एआय' ने विस्तारित केली असल्याचा दावा अभ्यासकांकडून करण्यात आला. त्यानंतर बऱ्याच कथांमध्ये थोडे-बहुत एआय साहाय्य झाल्याचे आरोप होऊ लागले. हे का झाले, तर विविध 'एआय' टूलमध्ये या कथा तपासून पाहण्यात आल्या. पूर्णपणे कृत्रिमपासून ते कृत्रिमेतेचा अंश सापडल्याचे निष्कर्ष काढले गेले. 'ग्रॅण्टा' या कथा आपल्या संकेतस्थळावर उपलब्ध करून देते म्हणून त्यांच्या संपादकांचे हवाले करून बातम्या झाल्या. पण जोवर शंभर टक्के तथ्य समोर येत नाही, तोवर या सर्व विभागीय विजेत्यांच्या कथा ग्रॅण्टा संकेतस्थळावर ठेवणार असल्याने त्या येथे वाचता येतील. मूळ वादाचे वृत्त आणि विभागीय विजेत्यांच्या कथा असणारे दुवे. त्यासह मुंबईतल्या चाळीत घडणाऱ्या 'मेहेंदी नाइट्स' या आशियाई विभागातील कथेच्या लेखिकेचे म्हणणे असलेली बातमीदेखील.

*https://tinyurl.com/mrxstev3, https://tinyurl.com/59795maj, https://tinyurl.com/573xcbuw, https://tinyurl.com/fzwt8fcu, https://tinyurl.com/bdza9cpw*



## ओल्गा टोकर्झुक यांची चूक...

कॉमनवेल्थ कथांचा 'एआय' वाद सुरू असतानाच पोलंडमधील नोबेल विजेत्या लेखिका ओल्गा टोकर्झुक यांनी नुकतेच एक 'एआय टूल' खरेदी केल्याचे विधान केले. त्यांनी कादंबरी लिहिण्यासाठी- कथानक विस्तारासाठी ते घेतल्याचा उल्लेख केला नसतानाही ही टूल खरेदी त्यांच्यावर आरोपांच्या फैरीसाठी पुरेशी ठरली. मग दोन दिवस त्याच विषयाच्या बातम्यांचा पाऊस पाहून त्यांना स्वतःला आपण कधीही कृत्रिम मदत घेऊन लिखाण केले नसून येणारे पुस्तक मीच लिहिले असल्याचा खुलासा करावा लागला. वादाच्या गमतीशीर बातम्या ढिगाने सापडतील. तूर्त हा दोन दुव्यांनी एकत्रच असलेला मजकूर.

*https://tinyurl.com/44zw26bn*

**प्रेरणा**

हम संभावनाओं पर विश्वास करते हैं, तो जीवन के हर पल में नया उत्साह नजर आता है। -अगाथा क्रिस्टी

**संपादकीय**

## इनोवेशन के दौर में पेटेंट्स के महत्व को कम न समझें

नीति आयोग के अनुसार देश में पिछले वर्ष के मुकाबले 2025-26 में 30% ज्यादा पेटेंट्स (1.43 लाख) दाखिल हुए हैं। आयोग ने कहा है कि इनोवेशन में आइडियाज आ रहे हैं, प्रोटो-टाइप या लैब-टेस्ट सफल हो रहे हैं, लेकिन वे कॉमर्शियल उत्पादन तक नहीं पहुंच रहे हैं। इसके लिए पेटेंट इको-सिस्टम बेहतर करने की जरूरत और रिसर्च पर बजट को जीडीपी के वर्तमान 0.5% से बढ़ाकर कम से कम 2% यानी चार गुना करने पर बल दिया है। लेकिन दो अन्य तथ्य भी आयोग के संज्ञान में होने चाहिए। वाणिज्य मंत्रालय ने प्रारम्भिक और द्वितीय चरणों की टेस्टिंग के लिए इंडियन पेटेंट्स ऑफिस में बेहद कम स्टाफ रखा है, जिसके कारण पेटेंट की वैधता (तकनीक की चोरी या एआई से नकल या पुरानी रिपोर्ट को नए शब्दों में दाखिल करना) जांचने में 5-5 साल लग रहे हैं। मात्र रिसर्च का बजट बढ़ाने से भी कुछ नहीं होगा क्योंकि समस्या ढांचागत है। आयोग का सुझाव है कि औद्योगिक काम्प्लेक्स में ही रिसर्च, इनोवेशन और डेवलपमेंट सेंटर्स बनाए जाएं। लेकिन सवाल है कि क्या लाभ कमाने वाले निजी क्षेत्र की जिम्मेदारी नहीं है कि वह भी इनोवेशन में मूकदर्शक बनकर केवल अंतिम निर्माण और उसके लाभ का हकदार बनने की जगह अपने बजट से भी खर्च करे? ध्यान रहे कि अमेरिका और चीन के निजी सेक्टर रिसर्च पर कुल खर्च का 70 फीसदी व्यय करते हैं।

**जीने की राह**

पं. विजयशंकर मेहता
humarehanuman@gmail.com



## बदलते समय में परिवारों का आधार परमात्मा होना चाहिए

कुछ बातों ने बाहर का जीवन तो दूभर कर ही दिया है- शोर, शराबा, शराब, शान, शौकत। इनके कारण बाहर की दुनिया बड़ी विचित्र-सी और बेचैन करने वाली हो गई। एक वक्त था जब शांति की तलाश में लोग बाहर से घर आते थे। लेकिन अब ये बातें घर में भी आ गई। घर में भी शोर है। सदस्य एक-दूसरे से अपशब्द और बड़बोलापन कर रहे हैं। घर-परिवार में कोई कार्यक्रम हो तो लोग शिकायती शब्द, फूला चेहरा लेकर दिखने लगते हैं। शराब जैसे जहर को लोग कीमती जल मानने लगे हैं। शोर इतना हो गया कि मानसिक रोग में बदल रहा है। शान यानी गौरव, गरिमा- जो एक आंतरिक भाव है- धीरे-धीरे शौकत में बदल गया। शौकत में भव्यता है, तड़क-भड़क है, लेकिन प्रदर्शन है। रिश्ते या तो सौदे बन गए या प्रदर्शन की वस्तु। कुछ मिले नहीं तो कोई किसी के लिए कुछ करता नहीं है। ऐसे बदलते समय में कम से कम परिवारों का आधार परमात्मा होना चाहिए। और उसका प्रयोग है- योग। समय आ गया है कि घरों में लोग सामूहिक योग करें।

• Facebook:Pt. Vijayshankar Mehta

**डिफ्रेंट एंगल** • 3 बातों से निर्मित होता है कॉन्फिडेंस

# आत्मविश्वास जरूरी पर इसे भी लगातार 'रिन्यू' करना होता है

**लीडरशिप**

डॉ. राम चरण
विश्व विख्यात लेखक और कई शीर्ष कम्पनियों के सलाहकार



**दुनिया** में छह दशकों तक सीईओ और निदेशक मंडलों को परामर्श देने के दौरान मैंने लगातार एक ऐसी विशेषता देखी है, जो ग्रेट लीडर्स को गुड लीडर्स से अलग करती है। वह बुद्धिमत्ता नहीं है। रणनीति नहीं है। वह केवल अनुभव भी नहीं है। वह है- आत्मविश्वास। अहंकार नहीं। दिखावटी दुःसाहस नहीं। आत्मविश्वास।

आत्मविश्वास हमारी 'बीइंग' की एक दशा है। यह अपनी क्षमताओं की गहरी समझ और उस परिवेश की स्पष्ट पहचान से उत्पन्न होता है, जिसमें व्यक्ति काम करता है। यह वह आश्वस्ति है, जो अपनी शक्तियों को स्पष्ट रूप से जानने और अपनी सीमाओं को ईमानदारी से स्वीकारने से आती है। और यहां सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि आपकी सीमाओं को आपकी राह का अवरोध नहीं बनना चाहिए। उन्हें आपको आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करना चाहिए।

कई लीडर्स आत्मविश्वास को निश्चितता समझने की भूल करते हैं। दोनों एक नहीं हैं। निश्चितता कहती है : मुझे ठीक-ठीक पता है क्या होने वाला है। आत्मविश्वास कहता है : मुझे ठीक-ठीक नहीं पता कि क्या होने वाला है, लेकिन मुझे यह विश्वास है कि मैं उसका सामना करने और उसे हैंडल करने की क्षमता रखता हूं। आज की दुनिया में यह अंतर अत्यंत महत्वपूर्ण है।

वास्तविक आत्मविश्वास का निर्माण करने वाली तीन बातें हैं। पहली, ज्ञान और विशेषज्ञता। जब आप अपने क्षेत्र को गहराई और विशिष्टता के साथ वास्तव में समझते हैं, तब आपको आत्मविश्वास का प्रदर्शन करने की आवश्यकता नहीं पड़ती। वह स्वाभाविक रूप से उपस्थित होता है। तैयारी ही आत्म-आश्वस्ति की नींव है। जिस लीडर ने जमकर काम किया है, उसे दिखावा करने की जरूरत नहीं होती।

दूसरी, अनुभव और उससे प्राप्त सीख। हर चुनौती जिसका आप सामना करते हैं, हर झटका जिसे आप सहते हैं, हर निर्णय जो आप दबाव में लेते हैं- यह सब आपकी नींव को मजबूत करता है। जिसने कठिनाइयों का सामना किया है और उनसे निकलकर आगे बढ़ा है, उसके आत्मविश्वास की प्रकृति उस व्यक्ति से बिल्कुल अलग होती है, जिसने केवल सहज परिस्थितियां ही देखी हों। अपने कठिन क्षणों को व्यर्थ मत जाने दीजिए। उनसे अपने लिए कुछ सीख भी हासिल कीजिए।

तीसरी, आत्म-जागरूकता। यह जानिए कि आप किस चीज में अच्छे हैं। यह भी जानिए कि किन क्षेत्रों में आपको दूसरों की आवश्यकता है। जो लीडर यह दिखावा करता है कि उसमें कोई कमजोरी नहीं है, वह किसी को धोखे में तो नहीं रख पाता, लेकिन स्वयं भी कुछ सीख नहीं पाता है। जो लीडर अपनी शक्तियों और सीमाओं दोनों को स्पष्ट रूप से देखता है, उसी का आत्मविश्वास सबसे स्थायी होता है।

एक और बात याद रखें : आत्मविश्वास स्थिर नहीं, बल्कि गतिशील होता है। यही वह बात है जिसे बहुत से लोग समझ नहीं पाते। आत्मविश्वास ऐसी चीज नहीं है, जिसे एक बार हासिल कर लेने के बाद हमेशा के लिए अपने पास रखा जा सके। यह गतिशील है। इसे आपके साथ निरंतर विकसित होना पड़ता है। दुनिया जिस गति से बदल रही है, उसका इतिहास में कोई उदाहरण नहीं मिलता। नई तकनीकें, नई भू-राजनीतिक वास्तविकताएं और नए व्यावसायिक मॉडल लगातार उभर रहे हैं। आज के आत्मविश्वासी लीडर को इसके लिए तैयार रहना होगा कि वो जो काम कल करता था, उसे भूल सके; जो आज सत्य है, उसे आत्मसात कर सके; और जो कल आवश्यक होगा, उसके लिए अपनी क्षमता विकसित कर सके।

**आत्मविश्वास स्थिर नहीं, बल्कि गतिशील होता है। यह बात बहुत लोग समझ नहीं पाते। यह ऐसी चीज नहीं है, जिसे हासिल कर लेने के बाद हमेशा के लिए पास रखा जा सके। इसे आपके साथ निरंतर विकसित होना पड़ता है।**

इसका अर्थ है कि आत्मविश्वास को निरंतर रिन्यू करना पड़ता है- लगातार सीखते हुए, ईमानदार आत्ममंथन करते हुए, और यह कहने के साहस के जरिए कि : मैं गलत था और अब मैं यह समझ पाया हूं।

जब कोई लीडर वास्तविक आत्मविश्वास के साथ किसी कमरे में प्रवेश करता है, तो कुछ बदल जाता है। टीम इस बात को महसूस करती है। निर्णय अधिक स्पष्ट हो जाते हैं। जोखिम मैनेज करने योग्य लगने लगता है। इनोवेशन संभव हो जाता है। एक आत्मविश्वासी लीडर दूसरों के आत्मविश्वास को दबाता नहीं; उसे बढ़ाता है।

हर शाम स्वयं से तीन प्रश्न पूछिए। आज मैंने क्या अच्छा किया? आज मैंने क्या सीखा? और मैं क्या अलग तरीके से कर सकता था? यह साधारण-सी आदत यदि निरंतर अपनाई जाए, तो उस आत्म-जागरूकता का निर्माण करती है, जो वास्तविक आत्मविश्वास की बुनियाद है। यह न तो नाटकीय है, न ही जटिल। लेकिन यदि इसे ईमानदारी और निरंतरता के साथ अपनाया जाए, तो यह आपके स्वयं को देखने के तरीके और दूसरों के आपको देखने के तरीके- दोनों को बदल देती है। **(ये लेखक के अपने विचार हैं)**

**देशकाल** • मिलजुल कर रहने का जीवन-संगीत सुनें

# जीने के हमारे पुराने तरीके कहीं गुम होते जा रहे हैं...

**समाज**

ज्यां द्रेज़
प्रतिष्ठित अर्थशास्त्री और समाजशास्त्री



**पुराने** दिनों में रांची एक सुंदर शहर हुआ करता था। तब यह आज के जैसा बड़ा शहर नहीं, बल्कि एक छोटा-सा कस्बा था, जिसके चारों ओर कई आदिवासी बस्तियां थीं। बीच में बहुत सारे तालाब, नदियां और बगीचे थे।

फिर धीरे-धीरे इन बस्तियों की जगह बड़े मकान, मॉल और फ्लाईओवर बन गए। अब सिर्फ उनके नाम ही बचे हैं- कांताटोली, डंगराटोली, सिरमटोली, करमटोली आदि।

मैं इन्हीं में से एक बची हुई टोली में रहता हूं, रांची के किनारे। यह उरांव लोगों की बस्ती है, जिसका नाम एक स्थानीय पेड़ के नाम पर है- इसे नीमटोली कहा जाए।

वहां गांव जैसा माहौल धीरे-धीरे कम हो रहा है, लेकिन अभी भी जीवित है।

घर के बाहर एक बड़ा इमली का पेड़ है। बच्चे अकसर इस पेड़ की छांव में खेलते हैं। उनके पास बाजार से खरीदे हुए खिलौने नहीं होते। वे बांस, लकड़ी के टुकड़ों, टूटी चप्पलों, खाली बोतलों और पुराने टायरों से अपने खिलौने खुद बनाते हैं। साधारण खिलौनों के बावजूद वे बहुत मजे से घंटों खेलते रहते हैं।

कई जानवर भी गांव का हिस्सा हैं। इधर-उधर कुत्ते, बिल्लियां, बकरियां और मुर्गियां दिखती रहती हैं। उन्हें बांधकर नहीं रखा जाता। वे खुले में घूमते हैं और समुदाय के सदस्य जैसे हैं।

इस नीमटोली की आवाजें बहुत सुकून देने वाली हैं। वहां गाड़ियों के हॉर्न नहीं सुनाई देते। पक्षियों की चहचहाहट, बच्चों की हंसी, फेरीवालों की आवाज और बारिश की बूंदों की ध्वनि सुनाई देती है।

मुझे सुबह उठते समय चिड़ियों की आवाज सुनना बहुत पसंद है!

गांव में एक छोटी-सी किराने की दुकान है। उसे मिस्टर टोप्पो और उनकी पत्नी मिलकर चलाते हैं। दुकान का नाम उन्होंने अपनी बेटी बुलबुल के नाम पर रखा है। दोनों बहुत मिलनसार हैं। अमूमन, लालची दुकानदार ज्यादा पैसा कमाने के लिए जल्दी-जल्दी ग्राहकों को निपटाते हैं, लेकिन मिस्टर टोप्पो और उनकी पत्नी अपने ग्राहकों से बातें करना पसंद करते हैं।

मेरे कुछ पड़ोसी गरीबी के साये में रहते हैं। उनमें एक विधवा महिला भी हैं, जिनका बच्चा दिव्यांग है। वह गुजारे के लिए देसी दारू बनाती हैं। गांव के लोग उनका सम्मान करते हैं। उनके ग्राहक छोटे-छोटे समूहों में आते हैं, शांति से पीते हैं और फिर घर जाकर या पेड़ के नीचे आराम करते हैं। लेकिन अब तक मैंने उन्हें कभी चिल्लाते या झगड़ते हुए नहीं देखा।

कभी-कभी नीमटोली के सभी लोग किसी दावत या त्योहार के लिए इकट्ठा होते हैं।

उरांव लोगों का सबसे बड़ा त्योहार सरहुल है। उस दिन पूरा गांव सिरमटोली सरना स्थल तक जाने वाले झांकी जुलूस में शामिल होता है। शहर भर में लाल-सफेद पारम्परिक कपड़े दिखाई देते हैं। जुलूस में भारी भीड़ होती है, लेकिन वह शांतिपूर्ण और व्यवस्थित रहती है। यह बहुत सुंदर दृश्य होता है।

एक बार मैंने नीमटोली की कुछ बुजुर्ग महिलाओं से उनके बचपन की जिंदगी के बारे में पूछा। मैंने कहा, पहले लोग बहुत गरीब थे। आज घरों में पंखे और टीवी हैं। क्या जिंदगी बेहतर हुई है?

उन्होंने एक साथ कहा कि पहले की जिंदगी ज्यादा अच्छी थी!

उन्हें याद था कि स्कूल जाते समय वे साफ तालाब में तैरती थीं और लौटते समय खाने के लिए एक साथ घोंघे पकड़ती थीं।

**मैं यह नहीं कह रहा कि हमें फिर से पुराने समय में लौट जाना चाहिए। लेकिन हमें उस जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए और उसके मूल्यों को बचाने की कोशिश करनी चाहिए। सच यही है कि हमने सामुदायिक जीवन का खजाना खो दिया है।**

लेकिन अब लगता है कि पुरानी जीवनशैली की जो थोड़ी-बहुत झलक बची है, वह भी शायद जल्द खत्म हो जाएगी। नीमटोली के आसपास बड़े-बड़े अपार्टमेंट बन रहे हैं। बस्ती कभी भी विस्थापित हो सकती है। इसके साथ जीवन जीने का एक तरीका भी गायब हो जाएगा।

मैं यह नहीं कह रहा कि हमें फिर से पुराने समय में लौट जाना चाहिए। लेकिन हमें उस जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए और उसके मूल्यों को बचाने की कोशिश करनी चाहिए।

हमने सामुदायिक जीवन का खजाना खो दिया है, लेकिन शायद एक दिन हम उसे फिर से खोज लेंगे!

**(ये लेखक के अपने विचार हैं)**

इस लेख को मोबाइल पर सुनने के लिए **QR कोड** को स्कैन करें।

**23 मई के अंक से विशेष अनुबंध के तहत सिर्फ दैनिक भास्कर में**

इकोनॉमिस्ट ने कवर स्टोरी इलॉन मस्क की कंपनी स्पेस एक्स पर की है। स्पेशल स्टोरी में कंज्यूमर एआई की होड़ में गूगल के ओपन एआई को पीछे छोड़ने की स्थितियों का जायजा लिया गया है।

The Economist

दैनिक भास्कर — अब आप इकोनॉमिस्ट के सभी आर्टिकल DB एप पर हर शनिवार पढ़ सकते हैं। डाउनलोड करें डीबी एप।

**वर्ल्ड इन ब्रीफ**

## छह साल बाद स्टार वार्स मूवी की थिएटरों में वापसी



22 मई को मेंडालोरियन और ग्रोग्यू फिल्म की रिलीज के साथ मशहूर स्टार वार्स फ्रेंचाइजी की फिल्म थिएटरों में लौट आई है। 2012 में जार्ज लुकास से लुकास फिल्म और स्टार वार्स ब्रांड खरीदने के बाद डिज्नी ने 2019 तक पांच नई फिल्में रिलीज कर लगभग 57444 करोड़ रु. कमाए थे। द राइज ऑफ स्काईवाकर फिल्म के बाद फ्रेंचाइजी की फिल्में बंद हो गई थीं। फिर स्टार वार्स टीवी शो के रूप में टेलीविजन पर आई। पिछले साल अमेरिकियों ने टीवी पर स्टार वार्स का कंटेंट 33 अरब मिनट तक देखा।

## चीन में एआई सुपर एप्स के कारोबार की रफ्तार में तेजी

चीन में बहुत तेजी से कई सेवाएं देने वाले एआई सुपर एप्स का प्रचलन बढ़ा है। 60 करोड़ से अधिक लोग एजेंटिक एप का इस्तेमाल कर रहे हैं। चीन तेजी से ऐसे भविष्य की ओर बढ़ रहा है, जिसमें एआई जनता की जरूरत की कई वस्तुओं और सेवाओं का खुद चुनाव, खरीदारी और डिलीवरी करेगा। कुछ एप तो लोगों की पसंदीदा कॉफी तक खुद ऑर्डर करते हैं। अलीबाबा, बाइट डांस और टेनसेंट ने डिजिटल सेवाओं का बड़ा नेटवर्क पेश किया है। ये चीन में कंज्यूमर खर्च में गिरावट के बीच विकास दर बढ़ाने के नए स्रोत हो सकते हैं।

## दुबई में रहने वाले विदेशी दूसरे विकल्प खोज रहे हैं

ईरान युद्ध के बाद दुबई में रहने वाले विदेशियों के लिए स्थिति बदल रही है। युद्ध से पहले वहां 30-40 लाख विदेशी थे। कई विदेशी अमेरिका, यूरोप जा चुके हैं। खास बात यह है कि इनमें 2.40 लाख से अधिक करोड़पति हैं। डोमिनिक वोलेक हेनली पार्टनर्स कंपनी के अनुसार अभी हाल के सप्ताहों में यूएई में रहने वाले विदेशियों की ओर से दूसरे विकल्पों की तलाश के लिए पूछताछ में 40% से अधिक बढ़ोतरी हुई है। इनमें सबसे ज्यादा संख्या दुबई में रहने वाले विदेशियों की है।

© 2022 The Economist Newspaper Limited. All rights reserved

**ओपिनियन** मस्क ने 20 मई को अपनी कंपनी स्पेसएक्स के आईपीओ के लिए आवेदन किया है, एआई बिजनेस से होगी 90% कमाई

# घाटे में मस्क की स्पेसएक्स, आईपीओ से शीर्ष 10 कंपनियों में होगी

दुनिया के सबसे अमीर शख्स इलॉन मस्क ने जब स्पेसएक्स शुरू की थी, तब बहुत कम लोगों को भरोसा था कि एक निजी स्टार्टअप लिक्विड ईंधन वाला रॉकेट बनाकर अंतरिक्ष तक पहुंच सकता है। उससे भी बड़ा संदेह इस बात पर था कि रॉकेट बूस्टर को धरती पर वापस लाकर दोबारा इस्तेमाल किया जा सकेगा। 1500 डिग्री सेल्सियस तापमान झेलने वाले रॉकेट को रीयूज करना लंबे समय तक असंभव माना जाता रहा। लेकिन स्पेसएक्स यह कर चुकी है। अब कंपनी इतिहास की सबसे बड़ी लिस्टिंग की तैयारी में है।

स्पेसएक्स ने 20 मई को लगभग 7.19 लाख करोड़ रुपए के आईपीओ के लिए आवेदन दिया है। अगर यह सफल हुआ तो कंपनी की वैल्यू करीब 191 लाख करोड़ रुपए तक पहुंच सकती है। इसके साथ ही स्पेसएक्स दुनिया की 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में शामिल हो जाएगी और 15 दिन के भीतर नैसडैक इंडेक्स में जगह बना सकती है। उस स्थिति में मस्क दुनिया के पहले ट्रिलियनेयर बन सकते हैं। मस्क का बड़ा लक्ष्य केवल रॉकेट कारोबार नहीं, बल्कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) में दबदबा बनाना है। कंपनी के अंतरिक्ष में मौजूद कंप्यूटरों और सैटेलाइट नेटवर्क से एआई के लिए विशाल डेटा जुटाने की योजना है। स्पेसएक्स का स्टारलिंक नेटवर्क इसी रणनीति का अहम हिस्सा माना जा रहा है। हालांकि कंपनी के साथ बड़े जोखिम भी जुड़े हैं।

स्पेसएक्स अभी भी घाटे में चल रही है और उस पर मस्क का लगभग पूर्ण नियंत्रण है। कंपनी का वैल्युएशन उसकी सालाना आय से करीब 100 गुना ज्यादा बताया जा रहा है। विश्लेषकों का कहना है कि मस्क का रिकॉर्ड नकदी बचाने से ज्यादा शेयरहोल्डर वैल्यू बढ़ाने पर रहा है। उनकी दूसरी कंपनियां एक्सएआई और एक्सकॉर्प भी वित्तीय दबाव बढ़ा रही हैं। फिर भी स्पेसएक्स को पूंजीवाद की सबसे बड़ी उपलब्धियों में गिना जा रहा है। सरकारी सहयोग और निजी जोखिम के मिश्रण से कंपनी ने अंतरिक्ष उद्योग की तस्वीर बदल दी है। अगर मस्क रॉकेट लॉन्च की लागत 185 डॉलर प्रति किलो तक लाने में सफल होते हैं, तो अंतरिक्ष कारोबार पूरी तरह बदल सकता है। विशेषज्ञ मानते हैं कि स्पेसएक्स की सफलता केवल मस्क की नहीं, बल्कि भविष्य की वैश्विक टेक और एआई अर्थव्यवस्था की दिशा तय कर सकती है।




▪ इलॉन मस्क की स्पेसएक्स के समान किसी अन्य कंपनी ने पब्लिक मार्केट से पैसा जुटाने की कोशिश नहीं की है। चीनी कंपनी अलीबाबा ने 2014 में उससे लगभग एक तिहाई धन जुटाया था।

### रॉकेट लॉन्चिंग में कई निजी कंपनियां आगे आ रही हैं

स्पेसएक्स से दो साल पहले बेजोस द्वारा बनाई गई कंपनी ब्लू ओरिजन अपने रियूजेबल रॉकेट पर काम कर रही है। उसकी और अमेजन की योजना स्टारलिंक को टक्कर देने के लिए अपने सैटेलाइट नेटवर्क बनाने की है। दिसंबर में एक निजी चीनी कंपनी लैंडस्पेस ने रियूजेबल रॉकेट का टेस्ट लॉन्च किया है। एक अन्य चीनी कंपनी स्पेस पायोनियर अप्रैल में कोशिश कर चुकी है।

### स्पेसएक्स को अभी हर माह 9590 करोड़ रु. का नुकसान

20 मई को दाखिल अपने आईपीओ के आवेदन में स्पेसएक्स की बिजनेस योजना में रॉकेट लॉन्चिंग को जोखिम भरा बताया गया है। कंपनी को हर माह 9590 करोड़ रुपए घाटा हो रहा है। ज्यादा घाटा एआई बिजनेस एक्सएआई में हो रहा है। उसने पहली तिमाही में 76728 करोड़ रुपए खर्च किए हैं और वह इंडस्ट्री की दूसरी स्टार कंपनियों से बहुत पीछे है।

### वर्तमान अमेरिकी जीडीपी के बराबर हो सकती है कमाई

आईपीओ के आवेदन में बताया गया है कि उसके बिजनेस का 90% हिस्सा एआई से आएगा, जिसमें अनुमान जताया गया है इसकी वैल्यू वर्तमान अमेरिकी जीडीपी के बराबर करीब 2733 लाख करोड़ रुपए (28.5 ट्रिलियन डॉलर) हो सकती है। पर यह स्पष्ट नहीं है कि यह अंतरिक्ष में स्थित डेटा सेंटरों के एआई बिजनेस से आएगा या दूसरों को डेटा सेंटर की सेवाएं बेचने से मिलेगा।

© 2022 The Economist Newspaper Limited. All rights reserved

**बिजनेस** गूगल-ओपन एआई के बीच प्रतिस्पर्धा, जेमिनाई के नए एजेंट लॉन्च

# बंद फोन, लैपटॉप पर भी आपके काम करेगा एआई

**गूगल** अब केवल सर्च इंजन कंपनी नहीं रहना चाहती। उसका अगला लक्ष्य कंज्यूमर एआई की दुनिया में वही दबदबा बनाना है, जो कभी इंटरनेट सर्च में था। और अब ऐसा लगने लगा है कि वह ओपनएआई से एआई की दौड़ में ताज छीन सकती है। 19 मई को गूगल ने नए जेमिनाई 3.5 फ्लैश मॉडल से चलने वाले एआई एजेंट्स की श्रृंखला पेश की। इनमें ऐसे एआई कोडर्स भी शामिल हैं जो ओपनएआई और एंथ्रोपिक के टूल्स को चुनौती देने के लिए बनाए गए हैं।

गूगल का फोकस अब केवल चैटबॉट नहीं, बल्कि 'काम करने वाले एआई' पर है। कंपनी ऐसे एजेंट्स ला रही है जो यूजर के फोन या लैपटॉप बंद करने के बाद भी काम जारी रख सकेंगे। 'जेमिनाई स्पार्क' नाम का एजेंट ईमेल स्कैन करने, ग्रुप ट्रिप आयोजित करने जैसे कई डिजिटल काम अपने आप निपटा सकेगा। वहीं गूगल सर्च में जोड़े जा रहे 'इंफॉर्मेशन एजेंट्स' स्पोर्ट्स टूर्नामेंट्स, शॉपिंग सेल्स और शेयर बाजार पर नजर रखेंगे। उसके कुछ एजेंट सीधे जेमिनाई ऐप में होंगे, जिसे हर महीने करीब 90 करोड़ लोग इस्तेमाल कर रहे हैं। कुछ एआई फीचर्स गूगल सर्च में जुड़ेंगे। इससे ओपनएआई पर दबाव बढ़ सकता है। दरअसल, गूगल की तेजी ने ओपनएआई को पहले ही सतर्क कर दिया था। नवंबर में जेमिनाई- 3 मॉडल आने के बाद ओपनएआई के सीईओ सैम आल्टमैन ने कर्मचारियों के लिए 'कोड रेड' इमरजेंसी जारी की थी। इसके बाद कंपनी ने अपने कोडिंग एजेंट्स पर फोकस बढ़ाया। लेकिन जेमिनाई 3.5 फ्लैश और नए एआई एजेंट्स ने फिर चैटजीपीटी की बढ़त पर सवाल खड़े कर दिए हैं। गूगल की पैरेंट कंपनी अल्फाबेट इनकॉर्पोरेशन का बाजार मूल्य जनवरी के 382 लाख करोड़ रु. से बढ़कर अब लगभग 478 लाख करोड़ रु. तक पहुंच गया है। हालांकि इस सफलता के साथ चुनौतियां भी बढ़ रही हैं। सीईओ सुंदर पिचई के मुताबिक एआई उपयोग मापने वाले टोकन्स की संख्या एक साल पहले 480 खरब थी, जो अब बढ़कर हर महीने 3.2 क्वाड्रिलियन (3.2 के बाद 15 जीरो) हो गई है। इसका मतलब है कि कम्प्यूटिंग कॉस्ट तेजी से बढ़ रही है। खर्च घटाने के लिए गूगल एआई सेवाओं में विज्ञापन जोड़ सकती है। फिलहाल जेमिनाई एप में विज्ञापन नहीं हैं, लेकिन गूगल ने सर्च सेवाओं के एआई-जनरेटेड जवाबों में विज्ञापन दिखाने शुरू कर दिए हैं। यही संकेत है कि आने वाले समय में एआई केवल तकनीकी लड़ाई नहीं, बल्कि दुनिया का सबसे बड़ा विज्ञापन और डेटा कारोबार भी बनने जा रहा है।



**पूंजी खर्च छह गुना बढ़ेगा**

एआई टोकन जनरेट करने के लिए कंप्यूटिंग पॉवर लगती है। इस कारण गूगल का पूंजी खर्च चार साल पहले से छह गुना बढ़कर इस साल 18.18 लाख करोड़ रु. हो जाएगा। चिप से लेकर बिजली के दाम बढ़ने से यह खर्च और भी बढ़ सकता है।

© 2022 The Economist Newspaper Limited. All rights reserved

**शिक्षा** मेंटल हेल्थ को लेकर चिंतित परिवार

# अमेरिका में बच्चों की होम स्कूलिंग पांच साल में दोगुनी से ज्यादा बढ़ी

**अमेरिका,** ब्रिटेन, ऑस्ट्रेलिया और कनाडा जैसे देशों में बच्चों को घर में पढ़ाने यानी होम स्कूलिंग का चलन तेजी से बढ़ रहा है। 2024 में अमेरिका में स्कूल जाने की उम्र के करीब 32 लाख यानी 6% बच्चों ने घर में पढ़ाई की। यह संख्या 2019 के मुकाबले दोगुनी है। पहले होम स्कूलिंग मुख्य रूप से परंपरावादी ईसाइयों से जुड़ी मानी जाती थी। लेकिन अब दूसरे समुदायों में भी इसका चलन बढ़ रहा है। कई पैरेंट्स स्कूलों में भेदभाव, संवेदनहीन पाठ्यक्रम, सोशल मीडिया के दबाव और बच्चों की मानसिक सेहत को लेकर चिंतित हैं। डब्ल्यूएचओ के 44 देशों में हुए सर्वे के मुताबिक स्कूल का दबाव महसूस करने वाली 15 साल की लड़कियों की संख्या 2018 से 2022 के बीच 54% से बढ़कर 63% हो गई। इंग्लैंड के एक सर्वे में घर में पढ़ने वाले छह में से एक बच्चे की पढ़ाई पर मानसिक स्वास्थ्य का असर पाया गया। हालांकि चीन, जर्मनी, ग्रीस, स्पेन और तुर्की में इसकी अनुमति मुश्किल से मिलती है।



**अमेरिका में सबसे ज्यादा**

2019-24 के बीच होम स्कूलिंग के मामले में सबसे ज्यादा वृद्धि अमेरिका में हुई। यहां करीब 32 लाख बच्चों ने घर पर पढ़ाई की जो करीब 120% की वृद्धि है। ऐसे ही ब्रिटेन में एक लाख 12 हजार (105%) और ऑस्ट्रेलिया में 63 हजार (95%) बच्चों ने होम स्कूलिंग की।

© 2022 The Economist Newspaper Limited. All rights reserved

**बैलेंसशीट** • डॉलर में 10% कमजोरी, सोने की कीमत में 60% उछाल और बॉन्ड की तगड़ी खरीद से 26.4% बढ़ी केंद्रीय बैंक की आय; ये पांच साल में सबसे बड़ी छलांग

# आरबीआई का केंद्र को 2.87 लाख करोड़ का रिकॉर्ड डिविडेंड, बजट अनुमान से थोड़ा कम

भास्कर न्यूज़ | मुंबई

आरबीआई ने केंद्र सरकार को वित्त वर्ष 2025-26 के लिए 2.87 लाख करोड़ रुपए के डिविडेंड को मंजूरी दे दी।



यह ट्रांसफर ऐसे समय पर आया है जब मिडिल ईस्ट संकट के कारण कच्चे तेल की कीमतें बढ़ रही हैं और भारतीय अर्थव्यवस्था पर दबाव है। हालांकि, यह राशि सरकार के बजट अनुमानों से थोड़ी कम है। केंद्र ने इस साल के बजट में रिजर्व बैंक, राष्ट्रीयकृत बैंकों और वित्तीय संस्थानों से कुल 3.16 लाख करोड़ के लाभांश की उम्मीद जताई थी। आरबीआई की कुल आय 26.42% बढ़ी और शुद्ध आय 3.95 करोड़ रही, जो पिछले साल के 3.13 लाख करोड़ से अधिक है। कोटक महिंद्रा बैंक की मुख्य अर्थशास्त्री उपासना भारद्वाज का कहना है, 'आरबीआई का सरप्लस ट्रांसफर उम्मीद से कम है, जिससे राजकोषीय घाटे के जोखिम को संभालने के लिए सरकार के पास विकल्प सीमित हो जाते हैं।'

**बड़ा सवालः क्या भारतीय रिजर्व बैंक मोटा मुनाफा कमाने के लिए बना है?** नहीं। केंद्रीय बैंक का मूल काम अर्थव्यवस्था को स्थिर रखना है। महंगाई नियंत्रित करना, ब्याज दरें और विनिमय दर संतुलित रखना, मुद्रा छापना, विदेशी मुद्रा भंडार प्रबंधित करना और सरकार के लिए बैंकिंग सेवाएं देना। इन कामों के दौरान जो अतिरिक्त आमदनी होती है, वह सरकार को सौंप दी जाती है।

**फिर मुनाफा कैसे होता है?** आरबीआई बाजार में हस्तक्षेप करता है, रुपए की अस्थिरता रोकने के लिए डॉलर खरीदता-बेचता है। जब रुपया कमजोर होता है तब बेचे गए डॉलर पर मुनाफा होता है। बैंकों को बाजार दर पर कर्ज देने से ब्याज मिलता है। नोट छापने से भी आमदनी होती है, क्योंकि नोट की छपाई लागत उसके अंकित मूल्य से कम होती है।

### इस बार रिकॉर्ड डिविडेंड के पीछे क्या कारण?

1 अमेरिकी डॉलर करीब 10% कमजोर हुआ, जिससे आरबीआई के विदेशी मुद्रा भंडार का मूल्यांकन लाभ बढ़ा।

2 सोने की कीमतें वित्त वर्ष 2026 में 60% बढ़ीं, जिससे आरबीआई के सोने के भंडार की वैल्यू काफी बढ़ी।

3 आरबीआई ने बैंकिंग प्रणाली में नकदी डालने के लिए 9 लाख करोड़ रुपए के बॉन्ड खरीदे, जिससे बैलेंस शीट लगभग 20% बढ़ी और आमदनी का पैमाना भी बड़ा हुआ।

### आरबीआई कैसे तय करता है कि सरकार को कितना डिविडेंड दे?

बिमल जालान समिति (2018-19) द्वारा तैयार इकोनॉमिक कैपिटल फ्रेमवर्क (ईसीएफ) इसका आधार है। आरबीआई को अपने बैलेंस शीट का एक तय हिस्सा कॉन्टिंजेंट रिस्क बफर (सीआरबी) के रूप में रखना होता है, यानी वित्तीय झटकों से बचाव के लिए सुरक्षित राशि। वित्त वर्ष 2026 में सीआरबी को 7.5% से घटाकर 6.5% किया गया। केंद्रीय बोर्ड ने वित्त वर्ष 2026 के लिए 1.09 लाख करोड़ सीआरबी में ट्रांसफर किए, जो पिछले साल के 44,861.70 करोड़ रुपए से अधिक है। इससे सरकार को मिलने वाला अंतिम सरप्लस प्रभावित हुआ।

### पिछले 5 साल में आरबीआई ने कितना डिविडेंड दिया है?

| वित्त वर्ष | सरकार को ट्रांसफर |
|---|---|
| 2022 | 30,307 करोड़ |
| 2023 | 87,416 करोड़ |
| 2024 | 2,10,874 करोड़ |
| 2025 | 2,68,590 करोड़ |
| 2026 | 2,86,588 करोड़ |

- वित्त वर्ष 2022 में ट्रांसफर 10 साल का सबसे कम था, क्योंकि कोविड के दौरान आरबीआई ने बैंकिंग प्रणाली में बड़ी मात्रा में नकदी डाली थी, जिससे उसकी लाभप्रदता घट गई। इसके बाद से यह रकम लगातार बढ़ती जा रही है।

### इस डिविडेंड से केंद्र का राजकोषीय घाटा कितना कम हो सकता है?

- अर्थशास्त्रियों का मानना है कि रिकॉर्ड लाभांश के बावजूद सरकार के लिए 4.3% राजकोषीय घाटे का लक्ष्य हासिल करना मुश्किल होगा। इक्रा की मुख्य अर्थशास्त्री अदिति नायर के अनुसार, 2.9 लाख करोड़ के आसपास का डिविडेंड उम्मीदों के अनुरूप है। लेकिन खाद, ईंधन सब्सिडी की बढ़ती जरूरतों और कम टैक्स कलेक्शन से बजट अनुमानों पर दबाव रहेगा।
- नायर को उम्मीद है कि सरकार वित्त वर्ष 2027 के लिए तय 4.3% के राजकोषीय घाटे के लक्ष्य से 40 बेसिस पॉइंट ऊपर निकल जाएगा। यानी 4.7% रह सकता है, बशर्ते कच्चे तेल की औसत कीमत 95 डॉलर प्रति बैरल रहे।

## बिजनेस ब्रीफ

### सैमसंगः स्टाफ को ₹2.5 लाख करोड़ का बोनस

**सोल**| सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स अपने चिप डिवीजन के 78,000 कर्मचारियों को इस साल औसतन 3.40 लाख डॉलर (3.25 करोड़ रुपए) का बोनस देगी। हालांकि, बोनस का स्तर अलग-अलग कर्मचारियों के लिए अलग-अलग हो सकता है। कंपनी ने संभावित स्ट्राइक टालने के लिए लेबर यूनियन्स से आखिरी समय में समझौता किया है। कंपनी बोनस पर कुल 26.6 अरब डॉलर (2.5 लाख करोड़ रुपए) खर्च करेगी। यह बोनस 2026 के ऑपरेटिंग प्रॉफिट अनुमान पर आधारित है।

### रुपया 76 पैसे मजबूत, अब 1 यूएस डॉलर ₹95.60 का

**मुंबई**| भारतीय रुपया अमेरिकी डॉलर के सामने लगातार दूसरे दिन शुक्रवार को 76 पैसे मजबूत हुआ। इसके बाद एक डॉलर की कीमत 95.60 हो गई। कच्चे तेल की कीमतों में नरमी, अमेरिकी ट्रेजरी यील्ड में गिरावट रुपए को सहारा मिला। माना जा रहा है कि आरबीआई के हस्तक्षेप से भी मदद मिली। दिन में रुपया डॉलर के मुकाबले 95.30 और 95.68 के दायरे में घूमा। गुरुवार को यह अपने रिकॉर्ड निचले स्तर 96.86 से 50 पैसे सुधरकर 96.36 प्रति यूएस डॉलर पर बंद हुआ था।

### सेबी री-लिस्टेड शेयरों की ओपनिंग प्राइस तय करेगा

**मुंबई**| सेबी ने री-लिस्टेड शेयरों की ओपनिंग प्राइस तय करने के नियम में बदलाव का प्रस्ताव दिया है। अब प्री-ओपन ऑक्शन में कम से कम पांच अलग-अलग पैन-आधारित खरीदार और विक्रेता होना जरूरी होगा। इससे शेयरों में होने वाली गड़बड़ी और भारी उतार-चढ़ाव पर रोक लगेगी। अभी सिर्फ एक ऑर्डर मैच होने पर भी भाव तय हो जाता है। नया नियम आने से निवेशकों के जेन्युइन ऑर्डर रिजेक्ट नहीं होंगे। इस प्रस्ताव पर आम लोग 11 जून 2026 तक अपनी राय दे सकते हैं।

### सेंट्रल बैंकः OFS के लिए ₹2,380 करोड़ की बोली

**नई दिल्ली**| केंद्र सरकार सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया में अपनी 8% हिस्सेदारी बेच रही है। इससे सरकारी खजाने को 2,456 करोड़ रुपए मिलेंगे। चालू वित्त वर्ष के इस पहले ऑफर फॉर सेल (ओएफएस) के लिए 31 रुपए का फ्लोर प्राइस तय हुआ है। शुक्रवार को पहले दिन संस्थागत निवेशकों ने तय कोटे से 2.36 गुना अधिक यानी 2,380 करोड़ रुपए की बोलियां लगाईं। आम निवेशकों के लिए यह बिक्री सोमवार को खुलेगी। इस फैसले से बैंक में सरकारी हिस्सेदारी घटकर 81.27% रह जाएगी।

**जनवरी-मार्च** • कर्मचारी भर्ती करने वाले प्रतिष्ठान 13.5%, एक साल पहले 14% थे

# असंगठित क्षेत्र में रिकॉर्ड 15 करोड़ रोजगार, सैलरीड जॉब 25% से नीचे

भास्कर न्यूज़ | मुंबई

रोजगार के मामले में दिलचस्प ट्रेंड सामने आया है। देश के असंगठित क्षेत्र यानी अनइनकॉरपोरेटेड सेक्टर में जनवरी-मार्च तिमाही में रोजगार रिकॉर्ड 15.2 करोड़ तक पहुंच गया। प्रतिष्ठानों की संख्या भी 16.7% बढ़कर 9.16 करोड़ हो गई। लेकिन इस बड़े विस्तार के बीच एक चिंताजनक संकेत भी है। आधिकारिक आंकड़े बताते हैं कि वेतन पर काम करने वाले यानी हायर्ड वर्कर्स की हिस्सेदारी घटकर 24.8% रह गई, जो एक साल पहले 26.9% थी।

हायर्ड वर्कर्स की संख्या में सबसे तेज गिरावट ग्रामीण इलाकों और ट्रेड सेक्टर में देखी गई। यह इस बात का संकेत है कि देश में रोजगार तो बढ़ रहा है, लेकिन वेतन वाले काम नहीं बढ़ रहे। स्व-रोजगार का वर्चस्व बढ़ता जा रहा है, जो लंबी अवधि की आय सुरक्षा के लिहाज से जोखिम बढ़ाने वाला ट्रेंड है। सभी सेक्टरों को मिलाकर देखें तो जनवरी-मार्च में कर्मचारियों की भर्ती करने वाले प्रतिष्ठानों (एस्टेब्लिशमेंट्स) की हिस्सेदारी 13.5% रही, जो एक साल पहले के 14% से कम है। हालांकि, यह अक्टूबर-दिसंबर 2025 के 12.7% के मुकाबले ज्यादा है।

### पार्टिसिपेशनः वेतन वाली नौकरियों में महिलाओं की भागीदारी अब 29%

| मुख्य आंकड़े | संख्या/फीसदी | घटा/बढ़ा |
|---|---|---|
| कुल रोजगार | 15.2 करोड़ | +15.5% |
| प्रतिष्ठान | 9.16 करोड़ | +16.7% |
| हायर्ड वर्कर्स | 24.8% | -2.1 पीपी |
| महिला भागीदारी | 29% | +1.0 पीपी |

- देश में एम्प्लॉयर करीब 9% से बढ़कर लगभग 17% हो गए, पर वेतन पर नियुक्तियां घटी हैं।

### शहर Vs गांवः ग्रामीण इलाकों में वेतन पाने वाले कर्मी घटकर 15% से भी कम

| क्षेत्र | जन.-मार्च 25 | जन.-मार्च 26 | कमी |
|---|---|---|---|
| ग्रामीण | 17.6% | 14.6% | 3.0 पीपी |
| शहरी | 34.6% | 34.1% | 0.5 पीपी |
| कुल | 26.9% | 24.8% | 2.1 पीपी |

- शहरी इलाकों में स्थिति 1 साल से लगभग स्थिर

### फॉर्मल एम्प्लॉयरः वेतन वाले काम देने वाले प्रतिष्ठान नहीं बढ़ पा रहे

| तिमाही | हिस्सेदारी |
|---|---|
| अक्टूबर-दिसंबर-25 | 12.7% |
| जनवरी-मार्च-25 | 14.0% |
| जनवरी-मार्च-26 | 13.5% |

पिछले साल से कम, लेकिन अक्टूबर-दिसंबर से बेहतर

### सेक्टरः सर्विसेज में हायर्ड वर्कर्स का हिस्सा बढ़ा, मैन्युफैक्चरिंग में स्थिर, पर ट्रेड में घटा

| तिमाही | मैन्युफैक्चरिंग | ट्रेड | सर्विसेज |
|---|---|---|---|
| जन.-मार्च-25 | 11.3% | 18.3% | 12.7% |
| अप्रैल-जून-25 | 10.8% | 16.0% | 12.7% |
| जुलाई-सितं.-25 | 11.4% | 16.3% | 12.7% |
| अक्टू.-दिसं.-25 | 10.5% | 15.4% | 12.4% |
| जन.-मार्च-26 | 11.9% | 14.7% | 13.9% |

(स्रोतः सांख्यिकी और कार्यक्रम क्रियान्वयन मंत्रालय)

### ये चिंताजनक... ग्रामीण इलाकों में हायर्ड वर्कर्स शहरों से 6 गुना तेज घटे



**41.4%** प्रतिष्ठानों के पास किसी भी तरह का पंजीकरण, आधे से कम नियामकों के दायरे में हैं।

- ग्रामीण इलाकों में हायर्ड वर्कर्स की हिस्सेदारी 3 प्रतिशत अंक घटी, ये शहरों की तुलना में 6 गुना तेज है।
- ट्रेड सेक्टर में सैलरीड वर्कर्स लगातार घट रहे, छोटे दुकानदार और व्यापारी मजदूरों पर खर्च कम रहे हैं।
- रोजगार का विस्तार हो रहा है, लेकिन स्व-रोजगार की ओर झुकाव; वेतन वाली नौकरियां सिकुड़ रही हैं।

**हर रोज एक से ज्यादा अरबपति बन रहे, कुल संपत्ति ₹1,924 लाख करोड़**

# 2026: दुनिया में रिकॉर्ड 3,428 अरबपति, 400 बढ़े, इनकी कुल संपत्ति भी 25% बढ़ी

**भास्कर न्यूज़. मुंबई**| चुनौतीपूर्ण हालात में इस साल अरबपतियों ने सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए। फोर्ब्स के मुताबिक, 2026 में दुनियाभर में अरबपतियों की संख्या 400 बढ़कर रिकॉर्ड 3,428 हो गई। इनकी दौलत भी 20.1 लाख करोड़ डॉलर (₹1,924 लाख करोड़) हो गई। इसमें एक साल में ₹383 लाख करोड़ की बढ़ोतरी हुई।

### रिकॉर्डः 20 अरबपति $100 बिलियन क्लब में

**3,428** कुल अरबपति
**+400** बढ़े

**₹1,924** लाख करोड़ **कुल दौलत**
**₹383** लाख करोड़ बढ़ी

- **औसत संपत्तिः** ₹55,521 करोड़ प्रति अरबपति हो गई
- **$100B+ क्लबः** 20 अरबपति, ये रिकॉर्ड (₹9.57 लाख करोड़)
- **26 नए** भारतीय पहली बार ग्लोबल बिलियनेसर लिस्ट में शामिल हुए
- **टॉप-10** भारतीय अमीरों की कुल दौलत ₹35 लाख करोड़ से ज्यादा

- **नारी शक्तिः** महिला अरबपतियों की संख्या 481 हो गई। कुल अरबपतियों में इनकी हिस्सेदारी 14% हो गई।
- **ओल्ड इज गोल्डः** 87.2% अरबपति 50 साल से ज्यादा उम्र के, युवाओं (50 से कम) की हिस्सेदारी 12.8% है।

### इन 5 देशों में सबसे ज्यादा अरबपति




### 25% बढ़ी अरबपतियों की संपत्ति

| वर्ष | संपत्ति |
|---|---|
| 2024 | ₹1,359 |
| 2025 | ₹1,541 |
| 2026 | ₹1,924 |

नोटः कुल दौलत के आंकड़े लाख करोड़ में

- मुंबई यूनिवर्सिटी अरबपति पैदा करने वाले दुनिया के टॉप-10 विश्वविद्यालयों में है।
- इसके 31 अरबपति पूर्व छात्र ₹22 लाख करोड़ की संपत्ति संभालते हैं। भारत में अब 29 ऐसे विश्वविद्यालय हैं।

### टॉप-5, मस्क की दौलत दूसरे नंबर के पेज से 3 गुना



| ₹80.3 | ₹24.6 | ₹22.6 | ₹21.4 | ₹21.2 |
|---|---|---|---|---|
| इलॉन मस्क, टेस्ला, स्पेसएक्स | लैरी पेज, गूगल | सर्गेई ब्रिन गूगल | जे. बेजोस अमेजन | जकरबर्ग मेटा |

आंकड़े लाख करोड़ रुपए में | मस्क की दौलत एक साल में 47 लाख करोड़ बढ़ी

**रणनीति** • एआई सिस्टम बनाने की दौड़ शुरू

# विदेशी टेक्नोलॉजी पर निर्भरता घटाने को 6 देश कर रहे निवेश

बिजनेस संवाददाता | नई दिल्ली

एआई अब सिर्फ निजी क्षेत्र का बिजनेस नहीं, बल्कि राष्ट्रीय सुरक्षा, तरक्की का नया पैमाना है। यही वजह है कि भारत, यूएई, सऊदी अरब, चीन, सिंगापुर और फ्रांस विदेशी तकनीक पर निर्भरता खत्म करने के लिए हजारों करोड़ रुपए निवेश कर रहे हैं। ये देश सॉवरेन एआई और कम्प्यूटिंग ढांचा खड़ा कर रहे हैं। भारत 'इंडिया एआई मिशन' के जरिए क्षमता बढ़ा रहा है। आईटी मंत्रालय के नेतृत्व में हजारों जीपीयू वाला राष्ट्रीय कम्प्यूटिंग ढांचा तैयार हो रहा है। सरकार एआई स्टार्टअप्स, सार्वजनिक डेटासेट और स्किल डेवलपमेंट प्रोग्राम्स को बढ़ावा दे रही है। 'इंडिया एआई' प्लेटफॉर्म अब नीति और सहयोग का हब है।

**यूएईः साल 2027 तक एआई नेटिव सरकार बनने का लक्ष्य**
अबू धाबी ने 1.24 लाख करोड़ रुपए की रणनीति घोषित की है। लक्ष्य 2027 तक दुनिया की पहली एआई-नेटिव सरकार बनाने का है।

**सऊदी अरबः विजन 2030 के तहत एआई पर बढ़ाया फोकस**
पब्लिक इन्वेस्टमेंट फंड समर्थित ह्यूमैन कंपनी क्षेत्रीय बाजारों के लिए अरबी एआई मॉडल और क्लाउड सिस्टम तैयार कर रही है।

**चीनः 13,400 करोड़ रुपए का विशाल सरकारी फंड बनाया**
चीन तकनीकी आत्मनिर्भरता के लिए बुनियादी ढांचे का विस्तार कर रहा है। 'जीपू एआई' को 13400 करोड़ रुपए का फंड मिला है।

**सिंगापुरः एआई प्रोडक्ट्स के लिए 'न्यूट्रिशन लेबल'**
सिंगापुर एआई उत्पादों के लिए 'न्यूट्रिशन लेबल' जैसा सिस्टम ला रहा है, जिससे उनकी खूबी और कमियां पता चल सकें।

**फ्रांसः अमेरिकी-चीनी निर्भरता घटाने का लक्ष्य**
फ्रांस ने यूरोप को अमेरिकी-चीनी एआई पर निर्भरता से बचने की चेतावनी दी है। एआई एक्ट के जरिए स्टार्टअप्स, रिसर्च को बढ़ावा दे रहा है।

# स्मार्ट कॉन्टैक्ट लेंस- आंख ही कम्प्यूटर बन जाएगी



**दुबई** | अब आंख में सीधे पहनने वाला स्मार्ट कॉन्टैक्ट लेंस आ रहा है। दुबई की कंपनी एक्सपैसिओ इसका प्रोटोटाइप तैयार कर रही है। यह जीपीएस नेविगेशन से लेकर ऑगमेंटेड रियलिटी तक सब कुछ आंखों के सामने दिखा सकेगा। कंपनी को दो राउंड की वेंचर कैपिटल फंडिंग मिल चुकी है और उसका दावा है कि 2030 तक यह लेंस बाजार में आ सकता है।

**स्मार्ट कॉन्टैक्ट लेंस के फीचर्स**

**जीपीएस नेविगेशनः** रास्ता सीधे आंख के सामने, बिना फोन निकाले

**ऑगमेंटेड रियलिटीः** असली दुनिया पर डिजिटल जानकारी का ओवरलैप

**नेक्स्ट-जेन वियरेबलः** स्मार्टवॉच और ग्लासेज से भी ज्यादा इनविजिबल टेक।

**शेयर मार्केट** • एक समय 628 अंक उछला, पर महंगे क्रूड से बढ़त सीमित

# बैंक शेयरों में खरीदारी से 232 अंक चढ़ा सेंसेक्स

बिजनेस संवाददाता | मुंबई

शेयर बाजार में शुक्रवार को रिकवरी देखी गई। सेंसेक्स 232 अंक चढ़कर 75,415 पर और निफ्टी 65 अंक की तेजी के साथ 23,719 पर बंद हुआ। इस बढ़त में आईसीआईसीआई, एचडीएफसी और एक्सिस जैसे बड़े प्राइवेट बैंकों के शेयरों में उछाल का विशेष योगदान रहा। अमेरिका-ईरान शांति वार्ता में प्रगति के बीच एक समय सेंसेक्स 628 अंक तक उछलकर 75,811 तक पहुंच गया था। लेकिन ब्रेंट क्रूड के दाम 3.7% बढ़कर 106.36 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंचने से बढ़त सीमित हो गई। जियोजीत इन्वेस्टमेंट्स के रिसर्च हेड विनोद नायर के अनुसार, वैश्विक स्तर पर एआई निवेश का विषय मुख्य ड्राइवर बना हुआ है।

**आगे कैसा रहेगा ट्रेंड...**
एलकेपी सिक्युरिटीज के रिसर्च हेड रूपक डे ने कहा कि बेंचमार्क इंडेक्स निफ्टी पिछले 4-5 दिनों से एक सीमित दायरे में है। 23,600 पर इसे तत्काल सपोर्ट है, जिसके नीचे बाजार 23,400 तक जा सकता है। 23,800 के ऊपर जाने पर ही बाजार में नई तेजी की दिशा तय होगी।

**रिजल्ट** • घरेलू बाजार में फॉर्मुलेशन की तगड़ी बिक्री

# सन फार्मा का मुनाफा आय से दोगुना बढ़कर ₹2,714 करोड़

बिजनेस संवाददाता | मुंबई

देश की सबसे बड़ी दवा कंपनी सन फार्मा का मुनाफा आय से दोगुनी बढ़ी है। जनवरी तिमाही में कंपनी का मुनाफा 26.2% बढ़कर ₹2,714 करोड़ हो गया। जनवरी-मार्च 2025 में कंपनी ने ₹2,150 करोड़ मुनाफा कमाया था। यह कामयाबी घरेलू बाजार में फॉर्मुलेशन की जोरदार बिक्री का नतीजा है। बीती तिमाही में कंपनी की आय 12.8% बढ़कर ₹14,612 करोड़ हो गई, जो एक साल पहले ₹12,959 करोड़ थी।

जनवरी-मार्च में सन फार्मा का कुल खर्च पिछले साल के ₹9,956 करोड़ से 15.7% बढ़कर ₹11,519 करोड़ हो गया। कंपनी के बोर्ड ने 31 मार्च को खत्म वित्त वर्ष 2025-26 के लिए प्रति शेयर 5 रुपए फाइनल डिविडेंड की सिफारिश की है। इससे पहले कंपनी बीते वित्त वर्ष के लिए ही प्रति शेयर 11 रुपए का अंतरिम डिविडेंड दे चुकी है। इस तरह चालू वित्त वर्ष का कुल डिविडेंड 16 रुपए प्रति शेयर हो गया है। यह वित्त वर्ष 2025 के बराबर ही है।

सन फार्मा का वित्त वर्ष 2026 में मुनाफा 5% बढ़कर ₹11,479 करोड़ हो गया। यह पिछले वित्त वर्ष 2025 में ₹10,929 करोड़ था। इस दौरान कंपनी की आय भी पिछले साल के 52,578 करोड़ से 11% बढ़कर ₹58,462 करोड़ पर पहुंच गई।

### ऑर्गेनन के अधिग्रहण से वैश्विक पहुंच बढ़ेगी

- सन फार्मा के एमडी कीर्ति गनोरकर ने ऑर्गेनन के अधिग्रहण पर कहा, 'यह डील बदलाव की रफ्तार बढ़ाएगी। कंपनी दुनिया की बड़ी दवा कंपनियों की कतार में शामिल हो जाएगी।'
- सन फार्मा अमेरिकी कंपनी ऑर्गेनन को ₹1.1 लाख करोड़ में खरीदने जा रही है। यह किसी भारतीय दवा कंपनी सबसे बड़ा विदेशी अधिग्रहण है।

- फॉर्मुलेशन बिक्री मार्च तिमाही में 14.8% बढ़कर 4,836 करोड़
- कुल बिक्री में घरेलू फॉर्मुलेशन बिक्री का योगदान 33.2% रहा।
- अमेरिकी इनोवेटिव मेडिसिन बिजनेस भी $1 अरब को पार कर गया। अमेरिकी फॉर्मुलेशन की बिक्री 1.1% घटकर $45.9 करोड़ रही।
- कुल बिक्री में अमेरिकी बाजार का हिस्सा 28.8% रहा।

**बिजनेस एंकर** वियतनाम की जेल में बंद घोटालेबाज ट्रॉन्ग माई की जब्त 1,200 संपत्तियों की नीलामी शुरू

# 4.2 लाख करोड़ रुपए के बैंक घोटाले की रिकवरीः पूर्व टाइकून के 2 हर्मेस बर्किन बैग 5 करोड़ में बिके; महज 30 मिनट में लगी बोली

बिजनेस संवाददाता | हनोई

दुनिया के सबसे महंगे हैंडबैग्स में शुमार हर्मेस बर्किन फिर सुर्खियों में हैं। लेकिन इस बार यह जेल में बंद वियतनाम की पूर्व रियल एस्टेट टाइकून ट्रॉन्ग माई लैन के जब्त किए गए सामान की नीलामी से चर्चा में आए हैं। वियतनाम सरकार द्वारा आयोजित नीलामी में लैन के दो हर्मेस बर्किन बैग्स 5 करोड़ से अधिक में बेचे गए। 30 मिनट के भीतर ही दोनों बैग्स के लिए बोलियां लग गईं। दुर्लभ सफेद हर्मेस बर्किन बैग ने नीलामी में सबसे ज्यादा ध्यान खींचा। इसके लॉक और ट्रिम पर



कीमती राइनस्टोन्स जड़े हुए थे। यह बेस प्राइस से 7 गुना अधिक कीमत पर 4.2 करोड़ रुपए में बिका। दूसरा बैग मगरमच्छ की खाल से बना था। यह 90 लाख रुपए में बिका। मुकदमे की सुनवाई के दौरान लैन ने भावुक अपील करते हुए इन दोनों बैग्स को रखने की इजाजत मांगी थी। उन्होंने कोर्ट को बताया था कि इनमें से एक बैग इटली से खरीदा था और दूसरा मलेशियाई बिजनेसमैन ने गिफ्ट किया था। वह इन्हें बच्चों और पोते-पोतियों के लिए एक यादगार के तौर पर छोड़ना चाहती थीं।

यह नीलामी वियतनाम के इतिहास के सबसे बड़े कॉरपोरेट रिकवरी का हिस्सा है। रियल एस्टेट सेक्टर की दिग्गज रहीं ट्रॉन्ग माई लैन को अप्रैल 2024 में अदालत ने वियतनाम के पांचवें सबसे बड़े बैंक साइगॉन कमर्शियल बैंक पर अवैध रूप से नियंत्रण करने और शेल कंपनियों के एक बड़े नेटवर्क के जरिए 10 साल में 4.2 लाख करोड़ रुपए का गबन करने का दोषी पाया था। शुरुआत में उन्हें मौत की सजा सुनाई गई थी, लेकिन पिछले साल जून में वियतनाम द्वारा कई तरह के अपराधों के लिए मृत्युदंड समाप्त किए जाने के बाद उनकी सजा को आजीवन कारावास में बदल दिया गया। अदालत ने लैन को मुआवजे के तौर पर करीब 2.5 लाख करोड़ रुपए लौटाने का आदेश दिया है। ये दोनों बैग्स लैन से जब्त की गई कुल 1,200 संपत्तियों का बस एक छोटा सा हिस्सा है।

**जानिए क्यों बर्किन बैग की कीमत की कोई सीमा नहीं है...**
फैशन और लग्जरी होलसेल एजेंसी पार्नेल के संस्थापक निकोलस पार्नेल के अनुसार, हर्मेस बर्किन बैग्स की कीमतें लगातार बढ़ रही हैं। कंपनी इन बैग्स की सप्लाई को जान-बूझकर सीमित रखती है। हर कोई स्टोर में जाकर इसे नहीं खरीद सकता, जिससे मांग आसमान पर रहती है। लोग इन बैग्स को पीस ऑफ आर्ट और निवेश मानते हैं, जिनकी रीसेल वैल्यू वक्त के साथ बढ़ती जाती है। दुनिया के मशहूर ऑक्शन हाउस सोदबी ने बीते साल रिकॉर्ड 96 करोड़ रुपए में बेचा था।

**हेल्थकेयर** • 10 साल से जारी जांच बंद, सांठगांठ का आरोप खारिज

# अस्पताल भर्ती करने के बाद मनमाना पैसे वसूलते हैं, ऐसे आरोप निराधारः सीसीआई

भास्कर न्यूज़ | नई दिल्ली

प्रतिस्पर्धा आयोग यानी सीसीआई ने सुपर-स्पेशियलिटी अस्पतालों के खिलाफ करीब 10 साल से चल रही जांच बंद कर दी है। आयोग ने स्पष्ट किया कि अस्पताल एक एकीकृत देखभाल सिस्टम के तौर पर में काम करते हैं। वे मरीज के भर्ती होने के बाद अलग-थलग 'आफ्टरमार्केट' नहीं बन जाते, जहां मनमाना पैसे वसूले जा सकें।

यह मामला 2015 में एक शिकायत से शुरू हुआ था। आरोप था कि सिरिंज बनाने वाली कंपनी बेक्टॉन डिकिनसन इंडिया और दिल्ली के पटपड़गंज स्थित मैक्स हॉस्पिटल ने मिलकर अस्पताल की इन-हाउस फार्मेसी में खुले बाजार की तुलना में ज्यादा एमआरपी छपे सीरिंज बेचे। सीसीआई ने जीडी से जांच कराई, कई सुनवाइयां हुईं और अंततः आयोग ने राहत देने वाला आदेश दिया।

एसोसिएशन ऑफ हेल्थकेयर प्रोवाइडर्स ऑफ इंडिया के महानिदेशक डॉ. गिरधर ज्ञानी ने कहा, 'आयोग ने यह विचार खारिज किया कि हर अस्पताल भर्ती मरीजों के लिए एक अलग आफ्टरमार्केट मोनोपॉली बन जाता है। वजह साफ है, मरीज भर्ती से पहले अस्पताल, पैकेज, डॉक्टर और अनुमानित खर्च की तुलना कर सकते हैं।'

**भास्कर नॉलेज**

### सीसीआई ने जांच में क्या पाया, क्या टिप्पणी की?

- मरीजों को भर्ती से पहले प्रक्रिया, दवाएं, जांच, कमरे आदि के खर्च का अनुमान दिया जाता है। मरीज तुलना कर सकते हैं, सेकंड ओपिनियन भी ले सकते हैं।
- अस्पताल की कीमतें क्लीनिकल इन्फ्रास्ट्रक्चर, विशेषज्ञ स्टाफ, इमरजेंसी की तैयारी और निरंतर देखभाल जैसे व्यापक निवेश के अनुरूप होती हैं।
- थोक खरीद पर मिली छूट मरीज को देने की कानूनी बाध्यता नहीं है।

हिन्दुस्तान
1936
सत्य • सार्थक • सदैव

# तेल की कमी और मंदी

पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष को यदि जल्दी सुलझाया नहीं गया, तो जुलाई से पूरी दुनिया में ऊर्जा संकट खतरनाक स्तर पर पहुंच जाएगा। अंतर्राष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी के कार्यकारी निदेशक ने साफ चेतावनी दी है कि पश्चिम एशिया से तेल निर्यात में कमी के चलते तेल भंडारों में बड़ी कमी आ रही है और अब वैश्विक तेल बाजार बड़े खतरे की ओर बढ़ रहा है। कोई दोराय नहीं कि दुनिया को बड़ी मंदी से बचाने के लिए होर्मुज को पूरी तरह से और बिना शर्त खोलना होगा। अंतर्राष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी के सदस्य देशों के लिए अधिक रणनीतिक तेल भंडार जारी करने की परंपरा रही है और मार्च तक इसकी ठीक से पालना हुई है। उसके बाद से भंडारण के लिए लगभग 20 प्रतिशत तेल ही पहुंच पा रहा है। ज्यादातर देश दैनिक तेल आपूर्ति की व्यवस्था में ही परेशान हैं, तो भंडारण का क्या किया जाए? धीरे-धीरे देशों के अपने तेल भंडार भी खाली होने लगे हैं और यह एक बड़े खतरे का संकेत है।

ब्रिटेन जैसे कुछ देशों में तेल की खपत में कमी आई है, पर ज्यादातर देशों में तेल की खपत को कम करना आसान नहीं है। भारत में ही तेल की खपत घटाने की अपील को देश के एक बड़े तबके ने नकारात्मक रूप से लिया है। बचत की अपील को सरकार की कमी या कमजोरी मानने वाले लोग भी कम नहीं हैं। हां, बचत से समस्या पूरी तरह नहीं सुलझेगी, लेकिन जरूरत भर के तेल के इंतजाम में कुछ सहूलियत हो जाएगी। बहरहाल, ऊर्जा क्षेत्र पर भू-राजनीति की इतनी गहरी और व्यापक छाया पहले कभी नहीं देखी गई थी। एक भय यह भी है कि दुनिया के अनेक देशों में सत्ता परिवर्तन की स्थितियां बनेंगी। विपक्षी या चरमपंथी पार्टियां बढ़ती महंगाई को मौजूदा सरकार की नाकामी बताकर राजनीति कर सकती हैं। अंतर्राष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी के कार्यकारी निदेशक भी इस ओर इशारा कर रहे हैं। हालांकि, यह समस्या वैश्विक है। पश्चिम एशिया में संकट के सुलझते ही या होर्मुज में यातायात के खुलते ही अर्थव्यवस्थाएं पटरी पर लौटने लगेंगी। वैसे, अभी भारत जैसे देशों में चिंता बहुत ज्यादा है। भारत पर संकट दोहरा या तिहरा है। अनुमान के अनुसार, भारत के 1 करोड़ 90 लाख लोग विदेश में काम करते हैं, इनमें से 90 लाख अकेले खाड़ी के देशों पर निर्भर हैं। खाड़ी में हालात बिगड़ने से वहां से भारतीय कामगार लौट रहे हैं और यहां से जा नहीं पा रहे हैं। इससे होगा यह कि बेरोजगारी बढ़ेगी और विदेश से आने वाले धन में भी कमी आएगी।

**एहसास होना चाहिए कि होर्मुज में आवागमन रोककर पूरी दुनिया को संकट में डाल दिया गया है। इसके लिए जितना जिम्मेदार अमेरिका है, उतना ही ईरान भी।**

अमेरिका को यह एहसास होना चाहिए कि होर्मुज में आवागमन को रोककर पूरी दुनिया को झकझोर दिया गया है। वैसे, फिलहाल इसके लिए जितना जिम्मेदार अमेरिका है, उतना ही ईरान भी है। निर्दोष लोगों का तेल-राशन रोककर युद्ध करने की यह बर्बर शैली निंदनीय है। होर्मुज में बाधा बनकर खड़े देश दरअसल पूरी दुनिया को संकट में डाल रहे हैं। उनके लिए उनकी नाक का सवाल दुनिया में आर्थिक महामंदी की आशंका से भी बड़ा हो गया लगता है। सकारात्मक बातचीत का जो रास्ता अमेरिका स्वयं निकाल सकता है, उसके लिए अपने अपेक्षाकृत कमजोर साथी पाकिस्तान का इस्तेमाल कर रहा है। आधी-अधूरी बातचीत के बीच परमाणु युद्ध का खतरा भी आए दिन मंडरा रहा है। दोनों पक्ष तबाही की धमकियां देने में कोई कमी नहीं कर रहे हैं, जबकि युद्ध-विराम के लिए दोनों पक्षों को कुछ न कुछ त्यागने को तैयार होना चाहिए। युद्ध को यदि जल्दी रोका नहीं गया, तो फिर से महान बनने का अमेरिकी सपना खटाई में पड़ जाएगा।

हिन्दुस्तान (Hindustan) | 75 साल पहले 23 मई, 1951

## ईरान-बारूद का ढेर

ईरान तेल उद्योग राष्ट्रीयकरण बोर्ड के सेक्रेटरी श्री हुसैन माक्की का कथन है कि ईरान बारूद का ढेर है और यदि किसी ने उसमें चिनगारी लगायी, तो वह धधक उठेगा और हम उसके धड़ाके के साथ उड़ जायेंगे। श्री माक्की का यह कथन ईरान की विस्फोटक स्थिति का परिचायक है, जो दिन प्रतिदिन उग्र बनती जा रही है। ब्रिटेन के विदेश मंत्री श्री मारिस ने ईरान सरकार को हाल ही में एक पत्र लिखा है, जिसमें इस झगड़े को आपसी बातचीत के जरिये निपटाने का प्रस्ताव किया गया है। ब्रिटिश सरकार इस किस्म की बातचीत के लिए अपना एक प्रतिनिधिमंडल भेजने को तैयार है। अमरीका ने ईरान से इसी आशय की अपील की थी कि उसे मित्रतापूर्ण बातचीत के जरिये झगड़े को निपटा लेना चाहिए। ईरान ने अमरीका की इस अपील को ठुकरा दिया है। उसका कहना है कि अमरीका ने इस किस्म की अपील करके ईरान के भीतरी मामलों में हस्तक्षेप किया है। ईरान के इस रवैये को देखते हुए यह निश्चित है कि वह तेल-उद्योग के राष्ट्रीयकरण के संबंध में ब्रिटेन के साथ आपसी बातचीत करने के लिए रजामंद नहीं होगा।

प्रश्न यह है कि इस झगड़े के बारे में ईरान ब्रिटिश सरकार के साथ क्यों बातचीत करे। ईरान ने ब्रिटिश सरकार के साथ कोई समझौता नहीं किया। समझौता जो हुआ है, वह निजी तेल कम्पनी के साथ है।... तेल कम्पनी अपने समझौते के आधार पर मुनासिब कार्रवाई कर सकती है। ईरान सरकार का कहना है कि अन्तर्राष्ट्रीय कानून के अनुसार उसे सार्वभौम अधिकार प्राप्त है। इन सार्वभौम अधिकारों के अनुसार वह अपने देश के किसी भी उद्योग का राष्ट्रीयकरण कर सकती है। ईरान के तेल उद्योग का राष्ट्रीयकरण करने में वह अपने सार्वभौम अधिकारों का उपयोग कर रही है और कोई निजी समझौता उसके मार्ग में बाधक नहीं हो सकता। ईरान का यह भी मानना है कि ब्रिटिश तेल कम्पनी के साथ उसने जो समझौता किया था, वह असाधारण परिस्थितियों में किया गया। उस समय ईरान सरकार को आतंकित करने के लिए ब्रिटिश जंगी जहाज फारस की खाड़ी में खड़े थे और फौजी कार्रवाई की धमकी ईरान सरकार के सिर पर लटक रही थी। अतः अब ईरान उस समझौते को करने के लिए बाध्य नहीं है, जो जबर्दस्ती उस पर थोपा गया था।

**आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू ने तीन और चार बच्चे पैदा करने पर आर्थिक प्रोत्साहन देने की घोषणा की है। उनके इस एलान के बाद पूरे देश में जनसंख्या नीति को लेकर एक नई बहस शुरू हो गई है। क्या 'हम दो, हमारे दो' या 'छोटा परिवार, सुखी परिवार' जैसी अवधारणा बीते दिनों की बात हो गई या बढ़ती आबादी आज भी संसाधनों पर पहले की तरह ही बोझ है? पेश है इस मसले पर दो विचार-**

**आमने-सामने**

# आबादी में संतुलन की संवेदनशील पहल



यहां स्कैन करें

सुरेश शर्मा | प्रमुख, पॉपुलेशन रिसर्च सेंटर,आईईजी

- अधिक बच्चे परिवार पर बोझ नहीं, बल्कि देश के बहुमूल्य मानव संसाधन।
- बुजुर्ग होती आबादी से राष्ट्र की श्रम शक्ति होती है दुष्प्रभावित।
- बड़ी आबादी देश को श्रम शक्ति, बाजार, नवाचार व रक्षा क्षमता प्रदान करती है।

भारत अभी एक महत्वपूर्ण जनसांख्यिकीय परिवर्तन के दौर से गुजर रहा है। कई दशकों तक देश की मुख्य चिंता तेजी से बढ़ती जनसंख्या थी। स्वतंत्रता के बाद भारत ने परिवार नियोजन कार्यक्रमों को अपनाया और 'हम दो, हमारे दो' जैसे छोटे परिवार के संदेशों को बढ़ावा दिया। उस समय यह माना जाता था कि अधिक आबादी गरीबी, बेरोजगारी, संसाधनों पर दबाव और विकास में बाधा का कारण है। किंतु आज भारत की जनसांख्यिकीय पहले जैसी नहीं रही। हाल के वर्षों में देश के कई राज्यों में प्रजनन दर काफी कम हो चुकी है। आंध्र प्रदेश, केरल, तमिलनाडु, कर्नाटक सहित कई सूबों में तो यह प्रतिस्थापन स्तर, यानी 'रिप्लेसमेंट लेवल फर्टिलिटी' से भी नीचे पहुंच गई है।

इसी संदर्भ में आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू की नई घोषणा को देखना चाहिए। उन्होंने तीसरे बच्चे के जन्म पर 30 हजार और चौथे पर 40 हजार रुपये के वित्तीय प्रोत्साहन का एलान किया है। इसने जनसंख्या नीति को लेकर पूरे देश में नई बहस शुरू कर दी है। हालांकि, यह आर्थिक सहायता योजना भर नहीं है, भारत की बदलती जनसांख्यिकीय सोच का भी संकेत है। अब चर्चा 'जनसंख्या नियंत्रण' से हटकर 'जनसंख्या संतुलन' और 'भविष्य की आवश्यकता' की ओर बढ़ चली है।

गौरतलब है कि किसी भी देश की प्रजनन दर का उसके आर्थिक, सामाजिक और राजनीतिक विकास पर गहरा प्रभाव पड़ता है। जब किसी समाज में लंबे समय तक कम बच्चे पैदा होते हैं, तो धीरे-धीरे वहां बुजुर्गों की संख्या बढ़ने लगती है और युवाओं की संख्या कम होने लगती है। इससे श्रम शक्ति पर असर पड़ता है, उत्पादन क्षमता घट सकती है और सरकार पर पेंशन, स्वास्थ्य सेवाओं व सामाजिक सुरक्षा का बोझ बढ़ सकता है। यही स्थिति आज जापान, दक्षिण कोरिया, इटली और चीन जैसे देशों में दिख रही है।

आलम यह है कि जापान आज दुनिया में सबसे अधिक वृद्ध आबादी वाले देशों में शुमार है। वहां जन्म दर लगातार घटने के कारण काम करने वाले नौजवानों की संख्या कम हो रही है। इसका असर देश की अर्थव्यवस्था और सामाजिक संरचना पर दिखने लगा है। चीन ने भी दशकों तक 'एक बच्चा नीति' लागू की, जिस कारण अब वहां जनसंख्या घटने और बुजुर्गों की संख्या बढ़ने को लेकर चिंताएं पैदा हो गई हैं। वहां तो अब लोगों को अधिक बच्चे पैदा करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। तुलनात्मक रूप से भारत अब भी एक युवा देश है और यही उसकी सबसे बड़ी ताकत भी है। भारत के पास बड़ी संख्या में युवा कार्यबल है, जिसे 'जनसांख्यिकीय लाभांश' कहा जाता है। यही युवा आबादी देश की आर्थिक वृद्धि, उद्योगों के विस्तार, नवाचार और विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। ऐसे में, यदि आने वाले वर्षों में प्रजनन दर लगातार कम होती रही, विशेषकर दक्षिण भारत के राज्यों में, तो भविष्य में भारत को भी श्रम शक्ति की कमी और वृद्ध आबादी की चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है।

चंद्रबाबू नायडू की घोषणा को इसी व्यापक परिप्रेक्ष्य में समझने की आवश्यकता है। राज्य सरकार का उद्देश्य यह संदेश देना है कि बच्चे केवल परिवार पर बोझ नहीं हैं, बल्कि वे भविष्य के मानव संसाधन, आर्थिक उत्पादकता और राष्ट्रीय विकास की आधारशिला हैं। यदि समाज में संतुलित जनसंख्या संरचना बनी रहती है, तो वहां की आर्थिक और सामाजिक स्थिरता भी मजबूत रहती है।

हालांकि, लोगों की मानें, तो आज बच्चों का पालन-पोषण पहले की तुलना में अधिक महंगा हो गया है। शिक्षा, स्वास्थ्य, आवास और अन्य आवश्यकताओं पर खर्च लगातार बढ़ रहा है। मध्यम वर्ग और निम्न आय वर्ग के परिवार अक्सर आर्थिक दबाव के कारण छोटे परिवार को प्राथमिकता देते हैं। ऐसे में, यदि सरकार आर्थिक सहायता देती है, तो कुछ परिवारों को अतिरिक्त बच्चे के बारे में सकारात्मक सोचने में मदद मिल सकती है। हालांकि, अनुसंधान यह भी बताते हैं कि केवल नकद प्रोत्साहन से प्रजनन दर में बहुत बड़ा बदलाव नहीं आता। महिलाओं की शिक्षा, रोजगार के अवसर, शहरीकरण, विवाह की बढ़ती आयु, जीवनशैली में बदलाव और बढ़ती महत्वाकांक्षाएं भी प्रजनन-व्यवहार को प्रभावित करती हैं।

कई देशों के अनुभव बताते हैं कि यदि सरकार प्रजनन दर बढ़ाना चाहती है, तो उसे व्यापक सामाजिक नीतियों की जरूरत होगी, सिर्फ आर्थिक सहायता देना काफी नहीं है, मातृत्व अवकाश, बाल देखभाल केंद्र, महिलाओं के लिए सुरक्षित कार्यस्थल, अनुकूल नौकरी व्यवस्था, स्वास्थ्य सेवाएं व सामाजिक सुरक्षा जैसी सुविधाएं भी जरूरी हैं। फ्रांस और स्वीडन जैसे देशों ने परिवार हितैषी नीतियों के माध्यम से संतुलित प्रजनन दर बनाए रखने में सफलता हासिल की है।



भारत की स्थिति इसलिए भी विशेष है, क्योंकि यहां राज्यों के बीच जनसांख्यिकीय अंतर बहुत अधिक है। दक्षिण भारत के राज्यों में प्रजनन दर काफी कम हो चुकी है, जबकि बिहार और उत्तर प्रदेश जैसे कुछ राज्यों में अभी भी यह दर अपेक्षाकृत अधिक है। इसलिए भारत में एक समान जनसंख्या नीति सभी राज्यों के लिए उपयुक्त नहीं मानी जाती। यह भी महत्वपूर्ण है कि जनसंख्या नीति केवल बच्चों की संख्या बढ़ाने तक सीमित न रहे, आबादी की गुणवत्ता बढ़ाने पर अधिक ध्यान देने की जरूरत है।

संतुलित जनसंख्या-संरचना आर्थिक विकास और रणनीतिक शक्ति, दोनों के लिए आवश्यक है। भारत एक उभरती हुई वैश्विक शक्ति है। बड़ी और युवा आबादी देश को श्रम शक्ति, बाजार, नवाचार और रक्षा क्षमता प्रदान करती है। किंतु यदि भविष्य में युवाओं की संख्या कम होने लगे और बुजुर्गों की संख्या तेजी से बढ़े, तो इसका असर आर्थिक विकास पर पड़ सकता है, इसलिए दीर्घकालिक दृष्टि से जनसंख्या में संतुलन बनाए रखना महत्वपूर्ण है। अतः चंद्रबाबू नायडू के बयान को भारत में बदलती जनसंख्या सोच का एक महत्वपूर्ण संकेत माना जाना चाहिए। यह दर्शाता है कि देश अब जनसंख्या संतुलन, वृद्ध आबादी, मानव संसाधन और दीर्घकालिक आर्थिक विकास की भी चर्चा कर रहा है।

(ये लेखक के अपने विचार हैं)

# बोझ बन जाएगी नायडू की जनसंख्या नीति



यहां स्कैन करें

मनु गौड़ | जनसंख्या विशेषज्ञ

- आंध्र सरकार 'जनसंख्या नियंत्रण' के बजाय 'जनसंख्या संरक्षण' कर रही।
- अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को परिवारों के आंकड़ों की सही जानकारी नहीं दी।
- मुख्य कारण है लोकसभा और राज्यसभा की सीटों का नया परिसीमन।

जहां एक ओर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जनसंख्या नियंत्रण एवं जनसांख्यिकीय परिवर्तन पर गहरी चिंता व्यक्त कर 'हाई पावर डेमोग्राफिक मिशन' हेतु एक उच्चस्तरीय समिति के गठन की बात कर रहे हैं, वहीं आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू राज्य में घटती जन्म दर पर चिंता व्यक्त कर रहे हैं। हाल ही में उनके द्वारा राज्य में घटती प्रजनन दर के कारण भविष्य में उत्पन्न होने वाली सामाजिक एवं आर्थिक चुनौतियों से निपटने के लिए परिवारों को दो से अधिक बच्चे पैदा करने पर प्रोत्साहित करने की योजना बनाई गई है। इसके तहत तीसरा बच्चा पैदा करने वाले परिवारों को 30,000 एवं चौथा बच्चा पैदा करने वाले परिवारों को 40,000 रुपये की आर्थिक प्रोत्साहन राशि देने की घोषणा की गई।

नायडू ने बताया कि आंध्र प्रदेश की प्रजनन दर 1993 में 3.0 थी, जो अब घटकर 1.5 रह गई है और वह राष्ट्रीय औसत 2.1 से बहुत कम है। उनके अनुसार, यदि यही गति जारी रही, तो राज्य को जापान, दक्षिण कोरिया और इटली जैसे देशों की समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है, जहां वृद्ध आबादी बढ़ रही है और युवा आबादी कम हो रही है। इसके कारण 2047 तक राज्य में वृद्ध आबादी लगभग 23 प्रतिशत हो सकती है। नायडू का कहना है कि राज्य में 58 प्रतिशत या लगभग तीन लाख परिवारों में केवल एक ही बच्चा है, जबकि लगभग 2.17 लाख परिवारों में दो या उससे अधिक बच्चे हैं। श्रीकाकुलम जिले के ताम्रपल्ली गांव में एक जनसभा को संबोधित करते हुए नायडू ने कहा कि राज्य सरकार अब 'जनसंख्या नियंत्रण' से आगे बढ़कर 'जनसंख्या संरक्षण' की नीति पर काम कर रही है। उन्होंने कहा, 'बच्चे हमारी संपत्ति हैं। मैं यह संदेश पूरे राज्य तक पहुंचाना चाहता हूं।'

हालांकि, जनसंख्या नियंत्रण के क्षेत्र में चंद्रबाबू नायडू का दृष्टिकोण समय-समय पर बदलता रहा है। एक समय था, जब वह परिवार नियोजन और जनसंख्या नियंत्रण का समर्थन करते थे और महिला स्वयं सहायता समूहों की परिवार नियोजन कार्यक्रमों को सफल बनाने में की गई भूमिका की सराहना करते थे। लगता है कि अधिकारियों द्वारा उन्हें राज्य के परिवारों के आंकड़ों की सही जानकारी नहीं दी गई, क्योंकि आंध्र प्रदेश में कुल परिवारों की संख्या लगभग 1.7 करोड़ है और राज्य की कुल जनसंख्या वर्तमान में लगभग 5.5 करोड़ है। इसका तात्पर्य है कि राज्य में औसतन प्रति परिवार 3.2 सदस्य हैं। जबकि, वर्तमान जनगणना के वास्तविक आंकड़े 2027 के अंत तक आने की संभावना है।

यदि कोई नीति वास्तविक आंकड़ों का अध्ययन किए बिना तैयार की जाती है, तो उसका अपेक्षित परिणाम आना बहुत ही कठिन होता है। चंद्रबाबू नायडू की इस नीति के साथ भी ऐसा ही होने की पूरी आशंका है। यह सर्वविदित है कि उच्च एवं उच्च-मध्यम वर्ग के परिवार कम बच्चे ही पैदा करते हैं। जबकि, वे अधिक बच्चों का भली प्रकार भरण-पोषण करने में सक्षम हैं। वर्तमान में सरकार की कोई भी नीति उन्हें अधिक बच्चे पैदा करने से नहीं रोकती है। इसलिए मात्र 30-40 हजार रुपये की आर्थिक प्रोत्साहन राशि के लिए वे अधिक बच्चे पैदा नहीं करेंगे। तो ऐसे कौन परिवार होंगे, जो कि इस प्रकार की प्रोत्साहन राशि को प्राप्त करने के लिए अधिक बच्चे पैदा करेंगे?

मेरे विचार से वे ऐसे परिवार होंगे, जिन्हें यह प्रोत्साहन राशि इतनी बड़ी लगे कि वे उसकी चाह में तीसरे और चौथे बच्चे को जन्म देने को तैयार हो जाएं। यह दूसरी वाली संभावना ही अधिक हो सकती है, क्योंकि कई रिपोर्ट बताती हैं कि भारत में उच्च, उच्च-मध्यम एवं मध्यम परिवारों की तुलना में गरीब परिवारों में ही बच्चों की संख्या अधिक होती है। ऐसे में, यह नीति भविष्य के आंध्र प्रदेश पर एक बोझ ही बन जाएगी, जो कि राज्य के संसाधनों और करदाताओं पर पड़ेगी, न कि मुख्यमंत्री नायडू के अनुसार मानव संसाधन बनकर उभरेगी।

संभवतः इस नीतिगत पहल के पीछे का मुख्य कारण लोकसभा और राज्यसभा की सीटों का भविष्य में होने वाला नया परिसीमन है। इसके कारण दक्षिण के राज्यों में एक ऐसा राजनीतिक भय का वातावरण है कि नए परिसीमन में उनका लोकसभा एवं राज्य सभा में प्रतिनिधित्व कम हो जाएगा। दक्षिण के राज्यों में प्रजनन दर अन्य राज्यों की तुलना में बहुत कम है। हालांकि, भारत सरकार इस संबंध में सभी राजनीतिक दलों को पहले ही आश्वासन दे चुकी है कि भविष्य में होने वाले परिसीमन का राज्यों के लोकसभा और राज्यसभा में प्रतिनिधित्व पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा। अर्थात, लोकसभा और राज्यसभा में उनके अनुपात में कोई अंतर नहीं आएगा।

राजनीतिक प्रतिनिधित्व और सत्ता की इस लड़ाई में जनसंख्या को बढ़ाकर कहीं हम भारत की अगली पीढ़ी के साथ अन्याय न कर बैठें। क्योंकि इस आधार पर यदि प्रत्येक राज्य अपनी नीतियों का निर्धारण करने लगा, तो भविष्य में कुछ राज्य ऐसे होंगे, जो आंध्र प्रदेश की भांति अपने राज्य में जनसंख्या बढ़ाने के लिए करदाताओं का धन बांट रहे होंगे और कुछ राज्य ऐसे भी होंगे, जो अपने राज्य में प्रजनन दर को कम करने के लिए अधिक बच्चे पैदा न करने की नीतियां ला रहे होंगे। ऐसे में, अधिक बच्चे पैदा करने के लिए जिन राज्यों पर प्रतिबंध होगा, उन राज्यों के लोग दूसरे राज्यों में जाकर अधिक बच्चों को जन्म देंगे, जहां पर अधिक बच्चे पैदा करने के लिए प्रोत्साहन स्वरूप धन बांटा जा रहा होगा। इस प्रकार, भारत के संघीय ढांचे पर इसका बहुत ही प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। इसका परिणाम यह होगा कि राज्यों के संसाधनों पर दूसरे राज्यों से आए लोगों के बोझ के कारण भीतरी और बाहरी का विवाद देखने को मिलेगा।

इसलिए केंद्र सरकार को चाहिए कि इस बार जनगणना के पश्चात संपूर्ण देश को ध्यान में रखते हुए एक उचित एवं प्रभावी जनसंख्या नीति लेकर आए, जिससे भारत में हर प्रकार के जनसांख्यिकीय असंतुलन को रोका जा सके।

(ये लेखक के अपने विचार हैं)

मनसा वाचा कर्मणा

## मुक्ति हमारा स्वभाव

मन हमारे आनंद का आवरण करता है। आखिर हम यह कैसे जानते हैं कि हमारा अस्तित्व है? यदि आप कहें कि हमारे चारों ओर फैले हुए जगत के कारण, तो गहरी नींद में आप थे, ऐसा आप कैसे जानते हैं?

आप पूछ रहे हैं कि मन से मुक्ति कैसे हो? मैं आपसे पूछ रहा, क्या मन स्वयं को नष्ट करना चाहता है? मन अपने आप को नष्ट नहीं कर सकता। आपका काम है, मन की सच्ची प्रकृति को जानना। तब आप जानेंगे कि मन है ही नहीं। जब आत्मानुसंधान किया जाता है, तब मन कहीं भी नहीं है। आत्मा में रहकर मनुष्य को मन के बारे में चिंता करने की आवश्यकता नहीं है।

मुक्ति हमारा स्वभाव है। वह हमारा दूसरा नाम है। हमारी मुक्ति की चाह आश्चर्यकारक है। यह ऐसा है, जैसे कोई मनुष्य, जो छाया में है, स्वेच्छा से छाया छोड़कर सूर्य की गरमी में जाता है। वहां असह्य ताप से पीड़ित होकर, बड़े परिश्रम से छाया में वापस आता है और आनंद से कहता है- आह! छाया कितनी मधुर है। आखिरकार छाया में आ ही गया। हम सब ठीक ऐसा ही करते हैं। हम सत्य से अलग नहीं हैं, किंतु कल्पना करते हैं कि हम भिन्न हैं, अर्थात हम स्वयं भेद खड़ा करते हैं, फिर उससे मुक्त होने के लिए कठोर साधना करते हैं और आखिर एकता का अनुभव करते हैं। क्यों कल्पना से भेद खड़ा करके, तब उसे नष्ट करना चाहिये?

आपकी सत्ता के अलावा आनंद और क्या है? आप आनंद रूप सत्ता से अलग नहीं हैं। इस समय आप सोचते हैं कि आप मन या शरीर हैं, जो परिवर्तनशील तथा नश्वर है, पर वस्तुतः आप अविकार और नित्य हैं। यही आपको जानना है।

**रमण महर्षि**

अमित शाह | केंद्रीय गृह मंत्री



**आज पूरा बस्तर क्षेत्र न केवल नक्सल मुक्त है, बल्कि विवादों से भी मुक्त हुआ है। माओवादी भेष और नाम बदलकर पुनः प्रकट होंगे। किसी के बहकावे में न आएं। उनसे पूछें, बीते 50 वर्षों के नुकसान की भरपाई आखिर कौन करेगा?**

# विलुप्ति के कगार पर पहुंच गए कछुए

कछुआ पृथ्वी के प्राचीनतम जीवों में से एक माना जाता है। मान्यता है कि 22 करोड़ वर्ष पहले से यह धरती पर मौजूद है। इसका अर्थ है कि इसने डायनासोर का उदय और अंत भी देखा है। इसका अनोखा कवच इसके जीवन की सबसे बड़ी सुरक्षा है। ऐसे जीव की यदि 54 फीसदी प्रजातियां खत्म या लुप्तप्रायः हो गई हैं, तो यह एक शोचनीय मसला है। यही कारण है कि हर साल 23 मई को विश्व कछुआ दिवस मनाया जाता है, ताकि सरकारों, संस्थाओं व आम लोगों में कछुओं को लेकर जागरूकता बढ़े और वे इसे बचाने के हरसंभव प्रयास करें।

मुख्य रूप से इंसानी गतिविधियां ही कछुओं के जीवन पर भारी पड़ रही हैं। पारंपरिक दवाओं में मांस व कवच के इस्तेमाल के कारण कछुओं का न सिर्फ अवैध शिकार होता है, बल्कि तस्करी भी खूब होती है। इसी तरह, उनके अनुकूलन वाली जगहों पर इंसान कब्जा करने लगे हैं। जैसे- तालाब अब सिमटते जा रहे हैं, जंगलों की कटाई हो रही है। नतीजतन, कछुओं के प्राकृतिक प्रजनन स्थल तेजी से विलुप्त हो रहे हैं। प्रदूषण भी कछुओं को खूब नुकसान पहुंचाता है। समुद्र में प्लास्टिक और कचरा जमा होने से समुद्री कछुए अक्सर उनको खाकर मर जाते हैं। इन्हीं सबका दुष्परिणाम है कि इसकी ऑलिव रिडले जैसी प्रजातियां विलुप्त होने के कगार पर पहुंच गई हैं। इसी तरह, भारतीय स्टार कछुआ को, जिसकी पीठ पर तारों जैसे पीले निशान होते हैं, दुर्लभ सूची में शामिल किया जा चुका है। कुछ प्रजातियां तो पूरी तरह से विलुप्त हो चुकी हैं, जबकि कुछ को वैज्ञानिकों द्वारा पुनर्जीवित करने के प्रयास किए जा रहे हैं। यह हालत तब है, जब कछुओं को पारिस्थितिकी तंत्र के लिए काफी अहम माना जाता है। यहां तक कि लोककथाओं, सांस्कृतिक व आध्यात्मिक मान्यताओं में भी उसका महत्वपूर्ण स्थान है। आकलन यही है कि विश्व में ज्ञात 350 से अधिक कछुआ प्रजातियों में से करीब 60 फीसदी प्रजातियां संकटग्रस्त या खत्म होने के कगार पर पहुंच गई हैं, जिसका अर्थ है कि कछुओं के संरक्षण के लिए चल रहे प्रयास पूरी तरह से सफल नहीं हो रहे और उन्हें गंभीरता से आगे बढ़ाने की दरकार है।

कछुआ हमें जीवन का गहरा सबक सिखाता है। यह बताता है कि टिके रहने के लिए महज भागना जरूरी नहीं है, बल्कि धैर्य भी काफी अहम है। इसलिए कछुओं के संरक्षण की आदत हमें अपने अंदर विकसित करनी चाहिए। विश्व कछुआ दिवस इस बाबत गंभीरता से सोचने का मौका देता है। हमें इस दिवस को सार्थक बनाना चाहिए। इस जीव को उसका प्राकृतिक आवास देना चाहिए।

**हतेश मिश्र**, टिप्पणीकार

**अनुलोम-विलोम**
**विश्व कछुआ दिवस**



# दुर्लभ जीव की सुरक्षा के हो रहे प्रयास

कछुआ एक ऐसा जीव है, जिसके शरीर पर हड्डियों और केराटिन से बना खोल होता है, जो उसे शिकारियों से बचाता है। निस्संदेह, पृथ्वी के इस सबसे पुराने जीव का जीवन प्रदूषण, जलवायु परिवर्तन, आवास के विनाश और अवैध तस्करी के कारण खतरे में है और इसकी कई प्रजातियां विलुप्त होने के कगार पर हैं, लेकिन देश-विदेश में इसके संरक्षण के लिए कई योजनाएं भी चलाई जा रही हैं, जिनका सकारात्मक असर पड़ा है। 23 मई को ही देखिए। जब से इसे विश्व कछुआ दिवस के रूप में मनाने की शुरुआत हुई है, कछुए के प्रति लोगों में जागरूकता बढ़ी है।

भारत की बात करें, तो यहां साल 1975 में ही कछुआ संरक्षण परियोजना की शुरुआत हो गई थी। नवंबर 1999 में कछुओं के संरक्षण के लिए एक बड़ा कदम उठाया गया, जब पर्यावरण एवं वन मंत्रालय ने संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम (यूएनडीपी) के सहयोग से राष्ट्रीय समुद्री कछुआ संरक्षण परियोजना शुरू की। इसका मुख्य मकसद लुप्तप्रायः प्रजातियों के कछुओं की रक्षा करना है। इस परियोजना के अंतर्गत ओडिशा के तटों और अन्य तटीय क्षेत्रों में कछुओं के अंडों को शिकारियों से बचाया जाता है और सुरक्षित रूप से समुद्र में छोड़ने की व्यवस्था की जाती है। इन सबके अलावा भी कछुओं को बचाने, अवैध शिकार से मुक्त कराने और उनके प्राकृतिक आवास को सुरक्षित रूप से छोड़ने के लिए देश में कछुआ संरक्षण और पुनर्वास योजनाएं चलाई जा रही हैं।

केंद्र व राज्य सरकारें न सिर्फ कछुआ को बचाने के प्रयास करती हैं, बल्कि उनके प्रजनन को भी सुरक्षित रखने के प्रयास करती हैं। उत्तर प्रदेश में ही सारनाथ और कुकरैल में प्रजनन केंद्र है। सारनाथ तो देश के सबसे पुराने कछुआ प्रजनन केंद्रों में से एक है, जहां चंबल और यमुना नदियों से लाए गए कछुए अपने अंडे सेते हैं। इसी तरह, गुजरात के मधुपुर में वन विभाग का कछुआ प्रजनन केंद्र है। अंडमान-निकोबार द्वीप समूह पर भी कालीपुर और डिगलीपुर में कछुओं के प्रजनन स्थान बनाने की सुविधाएं विकसित की गई हैं। वैसे, भारत के ओडिशा में गहिरमाथा तट को दुनिया के सबसे बड़े प्राकृतिक कछुआ प्रजनन स्थल के रूप में जाना जाता है, जहां लाखों ऑलिव रिडले कछुए हर साल अंडे देने आते हैं। साफ है, कछुओं के संरक्षण के लिए कई तरह के प्रयास किए जा रहे हैं। हालांकि, आम लोगों को भी अपनी तरफ से कुछ कोशिश करनी चाहिए, खासकर अवैध तस्करी करके लाए गए कछुओं की खरीदारी और समुद्री क्षेत्रों में गंदगी फैलाने से उनको बचना चाहिए।

**सुमन सिंह**, टिप्पणीकार

# एथेनॉल के लिए वाहन कितने तैयार?

**जीवाष्म ईंधन के बढ़ते दाम सभी के लिए चिंता का विषय हैं। इसने विकल्प रूप में एथेनॉल को फिर से चर्चा में ला दिया है। हाल ही में सरकार ने भविष्य के लिए ई20 से आगे ई85, ई100 का प्रस्ताव रखा है। हालांकि अभी ई20 का उपयोग ही पूरी तरह नहीं हो रहा। खरीदारों के मन में इसे लेकर कई सवाल हैं। इसका क्या असर होगा? तालमेल में कौन सी कारें हैं? बता रही हैं रूपाली चतुर्वेदी**

भारत के अलावा दुनिया के कई देश फ्लेक्स फ्यूल यानी पेट्रोल में एथेनॉल ब्लेंडिंग को बड़े स्तर पर अपना चुके हैं। ब्राजील और अमेरिका जैसे देशों में यह लंबे समय से ईंधन तंत्र का हिस्सा है, जहां एथेनॉल आधारित फ्लेक्स फ्यूल में ई10 और ई15 आमतौर पर इस्तेमाल हो रहे हैं। इन देशों के अनुभव को देखते हुए भारत भी अब तेजी से ई20 से आगे बढ़ रहा है। हालांकि, इससे पहले एथेनॉल ही क्यों? इस प्रश्न को समझते हैं।

### क्या है एथेनॉल?

एथेनॉल एक प्रकार का अल्कोहल आधारित बायोफ्यूल है, जिसे मुख्य रूप से गन्ने के रस, शीरे, मक्का, टूटे या खराब अनाज और कुछ कृषि अवशेषों से बनाया जाता है। इसे पेट्रोल में मिलाकर प्रयोग किया जाता है। इस तरह जीवाष्म ईंधन की खपत और कच्चे तेल पर निर्भरता कम होती है। इथेनॉल को अपेक्षाकृत स्वच्छ ईंधन माना जाता है, जिससे कार्बन उत्सर्जन घटाने में मदद मिल सकती है।

### ई10 और ई20 पेट्रोल के मायने

एथेनॉल मिश्रण को 'ई' से दर्शाया जाता है। इसके साथ लिखा अंक पेट्रोल में मिलाए गए एथेनॉल का अंश दिखाता है। भारत ई10 का इस्तेमाल कर रहा है। इसमें क्रमशः 10 फीसदी एथेनॉल और 90 फीसदी पेट्रोल होता है, लेकिन अब तेजी से ई20 की ओर बढ़ रहा है। सरकार ने 2026 तक पेट्रोल में 20 प्रतिशत एथेनॉल मिश्रण यानी ई20 का लक्ष्य तय किया है। व्यावहारिक रूप से यह कहीं-कहीं देखने को भी मिल रहा है। ई20 में 20 फीसदी एथेनॉल और 80 फीसदी पेट्रोल होता है। इस तरह ईंधन में बायोफ्यूल का उपयोग बढ़ जाता है।

कुछ विश्लेषणों के अनुसार बीएस-4 या उससे पुरानी गाड़ियों में ज्यादा एथेनॉल वाला पेट्रोल वाहन के कुछ हिस्सों पर असर डाल सकता है, माइलेज भी घट सकता है।

वहीं, 2023-24 के बाद आई ज्यादातर नई गाड़ियां, खासकर बीएस-6 फेज 2 अनुरूप मॉडल इस ईंधन के हिसाब से तैयार मिलती हैं। कई कंपनियां अब अपने वाहनों में ई20 अनुकूल इंजन दे रही हैं।




### माइलेज पर कितना असर?

एथेनॉल की ऊर्जा क्षमता पेट्रोल से थोड़ी कम होती है। इसी वजह से ई20 इस्तेमाल करने पर पुराने कुछ वाहनों, (जैसे बीएस-4 अनुकूल) में माइलेज हल्का कम हो सकता है। कई रिपोर्ट्स में 3 से 6 प्रतिशत तक असर की बात कही गई है। हालांकि, नई ई20-अनुकूल गाड़ियों में कंपनियां पहले से ही इस प्रभाव को कम करने पर काम करती हैं।






### ई85-ई100 भविष्य के वाहन जगत की तस्वीर?

सरकार ई85 और ई100 जैसे उच्च एथेनॉल मिश्रण पर विचार कर रही है। इससे पूरी तरह फ्लेक्स-फ्यूल वाहनों का रास्ता खुलेगा। यह आसान नहीं होगा, क्योंकि इसके लिए नई इंजन तकनीक के साथ देशभर में एथेनॉल आपूर्ति और विशेष पंपों का बड़ा ढांचा तैयार करना होगा, जिसमें समय लगेगा। हालांकि, ऑटो कंपनियां एथेनॉल मिश्रण धीरे-धीरे बढ़ाने की बजाय वाहनों को सामान्य और फ्लेक्स-फ्यूल, दो श्रेणियों में बांटने के पक्ष में हैं। इस पर तेजी से काम भी हो रहा हैं। मारुति सुजुकी ने फ्रॉन्क्स और वैगनआर के फ्लेक्स-फ्यूल कॉन्सेप्ट पेश किए हैं। हुंडई क्रेटा और टाटा पंच भी इसी लीक पर हैं। मोटरसाइकिलों में रॉयल एनफील्ड क्लासिक 350 के फ्लेक्स-फ्यूल वर्जन की झलक देखे जाने की चर्चा सोशल मीडिया पर खूब हुई है।

### कौन सी गाड़ियां तैयार

अप्रैल 2025 से नए पेट्रोल वाहनों के लिए ई20 मानक लागू होने के बाद कई ऑटो कंपनियां अपने मॉडल्स को इसके अनुरूप बना चुकी हैं-

**चौपहिया वाहनों में :** होंडा कार्स इंडिया ने होंडा सिटी, अमेज, एलीवेट और सिटी ई: एचईवी-को ई20 के अनुरूप बताया है। मारुति सुजुकी ने भी अप्रैल 2023 के बाद बने कई वाहन जैसे वैगन आर, स्विफ्ट, डिजायर, ब्रेजा, बलेनो और ग्रैंड विटारा जैसे मॉडल्स को ई20 के अनुकूल होने का दावा किया है। वहीं, हुंडई मोटर इंडिया की क्रेटा, वेन्यू, आई20 और एक्स्टर जैसी गाड़ियां भी ई20 रेडी लाइनअप में शामिल हैं। एमजी ने भी हेक्टर और एस्टर के ई20 अनुरूप वर्जन पेश किए हैं।

**दोपहिया वाहनों में :** हीरो मोटोकॉर्प, टीवीएस मोटर कंपनी, बजाज ऑटो, यामाहा मोटर इंडिया और सुजुकी मोटरसाइकिल इंडिया ई20-अनुकूल मॉडल्स पेश कर चुकी हैं। हीरो एक्सपल्स 200 4वी, यामाहा एफजेड-एक्स, सुजुकी जिक्सर सीरीज व होंडा शाइन 100 जैसे मॉडल्स ई20 फ्यूल के तालमेल वाले प्रमुख मॉडल हैं।

### ध्यान रखने वाली बातें....

- बीएस-4 या उससे पुरानी गाड़ियों के मालिक वाहन निर्माता की सलाह जरूर देखें। संभव हो तो ई10 या सामान्य पेट्रोल का उपयोग करें।
- लंबे समय तक वाहन खड़ा रखने पर टैंक खाली न छोड़ें।
- पुरानी गाड़ियों में लंबे समय तक ई20 के इस्तेमाल से बचें।। नियमित सर्विस कराएं।
- फ्यूल पाइप और रबर पार्ट्स की जांच कराते रहें। माइलेज में बदलाव दिखे तो सर्विस सेंटर से सलाह लें।

### विशेषज्ञ की राय

वाहन निर्माता कंपनियां भविष्य की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए ई20-अनुकूल तकनीकों और इंजन सिस्टम पर तेजी से काम कर रही हैं। उपभोक्ताओं के लिए आवश्यक है कि वे अपने वाहन की ईंधन अनुकूलता को समझें और कंपनी द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन करें। नई पीढ़ी के वाहनों में ई20 को ध्यान में रखते हुए तकनीकी बदलाव किए जा रहे हैं, जबकि पुराने वाहनों के लिए नियमित सर्विसिंग, समय-समय पर निरीक्षण और उचित रखरखाव बेहद महत्वपूर्ण रहेगा। ई20 ईंधन का सफल उपयोग न केवल बेहतर ऊर्जा आत्मनिर्भरता सुनिश्चित करेगा, बल्कि पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छ भविष्य की दिशा में भी एक मजबूत कदम कहलाएगा।

**-मनीष श्रीवास्तव**, सीईओ, चेरिश टाटा

### जैसी गाड़ी वैसा ईंधन ले सकेंगे

भारत मल्टी फ्यूल मॉडल पर काम कर रहा है, जहां उपभोक्ता अपनी गाड़ी की तकनीकी क्षमता के अनुसार ईंधन चुन सकेंगे। सरकार की तरफ से मौजूदा वाहनों पर ई25 के असर का अध्ययन करने की जिम्मेदारी ऑटोमोटिव रिसर्च एजेंसी ऑफ इंडिया (एआरएआई) को सौंपी गई है। यह बायोफ्यूल की दिशा में अगला बड़ा कदम हो सकता है। विशेषज्ञों के अनुसार आने वाले वर्षों में पेट्रोल पंपों पर ई10, ई20, बायोफ्यूल, सीएनजी, इलेक्ट्रिक चार्जिंग और ग्रीन हाइड्रोजन जैसे कई विकल्प दिखाई दे सकते हैं। हालांकि यह बदलाव चरणबद्ध तरीके से होगा, क्योंकि इसके लिए वाहन तकनीक, ईंधन आपूर्ति नेटवर्क और उपभोक्ता जागरूकता-तीनों में बदलाव जरूरी हैं।

**गैजेट्स**

## दमदार बैटरी के दो किफायती 5जी फोन

**मोटोरोला** ने हाल ही में अपने दो नए 5जी स्मार्टफोन मोटो जी 37 और मोटो जी37 पावर पेश किए हैं। खास बात यह है कि दोनों ही स्मार्टफोन 20 हजार रुपये से कम कीमत में दमदार बैटरी और नए फीचर पसंद करने वाले ग्राहकों को ध्यान में रखकर उतारे गए हैं।

### मोटो जी37 में क्या-क्या मिलेगा




**डिस्प्ले, कैमरा और बैटरी :** 6.7 इंच की बड़ी एचडी+ स्क्रीन के साथ 50एमपी एआई कैमरा दिया गया है, जो कम रोशनी में बेहतर तस्वीरें लेने में मदद करता है। सेल्फी और वीडियो कॉलिंग के लिए 8एमपी सामने का कैमरा मिलता है। पावर बैकअप के लिए 5200एमएएच की बैटरी दी गई है, जो फास्ट चार्जिंग देती है। जरूरत पड़ने पर इससे दूसरे डिवाइस भी चार्ज किए जा सकते हैं।

**मजबूत डिजाइन :** आईपी64 रेटिंग इसे धूल व पानी की हल्की छींटों से सुरक्षित रखता है। फोन को ज्यादा टिकाऊ बनाने के लिए मिलिट्री ग्रेड ड्यूरेबिलिटी भी दी गई है।

**कीमत और स्टोरेज :** 4जीबी रैम और 64जीबी स्टोरेज। केवल 13,999 रुपये में उपलब्ध है।

### बड़ी बैटरी के साथ मोटो जी37 पावर

**स्टोरेज और बैटरी :** 6.7 इंच की एचडी+ डिस्प्ले, सुरक्षा के लिए गोरिल्ला ग्लास 7आई, 8जीबी तक रैम और 128जीबी स्टोरेज दिया गया है। इसकी सबसे बड़ी खासियत 7000एमएएच की बैटरी है, जिसे एक बार चार्ज करने पर करीब 3 दिन तक चलने का दावा किया गया है।

**कैमरा एवं अन्य फीचर :** फोन में 50एमपी एआई कैमरा और 8एमपी सामने का कैमरा दिया गया है। इसके अलावा स्टीरियो स्पीकर्स, 3.5एमएम हेडफोन जैक और सुरक्षा के लिए आईपी 64 रेटिंग जैसे फीचर भी मिलते हैं।

**कीमत :** दो वेरिएंट में पेश किया गया है। वेरिएंट के हिसाब से कीमत 15,999 रुपये से 18,999 रुपये तक जाती है। कुछ छूट के साथ दोनों ही फोन की कीमत और भी कम हो सकती है।

**कहां खरीदें:** जल्द ही मोटोरोला की आधिकारिक वेबसाइट और ई-कॉमर्स मंच पर उपलब्ध होगा।

## सफर का खर्च कम कर देंगे ये ई-स्कूटर

**बढ़ती ईंधन कीमतों के बीच लोग अब कम खर्च वाले विकल्पों की ओर रुख कर रहे हैं। यही वजह है कि इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहनों की मांग बढ़ रही है। ऐसे में कुछ ई-स्कूटर सस्ते और आरामदायक सफर का माध्यम बन सकते हैं।**

**दोपहिया**

**लगातार** बढ़ती पेट्रोल की कीमतों ने आम आदमी के बजट पर असर डाला है। ऐसे में अब लोग रोजाना आने-जाने के लिए इलेक्ट्रिक स्कूटर को एक किफायती विकल्प मान रहे हैं। इसे देखते हुए बाजार में अब कई ऐसे स्कूटर मौजूद हैं, जो कम खर्च में बेहतर रेंज और सुविधाएं देते हैं-

### टीवीएस आईक्यूब :भरोसेमंद ई-वी

टीवीएस आईक्यूब उन लोगों के लिए अच्छा विकल्प है, जो आसान और भरोसेमंद इलेक्ट्रिक स्कूटर चाहते हैं। इसमें 2.2 केडब्लूएच बैटरी मिलती है, जो एक बार चार्ज करने पर करीब 94 किलोमीटर चलती है। टॉप स्पीड 75 किमी/प्रतिघंटा है, जो शहर की राइडिंग के लिए ठीक है।

**कीमत :** एक्स-शोरूम कीमत लगभग 95,000 रुपये से शुरु।

### एथर रिज्टा

**बड़ी और आरामदायक सीट**

एथर रिज्टा को खासतौर पर परिवार की जरूरतों को ध्यान में रखकर बनाया गया है। सीट बड़ी और आरामदायक मिलती है। साथ ही सामान रखने के लिए भी पर्याप्त जगह दी गई है। यह एक बार चार्ज करने पर करीब 123 किलोमीटर की दूरी तय कर सकता है।

**कीमत इतनी :** रिज्टा की 1,17,500 (एक्स-शोरूम) रुपये से शुरु होती है।



### बजाज चेतक

**कीमत :** 91, 504 (एक्स-शोरूम) रुपये से शुरु

**मजबूत और प्रीमियम अंदाज**

यह अपने क्लासिक डिजाइन को आधुनिक इलेक्ट्रिक अवतार में लेकर आया है। इसकी मेटल बॉडी इसे ज्यादा मजबूत और टिकाऊ बनाती है। इसमें 2.5 केडब्लूएच बैटरी मिलती है, जो एक बार चार्ज में करीब 113 किलोमीटर की रेंज देती है।



### ओला एस1 एक्स प्लस : रेंज में आगे

कम बजट में फीचर और रेंज चाहने वालों के लिए अच्छा विकल्प है। इसमें 5 इंच डिजिटल डिस्प्ले, तीन राइडिंग मोड, रिमोट लॉक और ब्लूटूथ जैसे स्मार्ट फीचर्स मिलते हैं। यह स्कूटर एक बार चार्ज करने पर करीब 320 किलोमीटर तक चल सकता है।

**कीमत :** 1,29,999 रुपये कीमत

आशुतोष कुमार

## ज्यादा तापमान से अपने गैजेट्स को बचाएं

**स्मार्टफोन, लैपटॉप, टैबलेट और पावर बैंक जैसे डिवाइस ज्यादा गर्म होने पर जल्दी खराब हो सकते हैं या उनकी बैटरी पर असर पड़ सकता है। ऐसे में इस तपते मौसम में कुछ आसान सावधानियां अपनाकर आप अपने गैजेट्स को सुरक्षित रख सकते हैं।**

**टिप्स**

**गर्मी** में इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस को अतिरिक्त देखभाल की जरूरत होती है, क्योंकि ज्यादा तापमान इनके बैटरी और परफॉर्मेंस पर असर डाल सकता है। ऐसे में स्मार्टफोन, लैपटॉप और दूसरे गैजेट्स को उचित रखरखाव और सावधानी से इस्तेमाल कर गर्मी के असर से बचाया जा सकता है।



- **स्मार्टफोन के लिए :** फोन ज्यादा गर्म हो जाए तो उसे बंद करने के बजाय एयरप्लेन मोड ऑन करें, कवर हटा दें और छांव में रखें ताकि जल्दी ठंडा हो सके। ब्राइटनेस कम रखें और 60हट्र्ज मोड पर रखें, क्योंकि इससे फोन पर लोड कम पड़ता है, कम गर्म होता है और बैटरी भी ज्यादा चलती है। चार्जिंग के दौरान फोन गर्म होने पर चार्जर हटा दें और पहले उसे ठंडा होने दें। पुराने फोन में बैटरी जल्दी गर्म होती है, इसलिए हेवी गेमिंग और एप्स कम चलाएं।
- **टैबलेट हो तो:** गर्मी में टैबलेट भी फोन की तरह जल्दी गर्म हो सकता है। लंबे समय तक गेमिंग, वीडियो स्ट्रीमिंग या धूप में इस्तेमाल से बचें और ब्राइटनेस कम रखें।
- **लैपटॉप रहेगा ठंडा :** लैपटॉप को गर्म होने से बचाने के लिए उसे फ्लैट सतह की बजाय स्टैंड या ऊंची सतह पर रखें, ताकि एयरफ्लो सही रहे। एक साथ बहुत सारे टैब या भारी सॉफ्टवेयर न चलाएं, क्योंकि इससे सिस्टम पर लोड बढ़ता है। अगर फैन तेज चले तो कुछ देर काम रोककर सिस्टम को आराम दें। वेंट और फैन को साफ रखें, क्योंकि धूल से ओवरहीटिंग बढ़ती है।
- **पावरबैंक की सुरक्षा के लिए:** गर्मी के मौसम में पावरबैंक का खास ध्यान रखना जरूरी है, क्योंकि ज्यादा तापमान में इसके ओवरहीट होने का खतरा बढ़ जाता है। इसे चार्ज करते समय इस्तेमाल करने से बचें, क्योंकि इससे यह जल्दी गर्म हो सकता है। इसे फुल चार्ज होने के बाद लंबे समय तक 100 प्रतिशत पर लगा न छोड़ें। साथ ही, इसे बंद कार या बैग जैसे गर्म जगहों में न रखें, क्योंकि अंदर ही अंदर यह ओवरहीट हो सकता है। पावरबैंक ज्यादा गर्म लगे तो उसे डिस्कनेक्ट कर दें, वरना नुकसान हो सकता है।
- **ईयरबड्स की देखभाल :** ईयरबड्स के चार्जिंग केस को सीधी धूप में या ज्यादा गर्म जगह पर न छोड़ें, क्योंकि इससे बैटरी जल्दी खराब हो सकती है। अगर ईयरबड्स इस्तेमाल के बाद गर्म हों तो उन्हें तुरंत केस में न रखें, पहले थोड़ा ठंडा होने दें। पसीने या नमी वाली हालत में इस्तेमाल के बाद भी सीधे केस में रखने से बचें।
- **स्मार्टवॉच और फिटनेस बैंड :** पसीने और धूप से ये जल्दी गर्म हो सकते हैं, जिससे बैटरी और सेंसर पर असर पड़ता है। इसलिए इस्तेमाल के बाद इन्हें साफ व सूखे कपड़े से पोंछें, ज्यादा देर चार्जिंग पर न छोड़ें और गर्म माहौल में कम इस्तेमाल करें। वॉटर रेसिस्टेंट होने पर भी इन्हें गर्म पानी, स्टीम और तेज धूप से बचाकर रखना चाहिए।

श्वेता राकेश

## रोजनामचा



**पं. राघवेन्द्र शर्मा**
ज्योतिषाचार्य

**स्कैन करें**
भविष्यफल और व्रत-त्योहार जानने के लिए

**मेष :** मन में उतार-चढ़ाव हो सकते हैं। कारोबार में भागदौड़ अधिक रहेगी। कारोबार के लिए विदेश यात्रा लाभप्रद रहेगी। परिवार के किसी बुजुर्ग से धन मिल सकता है।

**वृष :** मन परेशान रहेगा। आत्मसंयत रहें। धैर्यशीलता बनाए रखें। किसी राजनेता से भेंट हो सकती है। नौकरी में कार्यक्षेत्र में बदलाव हो सकता है। आय में वृद्धि होगी।

**मिथुन :** आत्मविश्वास में कमी रहेगी। माता की सेहत का ध्यान रखें। परिवार का साथ मिलेगा। कारोबार में कठिनाइयों का सामना भी करना पड़ सकता है।

**कर्क :** वाणी में मधुरता रहेगी, परंतु मन परेशान हो सकता है। माता की सेहत का ध्यान रखें। परिवार का साथ मिलेगा। खर्च बढ़ेंगे। कारोबार में भागदौड़ अधिक रहेगी।

**सिंह :** मन प्रसन्न रहेगा। आत्मविश्वास भी भरपूर रहेगा। नौकरी में तरक्की के अवसर मिलेंगे। शासन-सता का सहयोग मिलेगा। आय में वृद्धि होगी।

**कन्या :** आत्मविश्वास से भरपूर रहेंगे। पारिवारिक जीवन भी सुखमय रहेगा। लंबे समय के बाद पुराने मित्र से भेंट हो सकती है। कारोबार में भागदौड़ अधिक रहेगी।

**तुला :** मन में उतार-चढ़ाव हो सकते हैं। आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। लेखन आदि बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ सकती है। शैक्षिक कार्यों के लिए दूसरे स्थान पर जा सकते हैं।

**वृश्चिक :** मन परेशान हो सकता है। धैर्यशीलता बनाए रखने का प्रयास करें। कुटुंब-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। वस्त्रों और वाहनों के रखरखाव में खर्च बढ़ेंगे।

**धनु :** आत्मविश्वास से लबरेज रहेंगे। किसी मित्र के सहयोग से कारोबार में बदलाव हो सकता है। लाभ के अवसर मिलेंगे। भागदौड़ अधिक रहेगी। सेहत का ध्यान रखें।

**मकर :** आत्मसंयत रहें। धैर्यशीलता बनाए रखें। नौकरी में बदलाव के योग बन रहे हैं। तरक्की के अवसर भी मिल सकते हैं। कार्यक्षेत्र में बदलाव भी हो सकता है।

**कुंभ :** मन में उतार-चढ़ाव हो सकते हैं। लेखनादि बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि हो सकती है। धार्मिक संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है। कारोबार में भागदौड़ अधिक रहेगी।

**मीन :** आलस्य की अधिकता रहेगी। बातचीत में संतुलित रहें। संतान की सेहत का ध्यान रखें। पिता का साथ मिलेगा। कारोबार में वृद्धि होगी। लाभ के अवसर मिलेंगे।

### व्रत और त्योहार | पंचांग | पं. ऋभुकांत गोस्वामी

23 मई, शनिवार, **शक संवत्** : 02,ज्येष्ठ, सौर शक 1948 **पंजाब पंचांग :** 09, ज्येष्ठ मास प्रविष्टे 2083 **इस्लाम :** 05, जिल्हिजा, 1447 **विक्रमी संवत्** : प्रथम (अधिक) ज्येष्ठ शुक्ल अष्टमी तिथि रात्रि 04.28 मिनट तक, ध्रुव योग प्रातः 06.14 मिनट तक पश्चात व्याघात रात्रि 04.43 मिनट तक, विष्टि (भद्रा) करण सायं 04.47 मिनट तक, चंद्रमा सिंह राशि में (दिन रात)

**सूर्य उत्तरायण।** प्रातः 09 बजे से प्रातः 10.30 मिनट तक राहुकालम्। भद्रा सायं 04.47 मिनट तक। दुर्गाष्टमी व्रत।

### वास्तु सलाह | आचार्य मुकुल रस्तोगी

कृपया कुछ ऐसे छोटे और प्रभावी उपाय बताएं, जो हमें लाभ देंगे। - तुलसी झा, प्रयाग

- किसी महत्वपूर्ण कार्य के लिए जाते समय थोड़ा सा नमक अपनी बाईं जेब में रखें। यह भाग्य को जगाता है। कहीं से धन लेकर आएं, तो थोड़ा सा नमक उस धन पर छिड़कने से उसकी सकारात्मकता बढ़ जाती है। यह काम आप अपने कार्ड पर भी कर सकते हैं
- अपनी नमकदानी में शुक्रवार को नमक भरना शुभ होता है। थोड़ा सा नमक अपने मुख्य द्वार पर कभी-कभी छिड़कना नकारात्मक ऊर्जा को दूर रखता है।
- यदि बहुत तनाव है या तनाव महसूस कर रहे हैं तो बायें कंधे पर थोड़ा सा नमक छिड़कें।
- किसी नकारात्मक स्थान से आने पर अपने हाथों में नमक लेकर मलकर धोना चाहिए।

### वर्ग पहेली : 8337

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ■ | 2 | ■ | 3 | | 4 | | |
| 5 | | | | ■ | ■ | | ■ | ■ |
| | ■ | | ■ | ■ | 6 | | | 7 |
| | ■ | 8 | | 9 | ■ | | ■ | |
| 10 | | ■ | ■ | | ■ | ■ | 11 | |
| | ■ | 12 | ■ | 13 | | 14 | ■ | |
| 15 | | | | ■ | ■ | | ■ | |
| ■ | ■ | | ■ | ■ | 16 | | | |
| 17 | | | | | ■ | | ■ | |

**बाएं से दाएं**
3. अंत काल; आखिरी वक्त; मृत्यु काल (5)
5. संबद्ध; संबंध रखने वाला (4)
6. अरोचक; एकविध; एक जैसे रस वाले; सदा एक सा रहने वाला (4)
8. धोने वाला; धोबी (3)
10. आब; नीर; पानी; सलिल (2)
11. अड़चन; अवरोध; गतिरोध; प्रतिरोध; रुकावट (2)
13. शपथ; सौगंध (3)
15. जिसमें कला हो; शोभावाली; सुंदरी (4)
16. मध्याह्न काल; दूसरा पहर (4)
17. नाटक लिखने वाला (5)

**ऊपर से नीचे**
1. जिससे संतोष न हो; अप्रसन्न करने वाला (7)
2. कर्तव्य; प्रभुत्व; शक्ति; आधिपत्य; कब्जा; हक (4)
4. एक राय; एक मत; जिनका विचार मिलता हो (4)
7. हल करना; रास्ता निकालना; राह ढूंढना (4,3)
9. टीस; साल; पुराना बैर; अभिलाषा; अरमान (3)
12. जरूरी; जिसकी आवश्यकता हो (4)
14. निर्वाचन पर्ची; मतदान हेतु दिया जाने वाला पत्रक (4)

**हरीश चन्द्र सन्सी, विविधा विधा, दिल्ली**
(उत्तर अगले अंक में)

### वर्ग पहेली : 8336

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 म | न्न | 2 त | ■ | 3 ट | प | 4 क | ना | ■ |
| न | ■ | 5 प | द | क | ■ | ह | ■ | 6 ऊं |
| ख | ■ | ना | ■ | 7 सा | ग | र | त | ट |
| 8 रा | ग | ■ | ■ | ल | ■ | ढा | ■ | के |
| ब | ■ | 9 र | क्त | ■ | 10 धी | ना | ■ | मुं |
| क | ■ | स | ■ | 11 ट | ■ | ■ | 12 त | ह |
| 13 र | मा | ना | य | क | ■ | 14 मा | ■ | में |
| ना | ■ | य | ■ | 15 रा | ह | त | ■ | जी |
| ■ | 16 च | क | रा | ना | ■ | 17 म | छे | रा |

### सुडोकू : 8319

*मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 9 | | | | 3 | | |
| | 4 | 7 | 1 | | | | | |
| | | | | 9 | 3 | | | 5 |
| | 3 | | | | 1 | 5 | | |
| | 9 | | 4 | | 6 | | 1 | |
| | | 4 | 5 | | | | 7 | |
| 9 | | | 7 | 5 | | | | |
| | | | | | 8 | 4 | 3 | |
| | | 8 | | | | 2 | | |

**खेलने का तरीका :** दिमागी खेल और नंबरों की पहेली है यह। ऊपर नौ-नौ खानों के नौ खाने दिए गए हैं। आपको 1 से 9 की संख्याएं इस तरह लिखनी हैं कि खड़ी और पड़ी लाइनों के हरेक खाने में 1 से 9 की सभी संख्याएं आएं। साथ ही 3x3 के हरेक बक्से में भी 1 से 9 तक की संख्याएं हों। पहेली का हल हम कल देंगे।

### सुडोकू : 8318

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 1 | 9 | 5 | 3 | 8 | 6 | 2 | 4 |
| 4 | 3 | 8 | 6 | 7 | 2 | 1 | 9 | 5 |
| 5 | 2 | 6 | 9 | 1 | 4 | 8 | 7 | 3 |
| 8 | 4 | 2 | 1 | 6 | 3 | 9 | 5 | 7 |
| 6 | 9 | 3 | 4 | 5 | 7 | 2 | 1 | 8 |
| 1 | 5 | 7 | 8 | 2 | 9 | 4 | 3 | 6 |
| 9 | 7 | 5 | 2 | 8 | 6 | 3 | 4 | 1 |
| 2 | 6 | 1 | 3 | 4 | 5 | 7 | 8 | 9 |
| 3 | 8 | 4 | 7 | 9 | 1 | 5 | 6 | 2 |